दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज बिहार से प्रकाशित संपूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश में प्रसारित!

Digital Daily News Paper R.N.I. 68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा, गुरुवार 30 जुलाई 2026 ● वर्ष : 04 अंक : 1136



## संक्षिप्त खबरें ।

### राहुल गांधी पर विवादास्पद टिप्पणी को लेकर गरमाई कर्नाटक की सियासत! BJP विधायक के खिलाफ शिकायत दर्ज



**लोक तंत्र किअवाज**

**बेंगलूर।** BJP के उडुपी MLA यशपाल सुवर्णा के विवादास्पद बयान के बाद उनकी मुश्किलें बढ़ती हुई दिख रही हैं। प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष और कर्नाटक विधान परिषद (MLC) के सदस्य, मंजूनाथ भंडारी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ की गई नफरत भरी, अपमानजनक और भड़काऊ टिप्पणी का आरोप लगाया है, कांग्रेस पार्टी ने यशपाल सुवर्णा के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है।

**राहुल गांधी को बीजेपी विधायक ने दी थी धमकी:** दरअसल, नीट परीक्षा लीक मामले पर राहुल गांधी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास के सामने विरोध प्रदर्शन किया था, इसका विरोध करते हुए BJP MLA यशपाल सुवर्णा ने एक कार्यक्रम में कहा था कि राहुल गांधी 24 घंटे नशे के प्रभाव में रहते हैं, उन्हें खुद ही पता होता कि वो क्या कर रहे हैं। जिस तरह से कार्यकर्ताओं ने बाबरी मस्जिद को ध्वस्त कर दिया था उसी तरह घर में घुसकर राहुल गांधी के परिवार के वंश को नष्ट कर देंगे। 1992 में जब हमारे कार्यकर्ताओं की भावनाओं को ठेस पहुंची थी तब हमने अंदर घुसकर बाबरी मस्जिद को ध्वस्त कर दिया था, मैं राहुल गांधी को चेतावनी देते हुए कहा रहा हूं कि हमारे कार्यकर्ता तुम्हारे घर में घुसकर तुम्हारे वंश को ही खत्म कर देंगे: BJP MLA यशपाल सुवर्णा

**कांग्रेस ने की कड़ी कार्रवाई की मांग:** मंजूनाथ भंडारी ने अपनी शिकायत में कहा कि ऐसे बयान बेहद निंदनीय हैं। इस भाषण का वीडियो सबूत भी उपलब्ध है। इसलिए संबंधित जांच एजेंसियों को इस मामले को अत्यंत गंभीरता से लेना चाहिए और कानून के अनुसार उचित कानूनी कार्रवाई शुरू करनी चाहिए।गौरतलब है कि राहुल गांधी ने बीते 21 जुलाई को पीएम आवास के सामने नीट पेपर लीक मामले को लेकर प्रदर्शन किया था। ये प्रदर्शन बिना इजाजत के हो रहा था, इस वजह से पुलिस राहुल गांधी समेत अन्य सांसदों को पकड़कर मौके से ले गई थी और बाद में छोड़ दिया था।

# अमित शाह डरे हुए हैं और अब सदन में आने की हिम्मत नहीं...' राहुल गांधी के इस तीखे हमले से हिला सदन

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** लोकसभा में आज का दिन बेहद हंगामेदार रहा, जहां विपक्ष के नेता (LoP) राहुल गांधी ने एंटी-पेपर लीक बिल और छात्र प्रदर्शन के मुद्दों पर सरकार को आड़े हाथों लिया। राहुल गांधी ने अपने भाषण की शुरुआत "छात्र कौन है" के सवाल के साथ की और कहा कि इस देश के भविष्य ने हमारी सड़कों पर जो कुछ भी किया है, उससे उन्हें तसल्ली हुई है। उनके भाषण की शुरुआत से ही सत्ता पक्ष की तरफ से लगातार टोका-टाकी और जोरदार हंगामा शुरू हो गया था, जिसके चलते सदन का माहौल गरमा गया।

**गृह मंत्री अमित शाह पर गंभीर आरोप, लोकसभा दोपहर 2:30 बजे तक स्थगित :** सदन की कार्यवाही के दौरान उस वक्त भारी भूचाल आ गया जब राहुल गांधी ने दावा किया कि गृह मंत्री अमित शाह ने छात्रों पर पेलेट गन (pellets) चलाने का आदेश दिया था। उन्होंने कहा कि बल प्रयोग की अनुमति केवल देश के गृह मंत्री ही दे सकते हैं।इस गंभीर आरोप के सामने आते ही एनडीए (NDA) के नेताओं ने इसका कड़ा विरोध किया।



### राज्यसभा में भी गूंजा गृह मंत्री की मौजूदगी का मुद्दा

सिर्फ लोकसभा ही नहीं, बल्कि उच्च सदन राज्यसभा में भी जोरदार हंगामा देखने को मिला। बुधवार को राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनटों बाद दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई, क्योंकि विपक्षी सांसदों ने सदन में गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी की जोर-शोर से मांग की। जब दोपहर 12 बजे प्रश्नकाल के लिए राज्यसभा की कार्यवाही शुरू हुई, तो कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने गृह मंत्री के बारे में सवाल उठाते हुए कहा, "गृह मंत्री कहाँ हैं? उन्हें यहाँ बुलाओ।" इसके बाद विपक्ष के अन्य नेताओं ने भी नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि सरकार छात्रों पर कार्रवाई कर रही है। इन तीखे हंगामों के चलते सभापति सी पी राधाकृष्णन ने सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी थी।

इसके बाद हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही को दोपहर 2:30 बजे तक के लिए स्थगित करना पड़ा। राहुल गांधी ने सदन में अमित शाह की गैरमौजूदगी पर सवाल उठाते हुए यहां तक कह दिया कि "अमित शाह डरे हुए हैं" और वे सदन में आने की हिम्मत तक नहीं जुटा पाए। इसके अलावा उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि देश की हर भारतीय यूनिवर्सिटी में आरएसएस (RSS) का कोई न कोई वीसी (VC) बैठा हुआ है।

**बेवकूफ' और 'अंधभक्त' वाले बयान पर मचा भयंकर घमासान:** लोकसभा में उस समय एक नाटकीय मोड़ आया जब राहुल गांधी द्वारा एक स्टूडेंट के हवाले से दिए गए बयान पर सत्ता पक्ष ने कड़ा एराज जताया। LoP एक 18 साल के स्टूडेंट के साथ हुई अपनी बातचीत को याद कर रहे थे, जिसने लोगों को 'स्टूडेंट्स, इडियट्स और अंधभक्त' जैसी कैटेगरी में बांटा था। राहुल गांधी ने सदन में समझाया कि स्टूडेंट वो होता है जिसका दिमाग खुला होता है और जो यह जानता है कि दुनिया लगातार बदल रही है।

लेकिन जैसे ही उन्होंने 'बेवकूफ' और 'अंधभक्त' शब्दों का इस्तेमाल किया, एनडीए के सांसदों ने इसे 'असंसदीय' बताते हुए भारी हंगामा शुरू कर दिया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भी राहुल गांधी के भाषण पर आपत्ति जताई। हंगामे से नाराज होकर राहुल गांधी ने एक पल के लिए भाषण देने से मना कर दिया था। हालांकि, बाद में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के दखल देने और एनडीए के नेताओं से उनके भाषण में रुकावट न डालने की अपील करने के बाद राहुल गांधी ने एक बार फिर अपना भाषण शुरू किया।

# जंतर-मंतर हिंसा पर दर्ज हुए 20 FIR, कैसे खारिज होगा केस, समझिए पूरा प्रोसेस

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** जंतर-मंतर विरोध प्रदर्शन और हिंसा से जुड़े मुकदमों को वापस लेने की सुगबुगाहट तेज हो गई है, लेकिन दिल्ली पुलिस को अभी तक सरकार की तरफ से कोई आधिकारिक लिखित आदेश नहीं मिला है. केंद्रीय गृह मंत्रालय से हरी झंडी मिलते ही पुलिस इस पर कानूनी कदम उठाएगी. फिलहाल, इस पूरे घटनाक्रम को लेकर दिल्ली पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है।

**टोटल कितने केस दर्ज हुए हैं ?:** दिल्ली पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, जंतर-मंतर बवाल और उससे जुड़े अलग-अलग घटनाक्रमों में कुल 20 मुकदमे दर्ज किए गए थे. इनमें से 14 केस सीधे तौर पर अवैध प्रदर्शन, उपद्रव और हिंसा फैलाने की धाराओं में दर्ज हैं. इसके अलावा, सुरक्षा घेरे को तोड़कर बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाने का 1 मामला दर्ज है, जबकि बाकी बचे मुकदमे ग्राउंड पर रिपोर्टिंग कर रहे पत्रकारों के साथ हुई मारपीट और अभद्रता से जुड़े हैं।

**केस खारिज होने का पूरा प्रोसेस समझें :** कानूनी प्रक्रिया के जानकारों के मुताबिक, सरकार का लिखित आदेश मिलते ही अभियोजन पक्ष (दिल्ली पुलिस) की तरफ से उपराज्यपाल (LG) को एक विस्तृत



पत्र भेजा जाएगा. इस पत्र में पुलिस साफ करेगी कि कानून-व्यवस्था और जनहित को देखते हुए वे इन मामलों में आगे की तफ्तीश या कानूनी कार्रवाई नहीं करना चाहते हैं. एलजी कार्यालय से इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलते ही, दिल्ली पुलिस संबंधित अदालतों में केस बंद करने की अर्जी दाखिल करेगी. इसके बाद यह पूरी तरह कोर्ट के विवेक पर निर्भर करेगा कि वह इन मुकदमों को खारिज करती है या नहीं।

**पत्रकारों पर हमले के केस चलते रहेंगे:** हालांकि, इस पूरे मामले में एक बड़ा कानूनी पेंच भी है. सरकार सिर्फ प्रदर्शनकारियों पर दर्ज राजनीतिक या आंदोलनात्मक मुकदमे ही वापस ले सकती है. जिन मामलों में मीडियाकर्मियों ने खुद पर हुए हमलों, चोट और मारपीट को लेकर व्यक्तिगत तौर पर एफआईआर दर्ज कराई हैं, उन्हें वापस नहीं लिया जाएगा. पत्रकारों से जुड़े वो तमाम केस अदालतों में अपनी तय कानूनी प्रक्रिया के तहत चलते रहेंगे।

# रूस में सिलाई का काम कर रहा था शख्स, बिहार पुलिस ने NEET प्रदर्शन के आरोप में दर्ज की FIR, कोनन राही कौन?

**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** नीट पेपर लीक के विरोध में बिहार के किशनगंज जिले के बहादुरगंज में 25 जुलाई को हुए प्रदर्शन के बाद दर्ज FIR अब सवालों के घेरे में आ गई है। नामजद आरोपितों में शामिल कोनन राही (सदाकत कौनैन) ने रूस से एक वीडियो जारी कर दावा किया है कि वह प्रदर्शन के दिन भारत में था ही नहीं।

उसका कहना है कि वह मार्च 2026 से रूस में सिलाई का काम कर रहा है और बहादुरगंज में हुई घटना से उसका कोई संबंध नहीं है। इसी तरह एक अन्य छात्र अदनान अमीनी ने भी परीक्षा में शामिल होने के दस्तावेज दिखाकर खुद को बेगुनाह बताया है।

**रूस से वीडियो जारी कर कोनन राही ने उठाए सवाल**



### मार्च से रूस में रहकर कर रहा है काम

कोनन राही का दावा है कि वह मार्च 2026 में रोजगार के लिए रूस गया था और तब से वहीं सिलाई का काम कर रहा है। उसके अनुसार प्रदर्शन वाले दिन वह भारत में नहीं बल्कि रूस के शख्ती शहर में मौजूद था। इसके बावजूद उसे FIR में नामजद कर दिया गया। उसका कहना है कि यदि यात्रा और पासपोर्ट रिकॉर्ड की जांच की जाए तो सच्चाई सामने आ जाएगी।

किशनगंज जिले की सतमेरी कुलभिटा पंचायत के रहने वाले कोनन राही उर्फ सदाकत कौनैन ने रूस से वीडियो जारी कर अपने खिलाफ दर्ज FIR पर सवाल उठाए हैं। वीडियो में उसने कहा कि NEET पेपर लीक के विरोध में बहादुरगंज में हुए प्रदर्शन के दौरान वह मौके पर मौजूद नहीं था। उसने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और FIR की समीक्षा करने की मांग की है। फिलहाल प्रशासन की ओर से इस दावे पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

**अदनान अमीनी ने भी पेश किए सबूत:** वहीं स्थानीय mainmedia.in के मुताबिक FIR में नामजद लौचा पंचायत के अदनान अमीनी ने भी खुद को निर्दोष बताया है। उनका कहना है कि 25 जुलाई को वह बहादुरगंज में नहीं बल्कि किशनगंज शहर के गर्ल्स हाई स्कूल में डीएलएड परीक्षा दे रहे थे। उन्होंने अपना एडमिट कार्ड दिखाते हुए दावा किया कि पिछले कई महीनों से वह परीक्षा की तैयारी के लिए शहर में रह रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें भी आरोपित बना दिया गया। 25 जुलाई को एलआरपी चौक पर हुए प्रदर्शन के हिंसक होने के बाद बहादुरगंज पुलिस ने 22 लोगों को गिरफ्तार किया।

# जंतर-मंतर के बाद CJP का नया सियासी दांव! राकेश टिकैत संग हुई बड़ी बैठक, चौतरफा घिरेगी सरकार?

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए बड़े प्रदर्शनों के बाद कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) अब एक नई रणनीति पर काम करती दिखाई दे रही है। खबर है कि सीजेपी के प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय किसान यूनियन (BKU) के शीर्ष नेता राकेश टिकैत से एक महत्वपूर्ण मुलाकात की है। हालांकि इस वार्ता को लेकर कोई औपचारिक गठबंधन का ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन दोनों पक्षों के बीच एकजुट होकर साझा मंच तैयार करने पर गंभीर विमर्श हुआ है। यह हलचल ऐसे नाजुक मोड़ पर हो रही है, जब किसान समूह भारत और अमेरिका के बीच संभावित व्यापार समझौते (ट्रेड डील) के खिलाफ बड़े विरोध प्रदर्शन की रूपरेखा बना रहे हैं।



**राकेश टिकैत संग CJP नेताओं की अहम बैठक:** सामने आई जानकारियों के अनुसार, इस विशेष संवाद में सीजेपी प्रवक्ता आशुतोष रांका सहित दल के अन्य प्रतिनिधि और भारतीय किसान यूनियन की ओर से राकेश टिकैत शामिल रहे। बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु आने वाले दिनों की रणनीति तैयार करना था, ताकि देश के अन्नदाताओं, परीक्षार्थियों और नौजवानों की समस्याओं को एक साझे मंच से उठाया जा सके। चर्चा के बाद रांका ने उम्मीद जताई कि देश का युवा वर्ग और किसान समुदाय एक साथ आकर केंद्र सरकार को चारों तरफ से घेरने में सक्षम होंगे।

**राजस्थान के सरिस्का में 30 जुलाई को महापंचायत:** दूसरी तरफ, भारतीय किसान यूनियन टिकैत (अराजनीतिक) ने अपने आगामी कार्यक्रमों की घोषणा कर दी है।संगठन की ओर से राजस्थान राज्य के अंतर्गत आने वाले अलवर जिले के सरिस्का इलाके में 30 जुलाई को एक विशाल महापंचायत बुलाई गई है।इस कार्यक्रम में आसपास के 186 गांवों के ग्रामीणों और किसानों का विशाल जमावड़ा होने की उम्मीद जताई जा रही है।


**शंभू बॉर्डर पर रुकी थी किसान महापंचायत की राह:** इससे पहले प्रस्तावित भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में आयोजित दिल्ली किसान महापंचायत में भाग लेने के लिए विभिन्न इलाकों से भारी संख्या में किसान आगे बढ़ रहे थे। हालांकि, हरियाणा पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक दिया था।

# जापान में 7.1 तीव्रता के भयानक भूकंप से तबाही! 13 लोगों की दर्दनाक मौत

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** जापान के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से में आए एक बेहद शक्तिशाली और भयानक भूकंप ने भारी तबाही मचा दी है। देश की प्रधानमंत्री सनाए तकाइची ने आधिकारिक जानकारी देते हुए बताया है कि इस प्राकृतिक आपदा के कारण अब तक 13 बेकसूर लोगों की जान जा चुकी है, जबकि कई अन्य लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। बुधवार की सुबह भी प्रभावित इलाकों में युद्ध स्तर पर बचाव अभियान लगातार जारी है।

प्रधानमंत्री तकाइची ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि इस समय राहत और बचाव कार्य बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में चलाए जा रहे हैं।उन्होंने साफ किया कि कई लोग अब भी मलबे



के नीचे फंसे हैं और मदद का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जिसके लिए बचाव दल अपनी जान पर खेलकर हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने इस पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन को 'समय के खिलाफ दौड़' करार देते हुए कहा कि सरकार की इस वक्त सबसे पहली और बड़ी प्राथमिकता ज्यादा से ज्यादा जिंदगियों को सुरक्षित बाहर निकालना है।

**क्यूशू इलाके में महसूस किए गए धरती हिला देने वाले झटके:** मंगलवार की देर दोपहर को जापान के दक्षिणी मुख्य द्वीप क्यूशू के कुमामोटो इलाके में रिक्टर स्केल पर 7.1 तीव्रता का एक शक्तिशाली भूकंप दर्ज किया गया। इन तेज और डरावने झटकों के कारण कई क्षेत्रों में बड़ी-बड़ी इमारतों को भारी नुकसान पहुंचा है, सड़कें उखड़ गई हैं और आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होने के साथ ही लोगों में भयंकर डर का माहौल फैल गया है।

भूकंप के तुरंत बाद कई स्थानों पर भारी मलबा गिरने और संरचनाओं के बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने की दिल दहला देने वाली खबरें सामने आईं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने तुरंत राहत और बचाव टीमों को मैदान में उतार दिया। स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ आपदा प्रबंधन से जुड़ी विशेष टीमें भी तुरंत मौके पर पहुंच गईं।

**मलबे में फंसे लोगों की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी:** इस आपदा के बाद इस समय सबसे बड़ी और गंभीर चुनौती मलबे में दबे और फंसे हुए लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने की है।राहत और बचाव दल बुधवार की सुबह तक लगातार बिना रुके इस अभियान में जुटे हुए हैं। प्रभावित इलाकों में बड़े पैमाने पर खोजी अभियान चलाया जा रहा है और खासतौर पर उन स्थानों पर पूरा फोकस किया जा रहा है, जहां लोगों के फंसे होने की सबसे ज्यादा आशंका जताई जा रही है।

प्रधानमंत्री सनाए तकाइची ने यह भरोसा दिलाया है कि देश की सरकार और तमाम बचाव एजेंसियां अपनी पूरी क्षमता और ताकत के साथ काम कर रही हैं।उन्होंने जोर देकर कहा कि देश में हर एक नागरिक की जान की कीमत सबसे बढ़कर है और बचाव दल हर एक पीड़ित तक पहुंचने के लिए दिन-रात एक कर रहे हैं। प्रधानमंत्री तकाइची ने इस भीषण भूकंप में अपनी जान गंवाने वाले लोगों के शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

# अमेरिका-ईरान तनाव: खत्म हुआ ऑपरेशन एपिक फ्यूरी? बलिदानियों के आंकड़े पर उठे सवाल

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच दोबारा भड़की जंग में एक नया प्रशासनिक मोड़ आ गया है। अमेरिका के रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) ने आधिकारिक कैजुअल्टी सिस्टम में मौतों का हिसाब रखने का तरीका बदल दिया है।पेंटागन का कहना है कि ईरान के खिलाफ 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' अब आधिकारिक रूप से समाप्त हो चुका है। इसीलिए नए हताहतों को पुराने युद्ध के आंकड़े से अलग रखा जा रहा है।

**क्या आंकड़े छिपाने की कोशिश है यह ?:** डिफेंस कैजुअल्टी एनालिसिस सिस्टम (डीसीएएस) ने हालिया हमले में मारे गए चार सैनिकों और दर्जनों घायलों के नाम ईरान युद्ध की पुरानी लिस्ट से हटा दिए हैं। अब इन्हें 'ओवरसीज ऑपरेशंस' नाम की नई कैटेगरी में डाला गया है।इस कदम से अब अमेरिकी सेना पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आलोचकों का मानना है कि अमेरिका युद्ध में अपने सैनिकों के नुकसान को कम करके दिखाने की कोशिश कर रहा है।

### इस बड़े फैसले से जुड़ी पांच मुख्य बातें


1.चार जवान हटाए गए : जुलाई में मारे गए चार अमरीकी जवानों को ईरान युद्ध की मुख्य लिस्ट से हटाकर 'ओवरसीज ऑपरेशंस' में डाला गया।
2.तनाव में अचानक बढ़ोतरी : जॉर्डन में 17 जुलाई को ईरानी मिसाइल और ड्रोन हमले में तीन जवान मारे गए, जबकि 18 जुलाई को इराक में एक जवान की मौत हुई।
3.होर्मुज जलडमरूमध्य पर जंग : यह पूरी हिंसा अमेरिका की ओर से होर्मुज जलडमरूमध्य पर कब्जा बनाए रखने के लिए की गई दो सप्ताह की एयरस्ट्राइक के बाद भड़की।
4.अधिकारियों के अलग-अलग दावे : देश मंत्री मार्को रूबियो ने मई में ही कहा था कि यह ऑपरेशन पूरा हो चुका है। वहीं रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने खर्च का अनुमान पेश किया था।
5.तकनीकी खराबी का बहाना :पेंटागन ने पहले लिस्ट से नाम हटने को 'डाटा खराबी' बताया था, लेकिन अब उन्हें नई कैटेगरी में आधिकारिक रूप से दर्ज कर दिया गया है।

# जाली कागजों से मंदिर की 100 करोड़ की जमीन 2 करोड़ में हड़पने के मामले में एक्शन, 3 गिरफ्तार

**लोक तंत्र की आवाज़**

**मदुरै।** तमिलनाडु के दिंडीगुल जिले के प्रसिद्ध पलनी मुरुगन मंदिर की जमीन को हड़पने की कोशिश के मामले की जांच कर रही CB-CID ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तीनों लोगों पर आरोप है कि तीनों ने मिलकर फर्जी पेपर्स की मदद से मंदिर की पार्किंग वाली जमीन, जिसकी आज की मार्केट वैल्यू लगभग 100 करोड़ है उसे महज 2 करोड़ में अपने नाम रजिस्टर करवा लिया था।

**100 करोड़ जमीन घोटाले में एक्शन तेज:** अरेस्ट किए गए लोगों की पहचान 60 साल के वेल्लईथुरई



जो तिरुपुर जिले के मडाथुकुलम तालुक के पप्पनकुलम से हैं; 65 साल के अनवरदीन जो दिंडीगुल जिले के पलनी तालुक के गौंडनकुलम, ACC रोड से हैं और 56 साल के मुरुगदास, जो विल्लुपुरम जिले के सलामेडु, कामराजर नगर 2nd क्रॉस स्ट्रीट से हैं, के रूप में हुई है। CB-CID ने तीनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 318(4), 336(3), 340(2), 49 और 61(2) के तहत मामला दर्ज किया है।

**जमीन की रजिस्ट्री को किया गया रद्द:** गौरतलब है कि घोटाला सामने आने के बाद तमिलनाडु सरकार ने इस रजिस्ट्री को रद्द करते हुए उस समय ड्यूटी पर तैनात सब रजिस्ट्रार जस्टिन मणिकंडन को सस्पेंड कर दिया था। बीते मंगलवार को CB-CID की टीम ने जस्टिन से भी कई घंटे तक पूछताछ की। 100 करोड़ के इस कथित जमीन घोटाले की आगे की जांच अभी चल रही है। इसके अलावा, मदुरै की सेंट्रल क्राइम ब्रांच ने अरुलमिगु मीनाक्षी सुंदरेश्वर मंदिर के जॉइंट कमिश्नर की शिकायत पर 19 लोगों के विरुद्ध FIR दर्ज की है।

# निशिकांत दुबे नहीं, बल्कि 'नीचकांत' दुबे हैं', नेहरू के खिलाफ टिप्पणी पर RJD सांसद ने किया पलटवार

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के सांसद सुधाकर सिंह ने जवाहरलाल नेहरू के खिलाफ बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे की टिप्पणी पर ऐतराज जताया है। उन्होंने कहा कि निशिकांत दुबे का एकमात्र काम भारतीय लोकतंत्र को कमजोर करना है। साथ ही, सुधाकर सिंह ने आरोप लगाए कि निशिकांत दुबे भ्रष्टाचार व्यक्ति हैं और अपराधियों से मिले हुए हैं।

**सुधाकर सिंह का निशिकांत दुबे पर हमला :** आरजेडी सांसद सुधाकर सिंह ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा, "वे निशिकांत



दुबे नहीं, बल्कि 'नीचकांत' दुबे हैं। उनका एकमात्र काम भारतीय लोकतंत्र को कमजोर करना है। वे संसद में किसी भी गंभीर मुद्दे पर बात नहीं करते। इसके बजाय वे भारत की आजादी के लिए लड़ने वाले महान नेताओं को अपशब्द कहते हैं और उनकी छवि खराब करते हैं। वे इसके अलावा कुछ नहीं करते। सुधाकर सिंह ने कहा कि निशिकांत दुबे आकंठ भ्रष्टाचार में डुबे हुए व्यक्ति हैं। उनके खिलाफ दर्जनों सबूत हैं। वे अपराधियों से मिले हुए हैं। आने वाले दिनों में आप देखेंगे कि हम उनके खिलाफ कई तथ्य और सबूत पेश करेंगे।

**भारतीय जनता पार्टी की हालत खराब:** पेपर लीक मामले पर सांसद सुधाकर सिंह का कहना है, "भारतीय जनता पार्टी की हालत खराब हो गई है। बिहार में छात्र आंदोलन और छात्रों पर पुलिस की फायरिंग, साथ ही भरत तिवारी के एनकाउंटर की वजह से सरकार की छवि को बहुत नुकसान पहुंचा है। दूसरी ओर, आप देखेंगे कि बांकीपुर चुनाव में बीजेपी पिछड़ जाएगी। राष्ट्रीय जनता दल हमेशा से सबसे मजबूत विपक्षी पार्टी रही है। हमारा सपोर्ट बेस और मजबूत हुआ है। वहां रेखा गुप्ता चुनाव जीतेंगी।

**आरजेडी सांसद का सरकार से सवाल:** एंटी पेपर लीक विधेयक पर आरजेडी सांसद ने कहा, "पेपर लीक के खिलाफ पहले से ही कानून था। इसमें संशोधन की मांग किसने की? क्या छात्रों ने कहा था कि कानून में संशोधन कीजिए?" उन्होंने आरोप लगाया कि असल में सरकार कोई कार्रवाई नहीं करना चाहती है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### 50 लाख के सीसीटीवी बेअसर, हर बड़ी वारदात में बंद मिल रहे कैमरे

**परवलपुर।** नगर पंचायत क्षेत्र में करीब 50 लाख रुपये की लागत से लगाए गए सीसीटीवी कैमरे अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से स्थापित किए गए थे, लेकिन बड़ी आपराधिक घटनाओं के समय इनके बंद मिलने से पूरी व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। शनिवार की रात परवलपुर बाजार में हुई फायरिंग की घटना के दौरान घटनास्थल के पास लगा सीसीटीवी कैमरा बंद था, जिससे पुलिस को जांच और अपराधियों की पहचान में परेशानी हो रही है। इससे पहले करीब एक वर्ष पूर्व हुई छिनतई की घटना के समय भी इसी क्षेत्र का कैमरा खराब पाया गया था।थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने पुष्टि की कि फायरिंग स्थल के आसपास लगा कैमरा कार्यरत नहीं था। वहीं नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी अश्वनी कुमार से इस संबंध में संपर्क करने का प्रयास किया गया। उन्होंने पहले जानकारी लेकर बताने की बात कही, लेकिन बाद में फोन रिसीव नहीं किया।लगातार दो बड़ी घटनाओं में कैमरों के बंद मिलने से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। लोगों ने जिला प्रशासन से सभी सीसीटीवी कैमरों की तत्काल तकनीकी जांच कराने, खराब कैमरों को शीघ्र चालू कराने तथा रखरखाव में लापरवाही बरतने वाली एजेंसी और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है, ताकि सुरक्षा व्यवस्था प्रभावी और भरोसेमंद बन सके।

### जीवन ज्योति स्कूल के छात्र सफल चिकित्सक बन करेंगे गरीबों की सेवा -आर पी साहू



**नवादा।** जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल नवीन नगर नवादा के प्रांगण में नीट में बुधवार को सफल छात्रों छात्राओं को सम्मानित किया गया ।सफल छात्र पीयूष गुप्ता ,सुमित सौरभ ,प्रशांत राज एवं सर्वेश कुमार तथा छात्रा कुलसुम परवीन का सम्मान बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया ।इस अवसर पर छात्र एवं छात्राओं के माता पिता भी शामिल हुए। छात्रों ने गर्व के साथ कहा कि जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल में जो मार्गदर्शन मिला ।उसी का परिणाम है कि हम सफ़ल हुए हमारे। शिक्षक ने हमे हमेशा प्ररित किया कुलसुम परवीन पीयूष गुप्ता सर्वेश कुमार हिसुआ शाखा से दसवीं की पढ़ाई की थी। ।इस अवसर पर निर्देशक रश्मि गुप्ता ने मिठाई खिलाकर बच्चों का मनोबल बढ़ाया एवं मैनेजिंग डायरेक्टर आर पी साहू ने अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया ।बच्चों के माता-पिता भी खासी उत्साहित थे ।उन्होंने भी स्कूल की पढ़ाई से संतुष्ट होकर बधाई दी ।कहा स्कूल ने जो मार्गदर्शन दिया उसके कारण ही बच्चे ने सफलता हासिल किया ।बच्चों को स्कूल के प्राचार्य सर्वदानंद सिंह प्रसाद, शैलेंद्र कुमार सिंह प्राचार्य अनुराधा विश्वकर्मा के साथ-साथ शिक्षक संजय कुमार रविंद्र शर्मा अमरनाथ विश्वकर्मा संजय मिश्रा धीरज कुमार गुप्ता रंजीत कुमार अमित मिश्रा आर्यन पांडे ने बधाई दी।

### हबीबा को दिया गया बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द मंथ का अवार्ड



**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावा।** पकरीबरावां प्रखण्ड की उत्तरी ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय सुदनपुर उर्दू में एक समारोह आयोजित कर द बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द मंथ का अवार्ड दिया गया। पंचम वर्ग की छात्रा हबीबा खातून को जुलाई माह के लिए बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द मंथ का अवार्ड दिया गया। विद्यालय के प्रधान शिक्षक डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा ने उसे पुरस्कृत किया। गौरतलब है कि प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी राहुल रंजन ने विद्यालयों के प्रधान को प्रतिमाह बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द मंथ एवं बेस्ट टीचर ऑफ द मंथ का आयोजन करने का निर्देश दिया है। प्रत्येक माह इससे सम्मानित होने वाले विद्यार्थी एवं शिक्षक का नाम डिस्पले करने को कहा गया है। पुरस्कार पाने के बाद हबीबा ने प्रधान शिक्षक और शिक्षकों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि विद्यालय में एक बेहतर शैक्षणिक माहौल बना है। बच्चे पूरे उत्साह के साथ सीखते हैं। कहा कि विद्यालय में प्रतिदिन गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर वरीय शिक्षक मो. अख्तर, शिक्षक मो. सोहराब कुरैशी, फरहत जहां, अजय कुमार विश्वकर्मा, अभिजीत कुमार, तालीमी मरकज की शिक्षा सेविका नुरैसा खातून सहित अन्य उपस्थित थे।

# गुरुपूर्णिमा पर महर्षी मेंहीं आश्रम में सन्तमत सत्संग, मंदिरों में जुटी भीड़

लोक तंत्र की आवाज

## सद्गुरु सर्वेश्वर के साक्षात् स्वरुप होते हैं : स्वामी शांतानंद



**नवादा।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को मंदिरों में भीड़ जुटी रही वहीं नवादा थानवा संतमत आश्रम में सत्संग का आयोजन कर गुरु की महिमा का बखान किया गया। नवादा आश्रम में कृष्ण कुमार वर्मा ,नवल कुमार, डॉ साकेत बिहारी चंद्रभूषण सिंह कुलदीप पंडित आदि ने सत्संग समारोह का आयोजन किया। प्रकृति की गोद में अवस्थित पूज्यपाद स्वामी नित्यानंद जी महाराज की साधना स्थली महर्षि संतसेवी ध्यानयोग आश्रम धनावां में स्वामी शांतानंद जी महाराज के सानिध्य में जगद्गुरु महर्षि वेदव्यास जयंती गुरु पूर्णिमा महोत्सव के रूप में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत ब्रह्ममूहूर्त 3 बजे से सामुहिक ध्यानाभ्यास से हुई। प्रातः कालीन सत्संग 6 बजे से ईश्वर स्तुति, गुरु विनती, वेदमन्त्र पाठ, उपनिषद सद्ग्रंथ के साथ गुरु वाणी महर्षि मेंहीं पदावली का पाठ गणेश बाबा ने किया। 9.30बजे सर्व प्रथम स्वामी शांतानंद जी महाराज ने सद्गुरु महर्षि मेंहीं परमहंस जी महाराज तथा जगद्गुरु महर्षि वेदव्यास जी महाराज की तेलीय चित्र पर पुष्पांजलि व माल्यार्पण किया। अपराह्न कालीन सत्संग 2बजे से प्रारंभ सोनू बाबा ने किया। महर्षि वेदव्यास जी महाराज के व्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए स्वामी शांतानंद जी महाराज ने कहा कि महर्षि वेदव्यास जी महाराज विश्व ज्ञान के महाभंडार एवं वेद पुरोधा थे। उनका अवतरण आषाढ़ पूर्णिमा के दिन महर्षि पराशर तथा माता सत्यवती के ज्ञान पुत्र के रूप में यमुना के एक द्वीप में हुआ था,उनके शरीर का वर्ण कृष्ण अर्थात श्याम था, इसलिए उनका मूल नाम कृष्ण द्वैपायन था, उन्होंने वेद का चार भागों ऋग्वेद,यजुर्वेद, सामवेद,अथर्ववेद में विभाजन व्यास शैली में किया,इसलिए वे महर्षि वेदव्यास जी महाराज के नाम से विख्यात हुए। उन्होंने 18 महापुराणों के साथ ब्रह्मसूत्र, उपनिषद, छः शास्त्रों के अलावा विश्व का सबसे विशालकाय ग्रंथ महाभारत की रचना कर जगद्गुरु कहलाते हैं।सभी गुरु भक्त उनकी जयंती को गुरु पूर्णिमा महोत्सव के रूप में मनाया करते हैं । स्वामी शांतानंद जी महाराज ने गुरु की महिमा बताते हुए कहा कि सद्गुरु सर्वेश्वर के साक्षात् स्वरुप होते हैं, गुरु देव ही ब्रह्मा, विष्णु और सदाशिव हैं, तीनों लोकों में गुरु से बढ़कर कोई नहीं है, दिव्य ज्ञान के उपदेश देनेवाले उपस्थित प्रत्यक्ष परमेश्वर की भक्ति के साथ उपासना करे तब वह शिष्य ज्ञान का फल प्राप्त कर सकते हैं, जैसे गुरु हैं, वैसे ही ईश हैं।जैसे ईश हैं, वैसे ही गुरु हैं,इन दिनों में भेद नहीं है इस भावना से पूजा करे। गुरु कृपा के समुद्र, मनुष्य के रूप में ईश्वर है जिनका उपदेश महामोह रुप अंधकार राशि को नाश करने के लिए सूर्य की किरणों का समूह है। इस मौके पर संजय कुमार यादव, अनिल यादव, सिपाही बाबा, गणेश बाबा,सुनिल कुमार शर्मा, बाबूलाल बाबा, अवतार कुमार, रामचन्द्र मांझी,तनिक यादव,सोखी बाबा,मणि पासवान,सुमन पंडित,अभय बाबा, अरविंद शर्मा,आनंदी वर्मा, रौशन, आशीष, विवेकानंद, विश्वजीत, आदि मौजूद थे इस मौके पर विशाल भंडार का आयोजन भी किया गया।

## रोटरी क्लब ऑफ गया सिटी ने कराया यात्री शेड का नवीनीकरण एवं लोकार्पण



लोकतंत्र की आवाज

**गया।** रोटरी क्लब ऑफ गया सिटी द्वारा जनसेवा के उद्देश्य से नवीनीकृत यात्री शेड का लोकार्पण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं परियोजना के प्रायोजक पीपी आरटीएन डा. अभय नारायण ने विधिवत फीता काटकर यात्री शेड का लोकार्पण किया है।अपने संबोधन में डॉ. अभय नारायण राय ने कहा कि समाज के लिए स्थायी एवं जनोपयोगी कार्य ही रोटरी की वास्तविक पहचान हैं। उन्होंने रोटरी क्लब ऑफ गया सिटी द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। क्लब के अध्यक्ष एम एन अंजुम ने कहा कि यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं आरामदायक विश्राम स्थल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस यात्री शेड का नवीनीकरण कराया गया है। उन्होंने कहा कि क्लब भविष्य में भी समाजहित एवं जनकल्याण के ऐसे कार्य निरंतर करता रहेगा। सचिव अभिशेक अगरवाल ने क्लब की गतिविधियों की जानकारी देते हुए सभी अतिथियों, सदस्यों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी रोटेरियन्स के सामूहिक सहयोग एवं सेवा भावना से ही इस प्रकार की परियोजनाएँ सफल हो पाती हैं। इस कार्यक्रम में आरटीएन प्रेम प्रति चक्कियार, आरटीन डा रतन कुमार आरटीएन कंटेश सिन्हा, आरटीएन अमरेश कुमार सिन्हा, आरटीएन अरविंद कुमार सिन्हा, आरटीएन प्रमोद अग्रवाल एवं आरटीएन. आशीश जेन सहित क्लब के अनेक रोटेरियन्स एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे हैं। सभी ने इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए रोटरी क्लब ऑफ गया सिटी के सेवा कार्यों की प्रशंसा की है। इस समारोह के अंत में क्लब की ओर से मुख्य अतिथि एवं परियोजना के प्रायोजक पीपी आरटीएन डा अभय नारायण राय के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया गया, जिनके सहयोग से यह जनोपयोगी परियोजना साकार हो सकी। साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी रोटेरियन्स, सहयोगियों एवं उपस्थित अतिथियों का भी धन्यवाद ज्ञापित किया गया। रोटरी क्लब ऑफ गया सिटी ने सेवा, सद्भाव एवं मानवता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग के लिए भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्य निरंतर करते रहने का संकल्प व्यक्त किया।

## नूरसराय लूटकांड का खुलासा, पांच आरोपी गिरफ्तार, लूटी गई अपाची बाइक बरामद

लोक तंत्र की आवाज

**बिहारशरीफ।** नूरसराय थाना क्षेत्र के ननौरा स्थित बजरंगवली मंदिर के समीप हुई बाइक लूट की घटना का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एक विधि-विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर लूटी गई अपाची मोटरसाइकिल एवं अन्य सामान भी बरामद कर लिया है।पुलिस के अनुसार 27 जुलाई की रात करीब 10:30 बजे चार अज्ञात अपराधियों ने ननौरा बजरंगवली मंदिर के पास एक व्यक्ति से अपाची मोटरसाइकिल एवं अन्य सामान लूट लिया था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर-2) के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया।इस संबंध में नूरसराय थाना में कांड संख्या 419/26 दर्ज किया गया। तकनीकी, वैज्ञानिक एवं मानवीय साक्ष्यों के आधार पर की गई जांच और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने घटना में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर लूटी गई अपाची मोटरसाइकिल तथा अन्य सामान भी बरामद कर लिए गए।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में विकास कुमार पिता शिवकुमार यादव, निवासी अतवलचक, थाना थरथरी, रोहित कुमार पिता सुभाष यादव, बड़ी देवी स्थान, थाना नूरसराय,साहिल कुमार पिता हरेंद्र पासवान, नूरसराय एवम रविश कुमार उर्फ भेटारी पिता श्याम किशोर यादव, अतवलचक, थाना थरथरी एवम नीरज कुमार पिता अलिन्द्र रविदास बड़ी देवी स्थान, थाना नूरसराय शामिल है।इसके अलावा एक विधि-विरुद्ध बालक को भी निरुद्ध किया गया है।

## पत्नी को कॉलेज छोड़ लौट रहे युवक की डंपर की टक्कर से मौत

लोकतंत्र की आवाज





**अभिमन्यु कुमार प्रखंड संवाददाता**
**दाऊदनगर**

**दाऊदनगर (औरंगाबाद)।** एनएच-139 पर कुर्बान बिगहा (तरारी) के समीप बुधवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दाऊदनगर नगर परिषद क्षेत्र के रमनगर वार्ड-16 निवासी विजय सिंह की मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया, जिससे करीब साढ़े तीन घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। बाद में प्रशासन के समझाने-बुझाने और उचित कार्रवाई के आश्वासन पर जाम समाप्त कराया गया। जानकारी के अनुसार विजय सिंह अपनी पत्नी को एक टीचर ट्रेनिंग कॉलेज छोड़कर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान कुर्बान बिगहा के पास तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि विजय सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया तथा दुर्घटना की जांच शुरू कर दी। हादसे के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया। पत्नी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

दुर्घटना से आक्रोशित ग्रामीणों और स्थानीय लोगों ने एनएच-139 को जाम कर दिया। सड़क जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। करीब तीन घंटे तीस मिनट तक यातायात प्रभावित रहा। मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों ने लोगों को समझाया तथा सरकारी प्रावधानों के तहत सहायता उपलब्ध कराने और मामले में आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद लोगों ने जाम हटाया और यातायात सामान्य हो सका। स्थानीय लोगों ने बताया कि एनएच-139 पर लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने तेज रफ्तार वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण, नियमित जांच अभियान और सड़क सुरक्षा के ठोस इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

## भारतीय संस्कृति में गुरु के महत्व को स्मरण करते हुए गुरु-शिष्य परंपरा को समाज की अमूल्य धरोहर बताय: डा मनीष पंकज मिश्रा

लोक तंत्र की आवाज



**गया जी।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा राजेन्द्र प्रसाद अधिवक्ता संतोष ठाकुर ने स्थानीय श्री रामानुज मठ में पहुंचकर पूज्य स्वामी जी वेंकटेश प्रर स्वामी जी को अंगवस्त्र, भगवान बुद्ध का स्मृति चिन्ह एबं बैग कलम डायरी देकर सम्मान किया तथा चरण स्पर्शकरआशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उपस्थितसभीकार्यकर्ताओं ने भारतीय संस्कृति में गुरु के महत्व को स्मरण करते हुए गुरु-शिष्य परंपरा को समाज की अमूल्य धरोहर बताया।इस अवसर पर भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च माना गया है। गुरु ही वह दिव्य शक्ति हैं, जो अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। उन्होंने कहा कि संसार में गुरु से बढ़कर कोई श्रेष्ठ नहीं है, क्योंकि गुरु ही मनुष्य को सही मार्ग दिखाकर उसके व्यक्तित्व, चरित्र और जीवन का निर्माण करते हैं। गुरु के सान्निध्य से व्यक्ति संस्कारवान,कर्तव्यनिष्ठ और राष्ट्रभक्त बनता है।उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन गुरु-शिष्य परंपरा पूरे विश्व के लिए प्रेरणा का स्रोत रही है। भगवान श्रीकृष्ण से लेकर महर्षि वेदव्यास तक, हमारे ऋषि-मुनियों ने ज्ञान और संस्कृति के संरक्षण में अतुलनीय योगदान दिया है। गुरु पूर्णिमा का पर्व हमें अपने गुरुओं के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदानकरताहैउपस्थित लोगों ने पूज्य स्वामी जी का आशीर्वाद प्राप्त कर समाज में नैतिक मूल्यों, सेवा, सद्भाव और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को दोहराया।

## राजगीर : विश्व बाघ दिवस पर राजगीर जू सफारी में एमओयू, वन्यजीव संरक्षण को मिलेगा नया बल

लोक तंत्र की आवाज



**राजगीर।** विश्व बाघ दिवस के अवसर पर राजगीर जू सफारी में वन्यजीव संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता को समर्पित भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक (पटना) डॉ. नेसामणि के. तथा विशिष्ट अतिथि बिहार वेटनरी कॉलेज, पटना के डीन डॉ. पल्लव शेखर रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बिहार वेटनरी कॉलेज, पटना और राजगीर जू सफारी के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर रहा। डीन डॉ. पल्लव शेखर और जू सफारी के निदेशक राम सुन्दर एम ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत वन्यजीव चिकित्सा, स्वास्थ्य, अनुसंधान, वेटनरी छात्रों के प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, प्रयोगशाला सहयोग और क्षमता विकास के क्षेत्र में दोनों संस्थान मिलकर कार्य करेंगे।इस अवसर पर राजगीर के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 480 विद्यार्थियों के लिए चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। विजेता विद्यार्थियों को डॉ. नेसामणि के. ने पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि बाघ हमारे वन पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण संकेतक हैं और इनके संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने जू सफारी परिसर में स्थापित एटीएम का भी उद्घाटन किया।डॉ. पल्लव शेखर ने एमओयू को वन्यजीव उपचार, अनुसंधान और प्रशिक्षण की दिशा में मील का पत्थर बताया। निदेशक राम सुन्दर एम ने कहा कि विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी बढ़ती पर्यावरण जागरूकता का सकारात्मक संकेत है और यह साझेदारी बिहार में वन्यजीव संरक्षण को नई मजबूती प्रदान करेगी। कार्यक्रम में वन विभाग, जू सफारी एवं बिहार वेटनरी कॉलेज के अधिकारी, शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# रजौली : पंचायत समिति की बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा, 6 करोड़ की मिली मंजूरी

लोकतंत्र की आवाज



**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** विकास योजनाओं की समीक्षा को लेकर प्रखंड सभागार में बुधवार को प्रमुख सरोज देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्यों, मुखियाओं और प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण विकास से जुड़ी कई योजनाओं की गहन समीक्षा की गई।बैठक में बीडीओ संजीव झा, सीओ मो. गुफरान मजहरी,पीओ विजय रंजन परमार, एमओ अजीत कुमार, बीपीआरओ हरिमोहन कुमार, बीएओ रौशन कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सौरभ कुमार निराला, उपप्रमुख विनोद राजवंशी, रजौली पूर्वी मुखिया संजय यादव, धमनी मुखिया विनोद कुमार और जीविका बीपीएम मनीष कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में आवास योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क नवीकरण योजना, सहकारिता विभाग, राशन कार्ड, 15वीं एवं षष्ठम वित्त आयोग की अनुपूरक राशि, पंचायत समिति योजना के चयन, वन विभाग, अंचल, श्रम विभाग, सामाजिक सुरक्षा, पीएचईडी, विद्युत विभाग, पशुपालन, सिंचाई और जीविका से संबंधित सभी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।पदाधिकारियों ने योजनाओं में आ रही समस्याओं और लक्ष्य के विरुद्ध हुए कार्य की जानकारी दी। मुखिया और पंचायत समिति सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं भी प्रमुख के सामने रखीं।

**6 करोड़ की मिली मंजूरी :** बीडीओ संजीव झा ने बैठक में बताया कि श्इ-फ्भ्अट॑ की विभिन्न योजनाओं के लिए 5 करोड़ रुपए और पंचायत समिति की योजनाओं के लिए लगभग 1 करोड़ रुपए की मंजूरी प्राप्त हो गई है। उन्होंने कहा कि यह राशि विकास कार्यों में तेजी लाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों के वित्तीय वर्ष 2026-27 की सभी योजनाओं को पारित कर दिया गया है। अब पंचायतें स्वीकृत योजनाओं पर तुरंत काम शुरू कर सकेंगी। प्रमुख सरोज देवी ने सभी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से अपील की कि स्वीकृत राशि का सदुपयोग समय पर और गुणवत्ता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। बैठक में लिए गए निर्णयों से प्रखंड में विकास कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद है। बैठक में पंचायत समिति सदस्य प्रमोद कुमार, अरुण मिस्त्री, जितेंद्र सिंह, अशोक चौधरी, अनिल कुमार, पिंटू कुमार , चंदन कुमार मीरा देवी, पूनम देवी, रेशमी देवी, पिंकी कुमारी मुखिया विनोद कुमार राम उर्फ भोला,उपेन्द्र प्रसाद, फुलवा देवी, ईश्वरी प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## नवादा में टैंकलोरी में भरे अंग्रेजी शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

लोक तंत्र की आवाज

नवादा। नवादा जिले के गोविंदपुर उत्पाद जांच चौकी के समीप बुधवार की दोपहर उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दूध ढोने वाली एक गाड़ी से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की. इस दौरान दो कथित शराब तस्करों को गिरफ्तार कर वाहन को जब्त कर लिया गया।

उत्पाद विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि झारखंड की ओर से एक दूध की गाड़ी में विदेशी शराब छिपाकर बिहार लाई जा रही है. सूचना मिलते ही उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने गोविंदपुर उत्पाद जांच चौकी के पास घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी. कुछ देर बाद वाहन संख्या इफ04 एन 3654 वहां पहुंचा. संदेह के आधार पर वाहन को रोककर उसकी तलाशी ली गई. तलाशी के दौरान गाड़ी से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद हुई. इसके बाद मौके पर ही चालक एवं एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बेगूसराय जिले के रहने वाले सिंटू कुमार, पिता उपेंद्र चौधरी, तथा अंगद कुमार, पिता राधेश्याम, के रूप में की गई है. एसआई अशोक कुमार ने बताया कि जब्त वाहन से कुल 93 पेटी में 849 लीटर विदेशी शराब था. शराब झारखंड से बेगूसराय जा रही थी। उत्पाद विभाग ने जब्त वाहन को अपने कब्जे में लेकर दोनों गिरफ्तार आरोपितों के साथ नवादा स्थित उत्पाद कार्यालय भेज दिया है. वहां बरामद शराब की गिनती एवं मूल्यांकन की प्रक्रिया पूरी की जा रही है. इसके बाद संबंधित धाराओं के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी. उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच जारी है और यह पता लगाया जा रहा है कि शराब की खेप कहां से लाई जा रही थी तथा इसे बिहार में किस स्थान पर पहुंचाया जाना।

## संक्षिप्त खबरें ।

### अषाढ़ पूर्णिमा पर गंगा के देवीपुरवा घाट पर नहाते समय गंगा में डूबा छात्र, NDRF की टीम कर रही तलाश

लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता
हरदोई। अषाढ़ पूर्णिमा पर्व पर बुधवार को गंगा स्नान करते समय छात्र डूब गया। पुलिस की सूचना पर पहुंची एनडीआरएफ टीम तलाश करने में जुटी है। गंगा नदी में बाढ़ होने के कारण टीम को अभी तक सफलता नही मिल सकी है। मल्लावां के ग्राम जरेरा का अंशू कक्षा सात छात्र था। अंशू के पिता राधेश्याम कन्नौज बिल्हाम मार्ग देवीपुरवा के पास पर मिठाई की दुकान चलाते है। अंशू भी पिता का सहयोग करता था। पिता के अनुसार आषाढ़ी पूर्णिमा पर्व के चलते अंशू दुकान से देवीपुरवा गंगा घाट पर स्नान करने गया था। इन दिनों गंगा नदी में बाढ़ है। पानी का बहाव तेज होने के कारण नहाते समय अंशू डूब गया।घाट पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय गोताखोरों से तलाश कराई,लेकिन पता नहीं चल सका। इसके बाद पुलिस ने एनडीआरएफ को जानकारी दी। कुछ ही देर में टीम ने मौके पर पहुंचकर तलाश शुरू की। कोतवाल मनोज सिंह ने बताया कि टीम खोजबीन कर रही है। गंगा नदी में बाढ़ होने के कारण टीम को अभी तक सफलता नहीं मिल सकी है। टीम लगातार प्रयास कर रही है।

### युवक की संदिग्ध हालत में मौत, पुलिस जांच में जुटी

लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता



हरदोई। हरपालपुर थाना क्षेत्र के लमकन गांव में बुधवार की सुबह करीब 7:30 बजे एक 28 वर्षीय युवक का शव बिस्तर पर संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला,और उसकी पत्नी बगल में सोती रही, जिसे घटना की भनक तक नहीं लगी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान लमकन गांव निवासी अवधेश के बड़े बेटे पिंटू कुमार (28) के रूप में हुई है, जो खेती-बाड़ी का काम करता था। पिंटू का विवाह वर्ष 2021 में बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र के कोई गांव निवासी यशोदा से हुआ था। उनकी तीन साल की एक बेटी प्रिया भी है मंगलवार रात पिंटू ने अपने परिवार के साथ खाना खाया और पत्नी व बेटी के साथ सोने के लिए अपने कमरे में चला गया। बुधवार सुबह जब परिवार के अन्य सदस्य जागे, तो पिंटू कमरे से बाहर नहीं आया। उसका छोटा भाई आकाश कमरे में गया, जहां उसने पिंटू को बिस्तर पर मृत पाया। इस घटना से परिवार में हड़कंप मच गया।पति का शव एक ही कमरे और एक ही बिस्तर पर होने के बावजूद पत्नी को इसकी जानकारी न होने से सभी लोग हैरान हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कंपनी संचालक पर 21.87 लाख की ठगी करने पर FIR दर्ज, फर्जी चेक देने का आरोप

लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता
हरदोई। सोलर प्लांट फर्म के संचालक पर एक व्यवसाई ने 21.87 लाख रुपये ठगी ने और फर्जी चेक थमाने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर शहर कोतवाली पुलिस ने फर्म संचालक के विरुद्ध धोखाधड़ी की एफआइआर दर्ज की है। टड़ियावां के ग्राम सैदापुर के देव शुक्ला ने दिए शिकायत पत्र में बताया कि शहर के मुहल्ला वैटगंज निवासी अशोक श्रीवास्तव, एप्पल सोलर एनर्जी नाम से कारोबार करते हैं। उन्होंने हरदोई समेत आसपास के जिलों में सोलर प्रोजेक्ट दिलाने का आश्वासन दिया था। इसी सिलसिले में माल की आपूर्ति के लिए दो अलग-अलग कोटेशन तैयार किए गए, जिनकी कुल कीमत 21,87,904 रुपये बताई गई।शिकायत के अनुसार, 20 जनवरी 2026 को देव शुक्ला ने अपनी फर्म के खाते से आरटीजीएस के माध्यम से 21,87,000 रुपये आरोपी की फर्म के बैंक खाते में भेज दिए। भुगतान मिलने के बाद भी तय समय पर सोलर सामग्री उपलब्ध नहीं कराई गई। आरोप है कि आरोपित लगातार अलग-अलग कारण बताकर आपूर्ति को टालता रहा।जब काफी समय बीतने के बाद भी न तो माल मिला और न ही धनराशि वापस की गई, तब पीड़ित ने अपने पैसे लौटाने की मांग की। इस पर आरोपी ने 5-5 लाख रुपये के चार चेक दिए, लेकिन बैंक में प्रस्तुत करने पर सभी चेक "स्टाप पेमेंट" के कारण अस्वीकृत हो गए। इससे कारोबारी को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। पीड़ित ने बताया कि उसने पहले शहर कोतवाली और जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से भी शिकायत की थी, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई।इसके बाद दोबारा प्रार्थना पत्र देने पर मंगलवार शाम शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया।शहर कोतवाल संजय त्यागी ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। सभी दस्तावेजों, बैंक लेनदेन और अन्य साक्ष्यों की जांच कर रहे हैं। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### लूट का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार, तीन किशोर अभिरक्षा में; बाइक, मोबाइल और नकदी बरामद

लोकतंत्र की आवाज
करीम खान



गोण्डा। कोतवाली देहात पुलिस ने लूट की एक वारदात का सफल खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि घटना में शामिल तीन विधि का उल्लंघन करने वाले किशोरों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल, तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन तथा लूटी गई रकम में से ₹4,250 नकद बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी अजीत कुमार रजक के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर योगेन्द्र सिंह के नेतृत्व में कोतवाली देहात पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार 26 जुलाई की शाम मो. आलम निवासी मंगुरा बाजार, थाना उमरी बेगमगंज अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। मुरावनपुरवा के पास चार बदमाशों ने उन्हें रोककर लोहे की रॉड से हमला कर घायल कर दिया और उनकी मोटरसाइकिल, डिग्गी में रखे ₹10 हजार नकद तथा वीवो मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए थे। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली देहात में मुकदमा दर्ज कर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चार टीमों का गठन किया गया। सीसीटीवी फुटेज, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों और अन्य तकनीकी जांच के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। बुधवार को बाबागुट्टी चौराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने तीन मोटरसाइकिलों पर सवार सात युवकों को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखकर वे भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर शिवम उपाध्याय (21) निवासी मन्नीपुरवा, थाना तरबगंज तथा तीन किशोरों को पकड़ लिया गया। इस दौरान तीन अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल, तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन और लूट की रकम में से ₹4,250 नकद बरामद किया। आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया गया है।

# सीएचसी कर्नलगंज में ओपीडी के दौरान डॉक्टर ले रहे खर्राटे, शर्मनाक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, मचा हड़कंप

लोकतंत्र की आवाज



करीम खान
गोंडा। जिले की कर्नलगंज सीएचसी आये दिन अपने नित नये भ्रष्टाचरित कारनामों व बेलगाम कार्यप्रणाली व गंभीर आरोपों से घिरे होने के साथ ही बदहाल व्यवस्था को लेकर सुर्खियों में है।इसी क्रम में स्वास्थ्य सेवाओं के दावों की पोल खोलता एक शर्मनाक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्नलगंज में ओपीडी के दौरान एक डॉक्टर मेज पर सिर रखकर सोते नजर आ रहे हैं, जबकि बाहर मरीज इलाज के लिए घंटों बैठे हैं। वीडियो में दावा किया जा रहा है कि सोते हुए डॉक्टर डॉ. इमरान मोइन हैं। वीडियो सामने आते ही सीएचसी अधीक्षक अनुज कुमार की निरंकुश कार्यशैली और स्वास्थ्य महकमे की लापरवाही पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

**सीएमओ का आदेश हवा में, निरीक्षण का भी कोई असर नहीं:** गोरतलब है कि ये कोई पहला मामला नहीं है। इसके पूर्व 2 जून 2026 को भी सीएचसी कर्नलगंज में कई चिकित्सकों की कुर्सियां सुबह देर तक खाली रहने तथा कुछ चिकित्सकों के अनुपस्थित रहने एवं स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही संबंधी समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी गोण्डा ने मामले का संज्ञान लेते हुए 3 जून बुधवार सुबह लगभग 9 बजे सीएचसी का औचक निरीक्षण किया था और करीब एक घंटे तक विभिन्न व्यवस्थाओं की गहन जांच-पड़ताल की थी। निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों के चैंबर, ओपीडी, एक्स-रे कक्ष, उपस्थिति पंजिका सहित अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान कई चिकित्सक बिना अवकाश स्वीकृत कराए अनुपस्थित पाए गए थे, जिस पर संबंधित चिकित्सकों को नोटिस जारी किए जाने को कहा गया था।

वहीं अस्पताल परिसर में व्याप्त गंदगी को लेकर सीएमओ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएचसी अधीक्षक को व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार के निर्देश दिए थे। इस कार्रवाई को अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा था, और हड़कंप मच गया था। इसके बाद 22 जुलाई को भी सीएमओ ने लेबर रूम, इमरजेंसी और ओपीडी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्था दुरूस्त करने के सख्त निर्देश दिये थे। लेकिन इसके बावजूद हकीकत जस की तस है और सुबह 8 बजे शुरू होने वाली ओपीडी में 9:15 बजे तक कई डॉक्टरों की कुर्सियां खाली दिखती हैं। कई कमरे बंद रहते हैं। मरीज डॉक्टर का इंतजार करते-करते मजबूर होकर वापस लौटते देखे जाते हैं। यही नहीं इसके अलावा और भी कई शर्मनाक मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें 7 जून को इलाज कराने आई एक महिला मरीज के साथ सीएचसी में काफी समय से तैनात फार्मासिस्ट अशोक वर्मा द्वारा छेड़खानी करने का गंभीर आरोप लग चुका है, इसमें पीड़िता और डाक्टर से कई घंटे तक पुलिस ने पूंछताछ की थी और पीड़िता का रोते हुए पूरी घटना का बयान सीएचसी के सीसीटीवी कैमरे व कई पत्रकारों के फोन में रिकार्ड हुआ था। यही नहीं अस्पताल परिसर में बड़ी मात्रा में दवाओं को जलाकर नष्ट किये जाने, मरीजों को एक्स-रे शीट ना देकर फोन में फोटो खींचने को मजबूर किये जाने आदि मामलों के वीडियो सामने आ चुके हैं और काफी चर्चा में रहे हैं। लेकिन उच्चाधिकारियों द्वारा कोई सख्त कार्रवाई ना करने से सीएचसी अधीक्षक, चिकित्सक व फार्मासिस्ट आदि अपनी मनमानी और निरंकुश कार्यशैली से बाज नहीं आ रहे हैं।

■ अधीक्षक की निरंकुश कार्यशैली पर उठ रहे गंभीर सवाल, मनमानी चरम पर

**रेफरल यूनिट बनी सीएचसी, सरकारी आवास पर चलता है प्राइवेट क्लिनिक:** स्थानीय लोगों का आरोप है कि सीएचसी में ड्यूटी के समय डॉक्टर अक्सर नदारद रहते हैं और अपने आवास पर फीस लेकर मरीज देखते हैं। इमरजेंसी में भी स्टाफ नहीं मिलता। मजबूरन मरीजों को जिला अस्पताल या निजी क्लिनिक रेफर किया जा रहा है। सीएचसी में भ्रष्टाचार, दलालों का बोलबाला और अधीक्षक की मनमानी चरम पर है। शासन और जिला प्रशासन का भी जिम्मेदारों में कोई डर नहीं दिख रहा। इस पूरे प्रकरण पर स्वास्थ्य विभाग के किसी अधिकारी की अभी तक आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। ऐसे में गंभीर सवाल उठ रहे हैं कि क्या यही है "योगी सरकार की बेहतर स्वास्थ्य सेवा"? निरीक्षण के बाद भी सुधार क्यों नहीं? आखिर अधीक्षक व चिकित्सक पर कार्रवाई कब होगी और व्यवस्था कब सुधरेगी।

# गोण्डा :डंपर की टक्कर से सब्जी व्यापारी की मौत, साथी घायल

परिवार पर आजीविका का संकट, सीसीटीवी से डंपर की तलाश

लोकतंत्र की आवाज



करीम खान
गोण्डा। जिले में बुधवार सुबह तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से लोडिंग ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। हादसे में सब्जी बेचकर परिवार का भरण-पोषण करने वाले व्यापारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक यह हादसा देहात कोतवाली क्षेत्र के खिरौरा मोहन के पास बुधवार सुबह करीब सात बजे हुआ। कर्नलगंज क्षेत्र के निवासी पराग दत्त साहू 35 वर्ष और उनके साथी झगरू मौर्य 32 वर्ष बुधवार तड़के करीब पांच बजे लोडिंग ई-रिक्शा से गोंडा सब्जी मंडी गए थे। दोनों रोजाना मंडी से ताजी सब्जी खरीदकर आसपास के गांवों में बेचते थे।

सब्जी खरीदने के बाद दोनों वापस गांव लौट रहे थे। खिरौरा मोहन के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा सड़क पर कई बार पलटा और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पराग दत्त साहू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि झगरू मौर्य गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से जिला मेडिकल कॉलेज भिजवाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

**परिवार में कोहराम आजीविका पर संकट:** हादसे की खबर गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पराग अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। वह ही परिवार के एकमात्र कमाने वाले थे। उनकी मौत से परिवार के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। देहात कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि डंपर चालक हादसे के बाद वाहन लेकर फरार हो गया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही डंपर और चालक की पहचान कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**सुबह-सुबह डंपरों की मनमानी:** स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह 5 से 8 बजे के बीच मंडी रोड पर ओवरलोड डंपर और ट्रकों की तेज रफ्तार के कारण आए दिन हादसे होते हैं। लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग पर स्पीड ब्रेकर और पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।


# कंपनी संचालक पर 21.87 लाख की ठगी करने पर FIR दर्ज, फर्जी चेक देने का आरोप

लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता
हरदोई। सोलर प्लांट फर्म के संचालक पर एक व्यवसाई ने 21.87 लाख रुपये ठगी ने और फर्जी चेक थमाने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर शहर कोतवाली पुलिस ने फर्म संचालक के विरुद्ध धोखाधड़ी की एफआइआर दर्ज की है। टड़ियावां के ग्राम सैदापुर के देव शुक्ला ने दिए शिकायत पत्र में बताया कि शहर के मुहल्ला वैटगंज निवासी अशोक श्रीवास्तव, एप्पल सोलर एनर्जी नाम से कारोबार करते हैं। उन्होंने हरदोई समेत आसपास के जिलों में सोलर प्रोजेक्ट दिलाने का आश्वासन दिया था। इसी सिलसिले में माल की आपूर्ति के लिए दो अलग-अलग कोटेशन तैयार किए गए, जिनकी कुल कीमत 21,87,904 रुपये बताई गई।शिकायत के अनुसार, 20 जनवरी 2026 को देव शुक्ला ने अपनी फर्म के खाते से आरटीजीएस के माध्यम से 21,87,000 रुपये आरोपी की फर्म के बैंक खाते में भेज दिए। भुगतान मिलने के बाद भी तय समय पर सोलर सामग्री उपलब्ध नहीं कराई गई। आरोप है कि आरोपित लगातार अलग-अलग कारण बताकर आपूर्ति को टालता रहा।जब काफी समय बीतने के बाद भी न तो माल मिला और न ही धनराशि वापस की गई, तब पीड़ित ने अपने पैसे लौटाने की मांग की। इस पर आरोपी ने 5-5 लाख रुपये के चार चेक दिए, लेकिन बैंक में प्रस्तुत करने पर सभी चेक "स्टाप पेमेंट" के कारण अस्वीकृत हो गए। इससे कारोबारी को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। पीड़ित ने बताया कि उसने पहले शहर कोतवाली और जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से भी शिकायत की थी, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई।इसके बाद दोबारा प्रार्थना पत्र देने पर मंगलवार शाम शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया।शहर कोतवाल संजय त्यागी ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।


# मगरमच्छ के हमले में गंभीर घायल मजदूर की 34 दिन बाद मौत

लोकतंत्र की आवाज



■ आर्थिक मदद न मिलने और इलाज में लापरवाही का आरोप, परिवार ने कर्ज लेकर कराया इलाज

करीम खान
गोण्डा। मगरमच्छ के हमले में गंभीर रूप से घायल हुए मजदूर भानु ने 34 दिन तक जिंदगी की जंग लड़ी, लेकिन बुधवार सुबह दम तोड़ दिया। परिजनों का आरोप है कि समय पर आर्थिक मदद न मिलने और इलाज में लापरवाही के कारण उनकी मौत हुई। घटना उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के सनौली मोहम्मदपुर ग्राम पंचायत के निश्चित पुरवा की है। 24 जून को 32 वर्षीय भानु तटबंध के किनारे मिट्टी का काम कर रहे थे। इसी दौरान घात लगाए मगरमच्छ ने उन पर हमला कर दिया। हमले में उनका पैर बुरी तरह जख्मी हो गया था। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

**34 दिन चला इलाज, फिर भी नहीं बची जान:** हमले के तुरंत बाद भानु को पहले गोंडा के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया और फिर बेहतर इलाज के लिए लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। करीब 34 दिनों तक भानु वेंटिलेटर पर रहे। बुधवार सुबह करीब 7 बजे उन्होंने लखनऊ में अंतिम सांस ली। सुबह 10 बजे शव गांव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया।

**"मदद के अभाव में गई जान"-परिजन:** पीड़ित परिवार का आरोप है कि हमले के बाद प्रशासन और वन विभाग की ओर से कोई ठोस आर्थिक सहायता नहीं मिली। इलाज का खर्च करीब 4 लाख रुपये आया, जिसे जुटाने के लिए परिवार को रिश्तेदारों और गांव वालों से कर्ज लेना पड़ा। परिजनों का कहना है कि घायल पैर में संक्रमण लगातार बढ़ता गया और समय पर समुचित इलाज न मिलने से स्थिति बिगड़ती गई। उमरी बेगमगंज थानाध्यक्ष पवन मिश्रा ने बताया कि 24 जून को मगरमच्छ के हमले में भानु घायल हुए थे। लखनऊ में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं जिला आपदा विभाग के अधिकारी राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि वन्य जीव हमले में मौत के मामले में नियमानुसार आर्थिक सहायता दी जाती है। पीड़ित परिवार की पात्रता का परीक्षण किया जा रहा है। जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार मदद उपलब्ध कराई जाएगी।

**गांव में शोक:** भानु परिवार के एकमात्र कमाने वाले थे। उनकी मौत से पत्नी और दो छोटे बच्चों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से परिवार को तत्काल मुआवजा और बच्चों की शिक्षा-भरण पोषण की व्यवस्था करने की मांग की है।

# धानेपुर: 1 माह के दूधमुंहे को छोड़ 2 बच्चों की मां प्रेमी संग फरार, थाने में तहरीर

लोकतंत्र की आवाज



■ ब्लाउज सिलवाने के बहाने निकली, देर रात तक नहीं लौटी

करीम खान
गोण्डा। जिले के धानेपुर थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां 2 बच्चों की मां कथित तौर पर अपने प्रेमी के साथ घर से फरार हो गई। सबसे चौंकाने वाली बात ये है कि जाते समय वह अपने 1 माह के दूधमुंहे बच्चे को भी घर पर छोड़ गई।

मिली जानकारी के मुताबिक, देहात कोतवाली क्षेत्र के सालपुर चौकी अन्तर्गत गांव की रहने वाली युवती की शादी करीब 8 साल पहले धानेपुर क्षेत्र में हुई थी। दंपती के 2 बच्चे हैं। बड़ा बेटा 6 साल का है और छोटा बेटा अभी सिर्फ 1 महीने का है। परिजनों ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब 1 बजे विवाहिता घर से ब्लाउज सिलवाने की बात कहकर निकली थी। लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। रात भर इंतजार करने के बाद मंगलवार को परिवार ने रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला।

**प्रेम प्रसंग की आशंका:** परिजनों को आशंका है कि महिला अपने परिचित एक युवक के साथ चली गई है। 1 माह के बच्चे के घर पर रह जाने से परिवार की चिंता और बढ़ गई है। बच्चे की देखभाल दादी कर रही हैं। विवाहिता की सास ने मंगलवार को धानेपुर थाने पहुंचकर तहरीर दी है। तहरीर में बहू के लापता होने और किसी के साथ चले जाने की आशंका जताई गई है।

**पुलिस जांच में जुटी:** धानेपुर थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक गजेंद्र पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। महिला के मोबाइल नंबर और उसके संभावित ठिकानों की जानकारी जुटाई जा रही है। जल्द ही उसे बरामद कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि महिला अपनी मर्जी से गई है या कोई और वजह है। फिलहाल पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है।

# राजकीय इंटर कॉलेज में मार्च तक तैयार होगा मिनी स्टेडियम, 4.92 करोड़ से मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

लोकतंत्र की आवाज



ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता
हरदोई। माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों की खेल प्रतिभाओं को अब अभ्यास के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। राजकीय इंटर कालेज (जीआईसी) हरदोई परिसर में इंडोर मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य ने रफ्तार पकड़ ली है।

शासन ने इस परियोजना के लिए चार करोड़ 92 लाख रुपये की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है और निर्माण कार्य को मार्च 2027 तक पूरा कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है।इससे छात्रों को आधुनिक खेल सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध हो सकेंगी।माध्यमिक शिक्षा विभाग विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी दक्ष बनाने पर विशेष जोर दे रहा है। इसी उद्देश्य से जीआईसी में मिनी स्टेडियम निर्माण की योजना शुरू की है। निर्माण कार्य के लिए सीएनडीएस को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है।प्रथम किस्त के रूप में दो करोड़ 16 लाख रुपये जारी होने के बाद निर्माण कार्य ने तेजी पकड़ ली है। स्टेडियम बनने के बाद जीआईसी के विद्यार्थियों को विद्यालय परिसर में ही नियमित प्रशिक्षण, अभ्यास और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं की तैयारी का अवसर मिलेगा।अभी तक कई छात्रों को अभ्यास के लिए शहर से करीब तीन किलोमीटर दूर स्पोर्ट्स स्टेडियम जाना पड़ता है। इस परियोजना का लाभ केवल विद्यालय के छात्रों को मिलेगा। वह प्रशिक्षण के साथ अभ्यास भी कर सकेंगे। हरदोई के जिला विद्यालय निरीक्षक अरविंद कुमार पाठक ने बताया कि प्रोजेक्ट अलंकार के तहत जीआईसी में मिनी स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें आधुनिक खेल संसाधन उपलब्ध होंगे। मिनी स्टेडियम निर्माण से विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी और वे राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने के लिए बेहतर तैयारी कर सकेंगे। इसका निर्माण मार्च 2027 तक पूरा कराने का लक्ष्य दिया गया है।

# रोडवेज से उतरे मजदूर को बस ने कुचला, मौत

लोकतंत्र की आवाज



■ हरपालपुर थाना क्षेत्र के लमकन पुल के पास बस से उतरते समय हादसे का शिकार हो गए

ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता
हरदोई। हरपालपुर थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह 8:15 बजे सड़क हादसे में 36 साल के मजदूर की मौत हो गई। नोएडा से आषाढ़ी पूजा में शामिल होने घर लौट रहे मजदूर को रोडवेज बस से उतरते ही उसी बस ने कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल मजदूर को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतक की पहचान सांडी थाना क्षेत्र के चिल्हौर गांव निवासी अनंतराम के रूप में हुई है। वह नोएडा की एक लोहे के पाइप बनाने वाली कंपनी में काम करते थे।

मंगलवार देर शाम वह आषाढ़ी पूजा में शामिल होने के लिए घर के लिए रवाना हुए थे।बुधवार सुबह करीब 8:15 बजे हरपालपुर थाना क्षेत्र के लमकन पुल के पास बस से उतरते समय हादसे का शिकार हो गए। यहां से उनका गांव करीब सात किलोमीटर दूर था।


परिजनों का आरोप है कि अनंतराम के बस से उतरते ही चालक ने लापरवाही से बस आगे बढ़ा दी। बस की टक्कर से वह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में भी उन्होंने अपने चचेरे भाई हरिनंदन कोफोन कर दुर्घटना की जानकारी दी।हादसे के बाद बस चालक और परिचालक घायल अनंतराम को मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे।

वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।मृतक के छोटे भाई लालाराम ने बताया कि अनंतराम अपने पीछे पत्नी शिवरानी देवी, एक पुत्री और तीन पुत्र छोड़ गए हैं। वह परिवार की आजीविका का एकमात्र सहारा थे। उनकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शहर कोतवाल संजय त्यागी ने बताया कि अभी तक इस मामले में कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर मिलने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# कटरा बाजार : 25 वर्षों से बदहाल सड़क की मरम्मत की मांग

लोकतंत्र की आवाज






करीम खान
कटरा बाजार,गोंडा। विकासखंड कटरा बाजार की ग्रामसभा कोटिया मदारा के मजरा अशोकवापुर में वर्षों से जर्जर पड़ी सड़क को लेकर ग्रामीणों का धैर्य अब जवाब देने लगा है। गांव के निवासी दीप नारायण शुक्ला ने बुधवार को जिलाधिकारी गोंडा को प्रार्थना-पत्र सौंपकर गांव की एकमात्र संपर्क सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि यह सड़क दुबहा बाजार संपर्क मार्ग से होकर अशोकवापुर गांव तक जाती है और पूरे गांव के लोगों के आवागमन का प्रमुख साधन है।

प्रार्थना-पत्र में आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2000 के बाद से इस सड़क पर कोई निर्माण या मरम्मत कार्य नहीं कराया गया। पहले यहां खड़ंजा मार्ग बना था, लेकिन समय के साथ वह पूरी तरह उखड़ चुका है। वर्तमान में सड़क गड्ढों और कीचड़ में तब्दील हो गई है, जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से बरसात के मौसम में हालात और भी बदतर हो जाते हैं। ग्रामीणों, बुजुर्गों, महिलाओं और स्कूली बच्चों को रोजाना जान जोखिम में डालकर इस रास्ते से गुजरना पड़ता है। दीप नारायण शुक्ला ने अपने प्रार्थना-पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि इस समस्या को लेकर कई बार ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव से शिकायत की गई, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इतना ही नहीं, इससे पूर्व भी जिलाधिकारी को इसी संबंध में कई प्रार्थना-पत्र दिया गया था, लेकिन उसके बावजूद सड़क की स्थिति जस की तस बनी हुई है।

ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण गांव के लोगों को बुनियादी सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की बदहाली के कारण एंबुलेंस, स्कूल वाहन और अन्य आवश्यक सेवाओं का गांव तक पहुंचना भी मुश्किल हो जाता है। कई बार मरीजों और गर्भवती महिलाओं को चारपाई या निजी साधनों के सहारे मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता है। वहीं, किसानों को भी अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में अतिरिक्त समय और खर्च उठाना पड़ता है। प्रार्थी ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित ग्राम प्रधान एवं अधिकारियों को तत्काल सड़क की मरम्मत कराने के निर्देश दिए जाएं, ताकि गांव के लोगों को आवागमन की सुविधा मिल सके और वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान हो सके। अब ग्रामीणों की निगाहें जिला प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### डीएम ने की आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण एवं भूमि सीमांकन की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक



लोकतंत्र की आवाज
दरभंगा। जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण एवं भूमि सीमांकन की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न प्रखंडों में भवन निर्माण के लिए भूमि उपलब्धता, सीमांकन और निर्माण कार्य की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया कि जहां अब तक भूमि का सीमांकन नहीं हुआ है या उपयुक्त सरकारी भूमि उपलब्ध नहीं है, वहां प्राथमिकता के आधार पर उपयुक्त भूमि चिन्हित कर जल्द उपलब्ध कराई जाए, ताकि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन (एलएईओ) के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि जिन स्थानों पर भूमि का सीमांकन पूरा हो चुका है, वहां बिना विलंब के आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण कार्य शुरू कराया जाए और उसकी नियमित निगरानी भी सुनिश्चित की जाए। बैठक में घनश्यामपुर और किरतपुर प्रखंड की लंबित समस्याओं की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को 31 जुलाई तक सभी स्वीकृत स्थलों पर आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। बैठक में सहायक समाहर्ता कल्पना रावत, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस) चांदनी सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि सभी अंचलाधिकारी एवं सीडीपीओ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

### मदारपुर चौक से होली क्रॉस तक चल रहे सड़क निर्माण कार्य डीएम ने किया निरीक्षण



लोकतंत्र की आवाज
दरभंगा। मदारपुर चौक से होली क्रॉस होते हुए पीडब्ल्यूडी मुख्य पथ तक चल रहे सड़क निर्माण कार्य का आज जिलाधिकारी कौशल कुमार ने स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने बुडको के परियोजना निदेशक अभय कुमार को निर्माण कार्य में तेजी लाने और निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान आम लोगों की सुविधा, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा एवं वैकल्पिक मार्ग की समुचित व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने नियमित निगरानी कर लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूरा कराने और संबंधित एजेंसी की पूरी जिम्मेदारी एवं तत्परता के साथ कार्य निष्पादित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सहायक समाहर्ता कल्पना रावत, सदर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार गौरव सहित बुडको एवं संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### साहिबगंज: सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में महर्षि वेद व्यास की जयंती मनाई



लोकतंत्र की आवाज
साहिबगंज । विद्या भारती विद्यालय,जमुनादास केदारनाथ चौधरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के वंदना कक्ष में बुधवार को महर्षि वेद व्यास की जयंती समारोह का आयोजन किया गया जयंती समारोह का शुभारंभ विद्यालय की सचिव डॉ मृदुला सिन्हा,सह सचिव शशि जाजोदिया,उपाध्यक्ष डॉ विजय कुमार,सदस्य केशो तिवारी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील पंडित ने महर्षि वे व्यास के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया जयंती समारोह को संबोधित करते हुए डॉ मृदुला सिन्हा ने बताया कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है गुरु केवल ज्ञान प्रदान नहीं करते,बल्कि शिष्य के व्यक्तित्व और चरित्र का निर्माण कर उसे समाज एवं राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने की शिक्षा देते है डॉ विजय कुमार ने बताया कि गुरु के ज्ञान,संस्कार और मार्गदर्शन से ही श्रेष्ठ समाज एवं सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है शशि जाजोदिया ने बताया कि विद्यालय के भैया/बहन सदैव अपने आचार्य /दीदी का सम्मान करें समिति के सदस्यों ने सभी आचार्य दीदी एवं कर्मचारी वृंद को उपहार देकर सम्मानित किया जयंती समारोह का संचालन स्नेहा भारद्वाज एवं अतिथि परिचय सुनील पंडित ने किया धन्यवाद ज्ञापन एवं शांति पाठ अमित कुमार ने किया जयंती समारोह में विद्यालय के आचार्यअजय कुमार साह,अजीत कुमार मालवीय,कल्याण भंडारी,वेद प्रकाश,संतोष कुमार दास,सोनू कुमार,किरण कुमारी गुप्ता,अर्चना वर्मा, लिपिका राज सिंह,टीनू पाण्डेय,सोनी कुमारी,क्रिस्टीना मुर्मू,नंदनी कुमारी एवं विद्यालय के भैया/बहन उपस्थित थे।

### आम वृंदावन में स्वास्थ्य बैठक, ए एन सी और बुखार जांच पर दिया जोर



लोकतंत्र की आवाज
साहिबगंज/तालझारी। आयुष्मान आरोग्य मंदिर वृंदावन में सकडभंगा और वृंदावन क्लस्टर की बैठक सीएचओ एस्टर हेंब्रम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सहियाओं को निर्देश दिया गया कि गर्भवती का पहला ए एन सी बारह सप्ताह में और चार जांच जरूर कराएं। साथ ही बाहर से आए लोगों एवं एक दिन से ज्यादा बुखार वाले का आर डी टेस्ट कर पॉजिटिव होने पर तुरंत दवा देकर रिपोर्ट करें बैठक में सजोनी मुर्मू, मोनिका टुडू, तेरेसा मुर्मू, संगीता कुमारी और अवधेश कुमार मौजूद थे।

### विधायक ने किया प्रखंड सीएचसी व नव-निर्मित प्रखंड भवन का औचक निरीक्षण



लोकतंत्र की आवाज
विभूतिपुर/समस्तीपुर। स्थानीय विधायक कॉ.अजय कुमार ने प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में डॉक्टरों की उपस्थिति,दवाओं की उपलब्धता,साफ-सफाई एवं मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को मरीजों के साथ बेहतर व्यवहार और स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। इसके बाद विधायक ने प्रखंड में निर्माणाधीन नए प्रखंड भवन का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता,उपयोग में लाए जा रहे सामग्री एवं कार्य की प्रगति की बारीकी से जांच की। गुणवत्तापूर्ण और समय पर निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश संबंधित अभियंताओं एवं ठेकेदारों को दिया। मौके पर अंचल मंत्री मिथिलेश सिंह,डीवाईएफआई अंचल मंत्री बबलू कुमार,राजद नेता रविन्द्र यादव,मुखिया रंजीत कुमार,रंजीत कुमार सिंह,दिनेश कुमार रंजन, नटवर सिंह,दिलीप कुमार सिंह,चन्द्रदेव प्रसाद सहित प्रखंड के कई जनप्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# हर हर महादेव के उद्घोष एवं भक्तिमय वातावरण के बीच श्रावणी मेला 2026 का भव्य आगाज: जिलाधिकारी मुंगेर निखिल धनराज निप्पाणीकर ने फीता काटकर किया उद्घाटन

लोकतंत्र की आवाज




**अनोज कुमार सिंह ब्यूरो चीफ**
**मुंगेर।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला-2026 का दिनांक 28 जुलाई 2026 को मुंगेर जिले के असरगंज प्रखंड अंतर्गत कच्ची कांवरिया पथ के प्रारंभिक बिंदु कमराय से जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया गया। उद्घाटन के साथ ही भगवान भोलेनाथ के जयकारों एवं भक्तिमय वातावरण के बीच श्रावणी मेला का आगाज हुआ। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद, अपर समाहर्ता मनोज कुमार, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ. राजू, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पिछले कई दिनों से जिला प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर पर तैयारियों की जा रही थीं, ताकि देश के विभिन्न राज्यों एवं प्रदेशों से आने वाले कांवरिया श्रद्धालुओं को कच्ची कांवरिया पथ पर सुरक्षित, व्यवस्थित एवं सुविधाजनक वातावरण एवं सुविधाएं उपलब्ध कराया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि इस वर्ष मुंगेर जिले के लगभग 26 किलोमीटर लंबे कच्ची कांवरिया पथ पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। पहली बार इस पथ पर सात आधुनिक टेंट सिटी का निर्माण कराया गया है, जहां कांवरियों के विश्राम, पेयजल, प्रकाश, शौचालय, चिकित्सा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त टेंट सिटी में प्रतिदिन भक्ति गीत, भजन, सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा, जिससे लंबी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक वातावरण के साथ मनोरंजन का भी अवसर प्राप्त होगा।

उन्होंने कहा कि पूरे कांवरिया पथ पर पेयजल, चिकित्सा सहायता, एम्बुलेंस, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता, विद्युत प्रकाश, सुरक्षा व्यवस्था, नियंत्रण कक्ष, सूचना सहायता केंद्र तथा आपदा प्रबंधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। सभी विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो चौबीसों घंटे श्रद्धालुओं की सेवा एवं सहायता के लिए उपलब्ध रहेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य प्रत्येक श्रद्धालु की यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं सुखद बनाना है। इसके लिए प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी रखी जाएगी तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का नियमित निरीक्षण भी किया जाएगा। उन्होंने कांवरिया पथ के दुकानदारों से अपील करते हुए कहा के आप सभी श्रद्धालुओं को गुणवत्ता पूर्ण भोजन उचित दाँ पर उपलब्ध कराएंगे। दूषित एवं अशुद्ध खाद्य सामग्री के बिक्री एवं श्रद्धालुओं के साथ धोखाधारी करने वाले दुकानदारों पर विशेष निगरानी रखिये जाएगी तथा ऐसा करते पाए जानेमन वाले दुकानदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी दुकानदारों को इसलिए बार विद्युत कनेक्शन लेना अनिवार्य होगा तथा बेवजह याँ गलत ढंग से पेयजल कि बर्बादी करने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं से अपील किया कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर निकटतम सहायता केंद्र अथवा प्रतिनियुक्त अधिकारियों से संपर्क करें।

पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने कहा कि संपूर्ण कांवरिया पथ पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, दंडाधिकारी एवं गश्ती दल की तैनाती की गई है। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है ताकि श्रद्धालुओं की यात्रा शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न हो सके।

उद्घाटन के उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कच्ची कांवरिया पथ के प्रारम्भ बिंदु पर बने चिकित्सा कैम्प का भी संयुक्त रूप से उद्घाटन किया तथा दवा आदि किया गुणवत्ता एवं उपलब्ध कराई गई विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया तथा संबंधित अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने देने के निर्देश दिए। श्रद्धालुओं के उत्साह, हर-हर महादेव के उद्घोष एवं भक्तिमय वातावरण के बीच विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला-2026 का शुभारंभ अत्यंत हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ।

## नीट प्रकरण छात्र-छात्राओं की स्मृति में की गई श्रद्धांजलि सभा आयोजित



लोकतंत्र की आवाज

**हसनपुर/समस्तीपुर।** प्रखंड स्थित शिक्षक शिव बालक कुमार के आवास पर नीट परीक्षा प्रकरण से जुड़े दिवंगत छात्र-छात्राओं की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकगण एवं युवाओं ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में वक्ताओं ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य, शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता तथा युवाओं के विश्वास को बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। उपस्थित लोगों ने दिवंगत छात्रों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। मौके पर विकास कुमार (डब्लू),शिक्षक वरुण कुमार,लक्ष्मण कुमार,जय कुमार,राजकुमार,विकास ठाकुर,राजू कुमार, बैद्यनाथ कुमार,रमेश राम, विकास कुमार,प्रवीण कुमार, केशव रंजन सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## मोहिउद्दीननगर के चापर-हरैल दियारा में 60 से अधिक अवैध शराब भट्ठियां को पुलिस ने किया ध्वस्त

लोकतंत्र की आवाज



**मोहिउद्दीननगर/समस्तीपुर।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू होने के बावजूद थाना क्षेत्र के चापर-हरैल दियारा में बड़े पैमाने पर संचालित अवैध शराब निर्माण के खिलाफ एंटी लिकर टास्क फोर्स (एएलटीएफ) और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया। करीब पांच घंटे तक चले अभियान में 60 से अधिक अवैध शराब भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया गया। मौके से भारी मात्रा में कच्चा जावा, ड्रम, चूल्हे और शराब बनाने में प्रयुक्त उपकरण नष्ट किए गए। हालांकि कार्रवाई से पहले धंधे से जुड़े लोग फरार हो गए। एएलटीएफ प्रभारी अफरोज अहमद के नेतृत्व में पुलिस ने दियारा क्षेत्र की घेराबंदी कर एक-एक कर अवैध भट्ठियों को ध्वस्त किया। पुलिस ने बताया कि शराब निर्माण में प्रयुक्त सभी सामग्री को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया,ताकि दोबारा उत्पादन शुरू न हो सके। अभियान में स्थानीय थाना पुलिस भी शामिल रही। एक ही इलाके में बड़ी संख्या में अवैध शराब भट्ठियां मिलने के बाद शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर चर्चा तेज हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दियारा क्षेत्र में लंबे समय से अवैध शराब निर्माण की गतिविधियों की चर्चा होती रही है। ऐसे में एक साथ इतने बड़े नेटवर्क का सामने आना कई सवाल खड़े कर रहा है। हालांकि पुलिस का कहना है कि गुप्त सूचना के आधार पर अभियान चलाया गया और आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी ग्रामीणों के अनुसार दियारा क्षेत्र के दुर्गम रास्तों और घनी झाड़ियों का फायदा उठाकर शराब माफिया अवैध कारोबार संचालित करते हैं। पुलिस के पहुंचने की सूचना मिलते ही अधिकांश लोग मौके से भाग निकले,जिससे किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। पुलिस उनकी पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।एएलटीएफ प्रभारी अफरोज अहमद ने बताया कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अवैध शराब के निर्माण,भंडारण और तस्करी में शामिल लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि अवैध शराब के कारोबार की सूचना तत्काल पुलिस को दें,ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## श्रावणी मेला 2026 : शिवगादी धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु जिला प्रशासन की सभी तैयारियां पूर्ण

लोकतंत्र की आवाज



**साहिबगंज।** बरहेट प्रखंड में स्थित प्रसिद्ध आस्था स्थल शिवगादी धाम में श्रावण मास के शुभ अवसर पर प्रारंभ होने वाले पवित्र श्रावणी मेले को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इसी क्रम में बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी, साहिबगंज अमर जॉन आईंद, प्रखंड विकास पदाधिकारी बरहेट अंशु कुमार पांडे एवं अंचलाधिकारी साहिबगंज बासुकीनाथ टुडू ने मेला क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पेयजल व्यवस्था, शौचालय, विश्राम गृह, स्वच्छता, सुरक्षा, प्रकाश की व्यवस्था तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं मेला समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करने का निर्देश दिए।

अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि श्रावणी मेले में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुगम वातावरण उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर मेला अवधि के दौरान निर्बाध सेवाएं उपलब्ध कराने तथा किसी भी प्रकार की असुविधा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिये।

जिला प्रशासन श्रद्धालुओं से भी अपील करता है कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से पूजा-अर्चना करें, किसी भी अपवाह पर ध्यान ना दें, किसी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत जिला प्रशासन को दें तथा मेले को सफल एवं सुरक्षित बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

## 20 फरवरी तक पूरे भारत में भाजपा चलाएगी समरसता संकल्प अभियान : अनंत

लोकतंत्र की आवाज



**साहिबगंज ।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के 650वें जयंती वर्ष पर पूरे भारत में देशव्यापी समरसता संकल्प अभियान 29 जुलाई आषाढ़ पूर्णिमा से 20 फरवरी 2027 माघ पूर्णिमा तक चलाया जाएगा। उक्त बाते राजमहल विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अनंत ओझा ने कही।

स्वामी विवेकानंद चौक स्थित विधायक आवास में बुधवार को भाजपा जिलाध्यक्ष गौतम यादव के अध्यक्षता में प्रेस वार्ता आयोजित किया गया। जिसमें पूर्व विधायक ने कहा कि संत गुरु रविदास किसी समाज के संत नहीं बल्कि संपूर्ण मानवता के महान पथ प्रदर्शक है।29 जुलाई को देश भर के मंदिरों में समरसता दीप महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत 51000 स्थानों से अधिक संख्या में मंदिरों में दीप प्रज्वलित किया जाएगा। वहीं 10 सितंबर तक संत गुरु रविदास कलश वंदन अभियान के तहत उनके जन्मस्थली का पवित्र मिट्टी से भरी टोलियों को 131 पवित्र कलश लेकर देश भर के 21000 कलश में स्थापित करके देशभर के राज्यों जिला और मंदिरों तक पहुंचाया जाएगा। वहीं 31 अगस्त तक संत संपर्क अभियान चलाया जाएगा। जिसमे साधु संती महात्मा को सम्मानित किया जाएगा।

5 अक्टूबर से 5 नवंबर तक श्री गुरु रविदास महाराज समरसता यात्रा होगा।26 नवंबर से 15 जनवरी 2027 तक श्री गुरु रविदास महाराज छात्रावास संपर्क अभियान चलाया जाएगा। जिसके तहत सभी छात्रावास में छात्रों से संवाद किया जाएगा। वहीं कार्यक्रम के लिए प्रदेश व जिला टोली में 4 सदस्यों की ओर मंडल स्तर पर तीन की टोली बनाई गई है। सभी को प्रशिक्षण दिया गया है। मौके पर उपस्थित कार्यसमिति सदस्य धर्मेंद्र कुमार, संजीव पासवान सहित अन्य थे।

# जमालपुर विधानसभा के विधायक नचिकेता मंडल ने तेज की विकास की पहल

लोकतंत्र की आवाज



**अनोज कुमार सिंह ब्यूरो चीफ**
**मुंगेर।** जिले के जमालपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर विधायक नचिकेता मंडल ने सरकार के समक्ष पहल तेज कर दी है। उन्होंने एक ओर मुंगेर-जमालपुर आरसीडी सड़क के चौड़ीकरण, फुटपाथ एवं नाला निर्माण का प्रस्ताव भेजा है, वहीं दूसरी ओर रेलवे और बुडको की जमीन पर वर्षों से रह रहे भूमिहीन महादलित परिवारों के पुनर्वास के लिए आवास निर्माण की मांग उठाई है। इसके साथ ही उन्होंने धरहरा क्षेत्र तक बेहतर संपर्क व्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण सड़क को आरसीडी में शामिल कर दो लेन सड़क के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव भी दिया है।

**मुंगेर-जमालपुर सड़क के चौड़ीकरण की मांग :** विधायक ने पथ निर्माण मंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि मुंगेर-जमालपुर आरसीडी सड़क शहर की जीवनरेखा है। मुंगेर शहर से जमालपुर रेलवे स्टेशन (जंक्शन) तक आने-जाने का यह प्रमुख मार्ग है। कोणार्क मोड़ से हवाई अड्डा तथा सफियासराय चौक से जुबली वेल तक के इलाके में तेजी से बाजार और व्यावसायिक गतिविधियों का विस्तार हुआ है, जिसके कारण इस मार्ग पर वाहनों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क की चौड़ाई कम होने तथा अनियंत्रित पार्किंग की समस्या के कारण दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे आम लोगों, व्यवसायियों और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विधायक ने सफियासराय चौक से जुबली वेल तक सड़क के दोहरीकरण, दोनों ओर ढक्कनयुक्त नाला निर्माण तथा उसके ऊपर फुटपाथ विकसित करने की मांग की है, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके और पैदल चलने वालों को भी सुविधा मिल सके।

**धरहरा आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग विकसित करने की मांग :** जमालपुर विधानसभा के विधायक नचिकेता मंडल ने धरहरा क्षेत्र तक आवागमन को आसान बनाने के उद्देश्य से सफियासराय के लाल खां चौक से हलिमपुर, इंदुख और भलार होते हुए ईटवा तक जाने वाली ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क को पथ निर्माण विभाग में हस्तांतरित कर दो लेन सड़क के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव भी दिया है। उन्होंने कहा कि हेरु दियारा से तेलिया तालाब होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-80 से जुड़ने वाला यह मार्ग जमालपुर प्रखंड के कई गांवों को धरहरा क्षेत्र से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण सड़क है। वर्तमान में धरहरा जाने वाले अधिकांश वाहनों को जमालपुर शहर से होकर गुजरना पड़ता है, जिसके कारण शहर में लगातार यातायात का दबाव बना रहता है। विधायक के अनुसार जमालपुर शहर की संकरी सड़कों पर भारी और व्यावसायिक वाहनों का परिचालन एवं आवागमन भी कठिन हो गया है। ऐसे में यह सड़क एक प्रभावी वैकल्पिक मार्ग के रूप में विकसित हो सकती है। उन्होंने सरकार से इस सड़क को आरसीडी में शामिल कर शीघ्र दो लेन सड़क के रूप में विकसित करने की मांग की है।

**भूमिहीन महादलित परिवारों के पुनर्वास की मांग :** वहीं शहरी विकास एवं आवास मंत्री को भेजे पत्र में विधायक नचिकेता मंडल ने नगर परिषद क्षेत्र के उन भूमिहीन महादलित परिवारों की समस्या उठाई है, जो वर्षों से रेलवे एवं बुडको की जमीन पर निवास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे डीजल शेड के विस्तार, रेलवे कॉलोनियों के निर्माण तथा बुडको की विभिन्न परियोजनाओं के कारण इन परिवारों के समक्ष विस्थापन का संकट उत्पन्न हो गया है। विधायक नचिकेता मंडल ने बताया कि नगर परिषद जमालपुर द्वारा वार्ड संख्या-दो के बड़ी आशिकपुर (अलीनगर-मुंगेरीया मौजा) में लगभग 1.375 एकड़ सरकारी भूमि चिन्हित कर विभाग को प्रस्ताव भेज दिया गया है। साथ ही आवासहीन परिवारों का सर्वेक्षण कार्य भी पूरा कर लिया गया है।

**मॉडल स्कूल बनने पर मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार :** जमालपुर विधानसभा के लोकप्रिय, जनप्रिय युवाओं की धड़कन,युवा विधायक नचिकेता मंडल ने हवेली खड़गपुर प्रखंड के मुंगेरी पंचायत स्थित मुजफ्फरहुंज प्लस टू विद्यालय को सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किए जाने के सरकार के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने इस महत्वपूर्ण पहल के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी और शिक्षा के स्तर में सुधार आएगा। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास, बेहतर सड़क संपर्क, यातायात व्यवस्था में सुधार तथा गरीब परिवारों के पुनर्वास को लेकर उनकी पहल आगे भी जारी रहेगी।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोतिहारीः आग से सुरक्षा को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**पूर्वी चम्पारण।** जिला अग्निशमन पदाधिकारी श्रीमती तृप्ति सिंह के आदेश प्राप्त होने पर अनुमंडल अग्निशमल्य पदाधिकारी मोतिहारी( वर्तमान में प्रभार में अंबिका कुमारी के स्थान पर) अशोक कुमार के द्वारा माउंट लिटरा जी स्कूल ढाका रोड भारोलिया,मोतिहारी पूर्वी चंपारण में आग से सुरक्षा के बारे में जानकारी देते हुए एक बड़ा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के माध्यम से यह दर्शाया गया कि गैस सिलेंडर में आग लग जाने पर आपातकालीन स्थिति में कैसे आग को काबू किया जा सकता है।किसी भवन या बहुमंजिली ईमारत में यदि आग लग जाए तो उस स्थिति में कैसे रेस्क्यू के माध्यम से जान मल को सुरक्षित बचाया जा सकता है। मॉक ड्रिल के सफल आयोजन मै प्रधान अग्निक पिन्टु राय अग्निक चालक सुनील कुमार यादव अग्निक मुकेश पंडित और बिहार होम गार्ड के कर्ण कुमार तथा कमलेश कुमार भी उपिस्थित रहे। वहीं अग्निशमन पदाधिकारी द्वारा किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए जिला अग्निशमन विभाग मोतिहारी के दो दूरभाष नंबर 7485805980/7485805981 को साझा किया गया इसके अलावा 101/112 डायल कर भी किसी भी आपातकालीन स्थिति में जरूरी मदद प्राप्त की जा सकती है।

### कल्याणपुर थानान्तर्गत चोरी की गाड़ियों की कटिंग कर पार्ट्स बेचने वाले संगठित गिरोह का पुलिस ने किया भड़ाफोड़



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**पूर्वी चम्पारण।** जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरी की गाड़ी की कटिंग कर पार्ट्स बेचने वाले संगठित गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। इस दौरान 01 अभियुक्त रंगे हाथ गिरफ्तार साथ ही 01 चोरी की मोटरसाईकिल एवं मोटरसाईकिल के अन्य पार्ट्स बरामद। दिनांक -28.07.26 को संध्या गश्ती एवं विशेष छापामारी के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मननपुर में बंका महतो एवं तेरस महतो अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर संगठित रूप से चोरी की गाड़ियों की खरीद-बिक्री कर उनके पार्ट्स अलग-अलग कर बेचते हैं। प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में बंका महतो, पे०-बाबुलाल महता, सा०-मननपुर,थाना- कल्याणपुर,जिला-पूर्वी चम्पारण,मोतिहारी को चोरी की गाड़ी खोलते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। वहीं पुलिस ने कहा कि इस संदर्भ में काण्ड दर्ज कर,अग्रिम कार्रवाई की जा रही है साथ ही अन्य संलिप्त अभियुक्तों के गिरफ्तरी हेतु छापेमारी जारी है।

### पूर्वी चंपारण के राष्ट्रीय लॉन बॉल खिलाड़ी चितरंजन कुमार को जिला खेल पदाधिकारी ने किया सम्मानित



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**मोतिहारी** बिहार सरकार की 'मेडल लाओ, नौकरी पाओ' योजना तथा 'उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति नियमावली के तहत् पूर्वी चंपारण के प्रतिभावान राष्ट्रीय लॉन बॉल खिलाड़ी चितरंजन कुमार को समाहरणालय, मोतिहारी में निम्नवर्गीय लिपिक (एलडीसी) के पद पर नियुक्ति दी गई है। इस उपलब्धि पर बुधवार को जिला खेल कार्यालय में जिला खेल पदाधिकारी अंकित कुमार द्वारा खिलाड़ी चितरंजन कुमार को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। जिला खेल पदाधिकारी ने चितरंजन कुमार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी यह सफलता जिले के अन्य उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। सरकार की यह नीति खिलाड़ियों को आर्थिक संबल प्रदान करने और खेल के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ाने में मील का पत्थर साबित हो रही है। इस सम्मान समारोह के दौरान रमेश कुमार, लॉन बॉल संघ के जिला सचिव ज्याउल्लाह शेख़ तथा असीम सेराज ईशा मुख्य रूप से मौजूद रहे और सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की बधाई दी।

# 1.55 करोड़ की लागत से बनेगी बनहा चौक से कानू टोला व हाई स्कूल पोखर से स्टेशन चौक तक सड़क, कांवर यात्रा से पहले दुरुस्त होगी सड़क

लोकतंत्र की आवाज



**चन्दन कुमार पासवान**
**सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर-28 में वर्षों से जर्जर सड़क की समस्या जल्द दूर होने वाली है। बनहा चौक स्थित हनुमान मंदिर के निकट से कानू टोला तक तथा हाई स्कूल पोखर से स्टेशन चौक तक सड़क निर्माण को लेकर प्रक्रिया तेज कर दी गई है। अनुमंडल पदाधिकारी सह नगर प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद बुधवार को बुडको के कनीय अभियंता (जेई) पूजा कुमारी,नगर ईओ रामविलास दास सहित अन्य अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बुडको की कनीय अभियंता पूजा कुमारी ने बताया कि उक्त सड़क निर्माण योजना का टेंडर पूरा हो चुका है। संवेदक को वर्क ऑर्डर एवं एग्रीमेंट भी दिया जा चुका है। करीब 16 फीट चौड़ी बनने वाली इस सड़क पर 1 करोड़ 55 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि श्रावणी कांवड़ यात्रा को देखते हुए कांवरियों के आवागमन योग्य सड़क जल्द तैयार करने का प्रयास किया जाएगा और संवेदक द्वारा शीघ्र ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा। नगर कार्यपालक पदाधिकारी रामविलास दास ने कहा कि यह सड़क नगर परिषद क्षेत्र के लिए काफी महत्वपूर्ण है। यह बाजार आने-जाने के लिए एक वैकल्पिक मार्ग के रूप में काम करेगी। सड़क निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों एवं बड़े वाहनों के आवागमन में सुविधा होगी तथा बाजार की यातायात व्यवस्था में भी सुधार आएगा।नगर सभापति प्रतिनिधि हसन आलम ने कहा कि इस मार्ग से प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में कांवरिया श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। सड़क निर्माण होने से श्रद्धालुओं सहित स्थानीय लोगों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने बुडको के अधिकारियों से जल्द से जल्द कार्य शुरू कराने का आग्रह किया, ताकि सावन महीने में श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।वहीं नगर उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सह वार्ड पार्षद विकास कुमार विक्की ने कहा कि यह सड़क सिमरी बख्तियारपुर बाजार को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क है। इसके निर्माण से व्यापारियों, स्थानीय लोगों और कांवड़ यात्रियों को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने भी कार्य में तेजी लाने की मांग की।

सभापति प्रतिनिधि हसन आलम एवं उपसभापति प्रतिनिधि विकास कुमार विक्की ने सड़क निर्माण की दिशा में पहल करने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार राय एवं नगर कार्यपालक पदाधिकारी रामविलास दास के प्रति नगरवासियों की ओर से आभार जताया। इस मौके पर नगर प्रबंधक सुरभि कुमारी, प्रभारी टैक्स दारोगा हसनैन मोहसिन, विट्टू कुमार, भीम कुमार, दीपक कुमार झा, सहनान आलम, ऋतुराज, रागिब आलम, बीरबल कुमार, सोहन कुमार, फैजान आलम, दीपक कुमार, सुमित कुमार, मिथुन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सिरदला पुलिस ने गुजरात से युवती को सकुशल बरामद किया:परिजन ने अपहरण का मामला दर्ज कराया था



लोकतंत्र की आवाज

**नवादा।** नवादा जिले की सिरदला पुलिस ने अपहरण के एक मामले में कार्रवाई करते हुए गुजरात से एक युवती को सकुशल बरामद किया है। युवती ने न्यायालय में दिए अपने बयान में कहा कि वह अपनी इच्छा से गई थी। यह मामला 7 मई 2026 को सिरदला थाना क्षेत्र की बड़गांव पंचायत के एक गांव से युवती के कथित अपहरण के संबंध में दर्ज किया गया था। युवती के परिजनों ने पुलिस को दिए आवेदन में आरोप लगाया था कि उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया है। इस संबंध में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2) के तहत प्राथमिकी (संख्या 128/26) दर्ज की गई थी। इसमें शेखपुरा जिले के काशीचक थाना क्षेत्र के बर्वा गांव निवासी विकास कुमार (पिता संजीत सिंह) को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। सिरदला थाना प्रभारी सुरेन्द्र कुमार ने सोमवार को बताया कि मामले की जांच एएसआई बृजेंद्र कुमार के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर युवती को गुजरात से सकुशल बरामद किया। बरामदगी के बाद युवती को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। वहां उसने अपने बयान में कहा कि वह अपनी स्वेच्छा से विकास कुमार के साथ घूमने गई थी और उस पर किसी प्रकार का कोई दबाव नहीं था। थाना प्रभारी ने बताया कि न्यायालय के निर्देशानुसार आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। पुलिस मामले में न्यायालय के समक्ष दिए गए बयान और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी।

## तालाब में घुसे मगरमच्छ का वन विभाग ने किया सफल रेस्क्यू, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**रामनगर (पश्चिमी चम्पारण)।** रामनगर प्रखंड के धानरपा गांव में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब गांव के एक तालाब में मगरमच्छ दिखाई दिया। तालाब में मगरमच्छ होने की खबर फैलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और लोगों में दहशत का माहौल बन गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी।

सूचना मिलते ही रामनगर वन क्षेत्र के रेंजर विजय प्रसाद के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। विभागीय कर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद मगरमच्छ का सुरक्षित रेस्क्यू किया। रेस्क्यू अभियान सफल होने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। रामनगर रेंजर विजय प्रसाद ने बताया कि बरसात के मौसम में गंडक नदी और अन्य जल स्रोतों का जलस्तर बढ़ने से मगरमच्छ बहकर नहरों, तालाबों और रिहायशी इलाकों तक पहुंच जाते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि ऐसे वन्यजीव दिखने पर घबराने या उन्हें नुकसान पहुंचाने का प्रयास न करें, बल्कि तुरंत वन विभाग को सूचना दें। रेस्क्यू किए गए मगरमच्छ को सुरक्षित रूप से उसके प्राकृतिक आवास गंडक नदी में छोड़ दिया जाएगा।

## बाढ़ के दौरान एनसीडी रोगियों की देखभाल हेतु, स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
पूर्वी चम्पारण, 29 जून 2026- फ्यूजन परियोजना के अंतर्गत पूर्वी चम्पारण जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य कर्मियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में जिले के चार विकास खंडों के चिकित्सा अधिकारी (एमओ), ब्लॉक स्वास्थ्य प्रबंधक फार्मासिस्ट, ब्लॉक सामुदायिक परिचालक को मानसून बाढ़ के दौरान असंक्रामक रोग रोगियों की देखभाल जारी रखने के तरीके सिखाए गए। उद्घाटन, कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. एस.एन सत्यार्थी अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी (एसीएमओ), जिला चिकित्सालय,पूर्वी चम्पारण ने किया। इनके साथ डॉ. राहुल कुमार,जिला महामारी रोग विशेषज्ञ एवं नंदन झा, जिला कार्यक्रम समन्वयक (डीपीसी भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने बाढ़ के समय गैर संचारी रोगियों को दवाएँ न मिलने की गंभीर समस्या पर ध्यान दिलाया और स्वास्थ्य कर्मियों की समुचित तैयारी की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं प्रशिक्षण का संचालन,प्रशिक्षण का संयोजन डॉ. रविकांत सिंह, अधिकारी प्रभारी,एचबीसी एचारसी,मुजफ्फरपुर ने राज्य स्वास्थ्य समिति (एसएचएस), बिहार के सहयोग से किया।

**प्रशिक्षण में निम्नलिखित विशेषज्ञों ने योगदान दिया:** डॉ. तुलिका सिंह – डब्ल्यू एचओ परामर्शदात्री एवं राज्य एनसीडी प्रकोष्ठ,एसएचएस बिहार,डॉ. श्रीजिनी – एससी टीआई एमएसटी, तिरुवनंतपुरम, डॉ. निशांत कुमार – एचबीसी एचारसी, मुजफ्फरपुर डॉ. अभिनव कुमार – महावीर कैंसर संस्थान,पटना डॉ.प्रीति बाजपेई – राज्य मानसिक स्वास्थ्य परामर्शदात्री, एसएचएस बिहार, फ्यूजन परियोजना, एक शोध परियोजना है एनआईएचआर, यूनाइटेड किंगडम द्वारा वित्त-पोषित है। इसका उद्देश्य उत्तर बिहार (पूर्वी चम्पारण, मुजफ्फरपुर एवं दरभंगा) में मानसून बाढ़ के दौरान एनसीडी रोगियों की प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करना है। यह परियोजना, मुजफ्फरपुर (टाटा मेमोरियल सेंटर) एवं एसएचएस बिहार के सहयोग से संचालित है। बिहार में इसका नेतृत्व प्रो. (डॉ.) रत्ना अमृत,परियोजना प्रभाव प्रमुख कर रही है।

## बाबा मटेश्वर धाम न्यास समिति एवं डाक कमरिया संघ की संयुक्त बैठक आयोजित, विभिन्न मुद्दों पर चर्चा, श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा सुनिश्चित कराने का निर्देश: एसडीओ

लोकतंत्र की आवाज



**सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।** श्रावणी मेला 2026 के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर बुधवार को मुगेंर राजघाट (छर्रापट्टी) में श्रावणी मेला कमेटी, बाबा मटेश्वर धाम न्यास समिति एवं डाक कांवरिया संघ की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सहरसा स्नेहा कुमारी ने की। बैठक का आयोजन अनुमंडल पदाधिकारी सह बाबा मटेश्वर धाम न्यास समिति के अध्यक्ष आलोक राय के निर्देश पर किया गया। बैठक में श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, भीड़ नियंत्रण, स्वच्छता, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, यातायात व्यवस्था, स्वयंसेवकों की तैनाती, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन तथा प्रशासनिक समन्वय सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। डाक कांवरिया संघ के अध्यक्ष सह न्यास समिति के उपाध्यक्ष मुन्ना भगत एवं संघ के सचिव शिवेंद्र पौद्दार ने बताया कि छर्रापट्टी (मुगेंर राजघाट) से जल भरकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा मटेश्वर धाम पहुंचकर जलाभिषेक करते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्थानीय समिति, जिला प्रशासन, न्यास समिति एवं कांवरिया संघ की संयुक्त बैठक में व्यवस्थाओं को लेकर बारीकी से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में छर्रापट्टी मेला समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार, सचिव अजय भारती एवं उपमुखिया नीलेश कुमार ने भी मेला व्यवस्था को लेकर अपने सुझाव रखे। अधिकारियों एवं समिति सदस्यों ने सुझावों पर विचार करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। साथ ही सभी संबंधित समितियों एवं पदाधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का समय पर पूरा करने का निर्देश दिया गया। मौके पर विनोद साह, टुनटुन सिंह, दिलीप यादव, धीरेन्द्र राय, संतोष पंडित, सतो, सुमित साह, नीरज रजक, ओमप्रकाश गुप्ता, ललित झा, पवन झा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## केसरिया के धवल पीठ ढेक़हा मठ परिसर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धाओं की भारी भीड़ रही

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**केसरिया।** बुधवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर धवल पीठ ढेकहां मठ पर धूमधाम से मनाया गया। हर साल की भांति इस साल भी गुरु पूर्णिमा बड़ी ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। बता दें कि संत कर्ता बाबा एवं धवल बाबा का सैकड़ों वर्ष पुरानी पगडी का दर्शान कराया गया।इस दौरान हजारों श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ रही। वहीं साधू संतों की अगुवाई में पूजा पाठ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मेला भी लगा हुआ था। जिसमें विभिन्न प्रकार के दुकान सजी हुई थीं। लोग मेला में लगें विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आनंद लिया। इस अवसर पर गिरधारी बाबा के गिलास और सभी बाबा चिह्न को दिखाया गया। ढेकहां मठ के महंथ शत्रुघ्न दास ने कहा कि यहा आएं सभी श्रद्धालु भक्तों की हर मनोकामना बाबा के कृपा से पूरा होता है। सच्चे दिल से मांगी गई मन्नतें पूरी होती हैं। साथ ही धवल बाबा व कर्ता बाबा की सैकड़ों साल पुराना पगडी का दर्शन कराया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर राज्य परिषद सदस्य सह राजद नेता अवधेश कुमार यादव के द्वारा भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर यहा आएं श्रद्धालु भक्तों ने प्रसाद के रुप में भोजन ग्रहण किया।इस मौके पर ढेकहां मठ के महंथ शत्रुध्न दास एवं प्रमोद दास,पुजारी कुंदन पाठक, रोहित पाठक,आर्चाय बलिराम जी पाण्डेय और कन्हैय पाण्डेय,नंद किशोर पाण्डेय,पुलिस बल का पुरा सहयोग हो रहा। इस कार्यक्रम में सहयोगी सदस्य लोगों का नाम रामेश्वर यादव, दिनेश कुमार यादव, पूर्व मुखिया हरेंद्र साह,सुमन कुमार यादव,चुटुन ठाकुर,संदीप साह,अशोक पंडित,प्रकाश यादव,प्रकाश ठाकुर, अखिलानंद उर्फ लड्डू, प्रफ्फूल कुंवर,कैशलपति कुंवर,अग्नीश कुमार पाण्डेय रजनीश कुमार पाण्डेय, आकाश कुमार,मंजित सिंह, राजा गुप्ता,समेत उक्त गांव के लोगों ने सराहनीय सहभागिता निभाई।

# मोतिहारी : नशा मुक्त भारत अभियान के तहत् जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन हुआ

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय,भारत सरकार के माय भारत तथा जिला प्रशासन,पूर्वी चंपारण के संयुक्त तत्वावधान में ₹नशा मुक्त भारत अभियान₹ के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन मोतिहारी के राजा बाजार स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना, स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली को बढ़ावा देना तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरी,जिला युवा पदाधिकारी अंकिता,जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी फारुख सिद्दीकी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने युवाओं को नशे से दूर रहकर समाज एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया तथा ₹नशा मुक्त भारत₹ के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया।इस अवसर पर जिले के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों,युवा क्लबों एवं संस्थानों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं ने अपने विचार, रचनात्मकता एवं सामाजिक सरोकारों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत वाद-विवाद,स्लोगन लेखन,स्लैम पोएट्री,पेंटिंग,




नुक्कड़ नाटक,नृत्य एवं वोकल म्यूजिक जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।प्रथम स्थान प्राप्त विजेताओं वाद- विवाद में रितिक राज,स्लोगन लेखन में खुशी कुमारी,स्लैम पोएट्री में विकास वर्मा,पेंटिंग में सुमित वर्मा,नुक्कड़ नाटक में आरडीपीजी रामगढ़वा की टीम,नृत्य मेंप्रथम स्थान रेशमा देवी स्कूल वोकल म्यूजिक में एम.जे.के.गर्ल्स, मोतिहारी। कार्यक्रम के समापन समारोह में जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक सामाजिक जनआंदोलन है,जिसमें युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को समाज में सकारात्मक परिवर्तन का वाहक बनाया जा सकता है।जिलाधिकारी ने सभी प्रतिभागियों के उत्साह,अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताओं में प्रदर्शित प्रतिभा यह दर्शाती है कि पूर्वी चंपारण के युवा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता रखते हैं। कार्यक्रम के अंत में घोषणा की गई कि सभी प्रथम स्थान प्राप्त विजेता प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पूर्वी चंपारण जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 28 बनहा चौक हनुमान मंदिर के निकट से कानू टोला तक,हाई स्कूल पोखर से स्टेशन चौक तक सड़क निर्माण 1 कड़ोड 55 लाख की लागत से

लोकतंत्र की आवाज

**सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।** नगर परिषद सिमरी बख्तियारपुर क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 28 के बनहा चौक हनुमान मंदिर के निकट से कानू टोला, हाई स्कूल पोखर से स्टेशन चौक तक सड़क निर्माण को लेकर सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल पदाधिकारी श्री आलोक कुमार राय के बाद हस्तक्षेप के बाद इ्डि की करणीय अभियंता (खए) सुश्री पूजा कुमारी, नगर कार्यपालक पदाधिकारी श्री रामविलास दास ने उक्त रोड का निरीक्षण किया बुडको करणीय अभियंता जेइ ने बताया कि उक्त योजना का टेंडर हो चुका है संवेदक को वर्क आर्डर, एग्रीमेंट भी दिया जा चुका है यह रोड 16 फीट का बनेगा। जिसकी लागत 1 करोड़ 55 लाख रुपया है।उन्होंने कहा है की कावड़ यात्रा से पहले रोड को कांवरियों के चलने योग्य बनाया जाएगा। संवेदक द्वारा बहुत जल्द कार्य आरंभ कर दी जाएगी। कार्यपालक पदाधिकारी श्री रामविलास दास ने कहा कि यह रोड सिमरी बख्तियारपुर नगर परिषद क्षेत्र के मार्केट आने के लिए बाईपास रूट का एक अहम सड़क है जिससे बड़ी गाड़ी और गांव ग्राम से आने वाले लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। वहीं नगर सभापति प्रतिनिधि हसन आलम ने कहा कि इस सड़क से प्रतिवर्ष कांवड़िया श्रद्धालुओं का आवागमन बहुत अधिक रहता है सड़क निर्माण से श्रद्धालु एवं गांव ग्राम से आ रहे व्यक्ति को शहर के बाजार तक पहुंचने में बहुत बड़ी सुविधा मिलेगी बुडको के सभी पदाधिकारी से आग्रह है कि जल्द से जल्द रोड का कार्य आरंभ किया जाए ताकि किसी भी श्रद्धालुओं को आने-जाने में किसी प्रकार का कष्ट ना हो। नगर उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सह वार्ड पार्षद विकास कुमार विक्की ने कहा कि यह सड़क सिमरी बख्तियारपुर बाजार को मुख्य रूप से जोड़ती है इसके बन जाने से व्यवसायियों को और प्रतिवर्ष कांवड़ यात्राओं के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा पहुंचेगी उन्होंने बुडको करणीय अभियंता (खए) से निवेदन किया कि जल्द कार्य को प्रारंभ किया जाए। सभापति प्रतिनिधि हसन आलम एवं उपसभापति प्रतिनिधि विकास कुमार विकी ने अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार राय एवं कार्यपालक पदाधिकारी श्री रामविलास दास का सड़क निर्माण कार्य आरंभ की दिशा में बड़े कदम उठाने के लिए नगर वासियों की और से आभार व्यक्त किया है।इस मौके पर मौजूद, नगर प्रबंधक श्रीमती सुरभि कुमारी, प्रभारी टैक्स दारोगा हसनैन मोहसिन,विट्टू कुमार, भीम कुमार, दीपक कुमार झा, सहनान आलम, ऋतुराज, रागिब आलम, बीरबल कुमार सोहन कुमार फैजान आलम दीपक कुमार सुमित कुमार मिथुन कुमार इत्यादि लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### आंती थाना क्षेत्र में बिजली चोरी पर विभाग की बड़ी कार्रवाई, चार लोगों पर एफआइआर, 47,847 का जुर्माना



**महताब अंसारी, कोंच।** बिजली चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आंती थाना क्षेत्र के खवासपुर गांव में विद्युत विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। कनीय विद्युत अभियंता विकास कुमार के आवेदन पर चार लोगों के विरुद्ध बिजली चोरी का मामला दर्ज कराया गया है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, जांच के दौरान खवासपुर गांव के रामजतन यादव पर ₹10,083, शिव शंकर यादव पर ₹11,465, रवींद्र यादव पर ₹7,598 तथा कौलेश्वर यादव पर ₹18,701 का जुर्माना लगाया गया। चारों पर कुल ₹47,847 का अर्थदंड निर्धारित किया गया है। कनीय अभियंता के आवेदन के आधार पर आंती थाना में कांड संख्या 89/26 दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। विद्युत विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिजली चोरी रोकने के लिए क्षेत्र में विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा। विभाग ने उपभोक्ताओं से वैध विद्युत कनेक्शन का उपयोग करने तथा बिजली चोरी से बचने की अपील की है।

### मनोकामना नाथ मंदिर जाने का रास्ता की हालात बदतर



**केदार नाथ पाण्डेय।**
**पीरपैंती।** पीरपैंती प्रखंड के सुप्रसिद्ध बाबा मनोकामना नाथ मंदिर जाने वाले सड़क की हालत बद से बदतर है।आज से पवित्र सावन मास शुरू हो रहा है, लेकिन सड़क पर किसी भी प्रशासनिक अधिकारियों की नजर नहीं पड़ी है। सड़क और नाले का अंतर मिट चुका है।नाला किधर सड़क किधर इसका भी अनुमान लगाना मुश्किल है। हजारों की संख्या में भक्त प्रतिदिन बाबा मनोकामना नाथ पूजा करने जाते हैं। इसके साथ पश्चिमी दियारा क्षेत्र का यह सड़क लाइफ लाइन कहा जाता है। झामर , कूचबन्ना ,डोमेन खुटहरी,इमाम नगर, हजूर नगर ,सिरमतपुर सहित आनेको गांव को जोड़ने वाली सड़क की हालत काफी खराब हो चुकी है। अब देखना यह है कि नगर पंचायत या किसी बड़े अधिकारी की नजर इस सड़क पर पड़ती है कि नहीं।

### टी आर ई -4 में केवल 32,388 पदों की अधियाचना भेजकर सरकार ने शिक्षक अभ्यर्थियों से किया अन्याय : अरुण यादव



**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर नवगछिया।** राष्ट्रीय जनता दल ( राजद) के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने आरोप लगाया है कि बिहार सरकार ने टी आर ई 4 के तहत मात्र 32,388 शिक्षकों के पदों की अधियाचना बिहार लोक सेवा आयोग बीपीएससी को भेजकर राज्य के लाखों शिक्षक अभ्यर्थियों के साथ अन्याय किया है। अरुण यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तत्कालीन उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कई बार चौथे चरण में 1 लाख 20 हजार से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति का वादा किया था। लेकिन अब केवल 32,388 पदों की अधियाचना बीपीएससी को भेजकर सरकार अपने ही वादे से पीछे हट गई है। उन्होंने इसे शिक्षक अभ्यर्थियों के साथ सीधी वादाखिलाफी बताया। उन्होंने कहा कि बिहार के सरकारी विद्यालयों में आज भी बड़ी संख्या में शिक्षकों के पद रिक्त हैं। यदि राज्य सरकार वास्तव में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और युवाओं को रोजगार देने के प्रति गंभीर होती, तो अपने वादे के अनुरूप चौथे चरण में बड़े पैमाने पर शिक्षकों की बहाली प्रक्रिया शुरू करती। राजद प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि एनडीए सरकार लगातार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि नौकरी, रोजगार, शिक्षा और परीक्षा जैसे मुद्दों पर राष्ट्रीय जनता दल चुप नहीं बैठेगा और शिक्षक अभ्यर्थियों की आवाज़ उठाता रहेगा।

# वारिसलीगंज : शिक्षकों की कमी से जूझ रहा वारिसलीगंज का एसएन सिन्हा कॉलेज

लोकतंत्र की आवाज

**तीन दशकों से शिक्षकों की कमी से जूझा रहा महाविद्यालय**




**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**-वारिसलीगंज स्थित एसएन सिन्हा महाविद्यालय क्षेत्र वासियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के महत्वपूर्ण शिक्षण संस्थाओं में एक है। यहां नवादा, नालंदा शेखपुरा, लखीसराय, जमुई आदि जगहों के विद्यार्थी इंटर से नामांकन लेकर स्नातक तक डिग्री प्राप्त कर रहे हैं। कुल आठ सेमेस्टर में लगभग आठ हजार विद्यार्थी नामांकित है। उन्हें पढ़ाने के लिए मात्र 13 शिक्षक ही उपलब्ध हैं। वहीं आपा दर्जन से अधिक विभागों में एक भी शिक्षक नहीं हैं।कॉलेज में कला और विज्ञान विभाग में एक भी शिक्षक नहीं है। जिस कारण पिछले तीन दशक से शिक्षकों की कमी के कारण उत्कृष्ट शिक्षा तो दूर सामान्य शिक्षा भी महाविद्यालय दे पाने में विफल हो रहा है। उच्च शिक्षा में सुधार के लिए कोई भी राजनीतिक दल या क्षेत्रवासी गंभीर नहीं दिख रहे हैं। जिस कारण पिछले तीन दशक से अधिक समत से उच्च शिक्षा देने में महत्वपूर्ण जिले के शिक्षण संस्थान में पढ़ाई के नाम पर सिर्फ नामांकन और परीक्षाएं आयोजित हो रही है। नई शिक्षा नीति लागू होने कारण महाविद्यालय में नामांकित वैसे विद्यार्थी जो विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ-साथ इंटर और स्नातक वर्ग की पढ़ाई पूरी करने के लिए बाहर में रह रहे थे। उनकी परेशानी नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद कमने के बजाय और बढ़ गई है। बता दें कि सरकार द्वारा प्रदेश के सभी स्नातक स्तरीय कॉलेज की शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए नई शिक्षा नीति लाई गई। इसके तहत प्रत्येक 3 महीना पर कॉलेज द्वारा इंटरनल तथा 6 माह बाद सेमेस्टर स्तरीय परीक्षा आयोजित हो रही है। जिले के कुछ कॉलेज को छोड़कर लगभग सभी कॉलेजों में पठन-पाठन पूरी तरह बाधित है। बावजूद सरकार द्वारा शिक्षक नियुक्ति या पठन-पाठन को पटरी पर लाने का कोई भी मजबूत प्रयास नहीं किया जा रहा है। जिस कारण नई शिक्षा नीति लाने के बाद भी कॉलेज में पठन-पाठन व वर्ग संचालन में कोई सुधार नहीं हुआ और स्थिति जस की तस बनी हुई है।हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों तक उच्च शिक्षा को पहुंचाने के लिए महाविद्यालय विहीन प्रखंड में डिग्री कॉलेज खोलने कवायद शुरू की गई थी, जो अब लगभग पूरी हो चुकी है। जिसमें अगस्त माह से पढ़ाई होने की संभावना है।लेकिन पूर्व में शिक्षा प्रधान करने वाले लगभग सभी महाविद्यालय की स्थिति जस की तस बनी हुई है। जिले में मेडिकल, एग्रीकल्चर, आयुर्वेदिक सहित जिले के किसी भी कॉलेज में स्नातकोत्तर की पढ़ाई नहीं होती है।जबकि जिले के चार अंगीभूत स्नातक स्तरीय कॉलेज सहित आधा दर्जन से अधिक निजी कॉलेजों में स्नातक की पढ़ाई होती है।

**विज्ञान और कला विभाग में एक भी शिक्षक उपलब्ध नहीं:** एस एन सिन्हा कॉलेज में वर्षों पहले निर्धारित की गई शिक्षक संख्या 35 होनी चाहिए,लेकिन वर्तमान में हिंदी में दो,जंतु विज्ञान में एक,भूगोल में एक,साइकोलॉजी में दो, भौतिकी में एक, राजनीति विज्ञान में एक, इतिहास में दो, इकोनॉमिक्स में एक, अंग्रेजी में एक और फिलासफी में एक शिक्षक कार्यरत है। जिसमें चार गेस्ट फैकेल्टी हैं। शेष वनस्पति विज्ञान, गणित, रसायन शास्त्र जैसे विज्ञान विषयों के साथ-साथ आधा दर्जन से अधिक विषयों के एक भी शिक्षक कॉलेज में उपलब्ध नहीं है।बावजूद प्रत्येक वर्ष हजारों बच्चे इन विषयों में नामांकित होते हैं। जिनकी परीक्षा को लेकर परीक्षा परिणाम घोषित की जाती है। इस संबंध में पूछे जाने पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो डॉ रामचंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले तक कॉलेज ने विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए 19 शिक्षक उपलब्ध थे। लेकिन नए डिग्री कॉलेज में 6 शिक्षक और एक कर्मी के चले जाने से पठन-पाठन बुरी तरह प्रभावित हुई है। कहा कि शिक्षा विभाग और विश्वविद्यालय के अधिकारियों से शिक्षक उपलब्ध कराने की मांग की गई है।

# बाबा ब्रजलेश्वरनाथ धाम में 30 दिवसीय सावन बहार महोत्सव व श्रावणी मेले का शुभारंभ



लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर नवगछिया।** बिहपुर प्रखंड के मड़वा गांव स्थित बाबा ब्रजलेश्वरनाथ धाम में गुरुवार से शुरू होने वाले 30 दिवसीय सावन बहार महोत्सव एवं श्रावणी मेले का बुधवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। उद्घाटन के साथ ही पूरा मंदिर परिसर 'बोल बम' के जयघोष से गुंजायमान हो उठा।

मंदिर परिसर में आयोजित उद्घाटन समारोह का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य रेणू चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन राय, मंदिर सह मेला कमेटी के अध्यक्ष मनोहर चौधरी, सचिव श्यामसुंदर राय, कोषाध्यक्ष सह पंचायत समिति सदस्य विमल शर्मा, झंडापुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार, इंजीनियर सोनू मिश्रा, महंत राजेंद्र दास, पूर्व मुखिया नरेश चौधरी तथा ज्ञानदेव कुमार सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का सफल संचालन मृत्युंजय पाठक ने किया। इस अवसर पर दीनबंधु, चंदन भारद्वाज, गोपाल चौधरी, विलाश कुंवर, चंदन, डब्लू राय, किशो राय, रामदेव मंडल, सुधीर पासवान, विजय राय, आशुतोष, रितेश, संजय पांडेय, वीर कुंवर सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। मेला कमेटी ने बताया कि सावन माह की पहली सोमवारी 3 अगस्त को पड़ेगी। प्रत्येक रविवार की देर रात अगुवानी एवं सुल्तानगंज से गंगाजल लेकर हजारों कांवरिया लगभग 40 किलोमीटर की नंगे पांव पदयात्रा करते हुए सोमवार की सुबह बाबा ब्रजलेश्वरनाथ धाम पहुंचेंगे और भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। श्रावणी मेले को लेकर मेला कमेटी ने सुरक्षा, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# विधायक ने पीड़ित परिवार को दिलाया न्याय का भरोसा



लोकतंत्र की आवाज

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**
**पकरीबरावा।** पकरीबरावा प्रखंड थाना क्षेत्र के एक गांव में आठ वर्षीया बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या की खबर मिलने के बाद वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र की विधायक अनीता बुधवार को गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। विधायक ने कहा कि बच्ची के साथ हुई दरिंदगी एवं उसकी निर्मम हत्या ने पूरे समाज को झकझोर दिया है। विधायक ने परिवार वालों को भरोसा दिलाया कि न्याय की इस लड़ाई में वे उसके साथ है। स्थानीय पुलिस प्रशासन से मांग किया कि इस जघन्य अपराध की फोरेंसिक एवं वैज्ञानिक तरीके गहन जांच कर अपराधियों की गिरफ्तारी करे। इस अवसर पर अशोक महतो, पूर्व विधायक प्रदीप कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर बनी सहमति:नगर परिषद में सामान्य बोर्ड की बैठक में विकास कार्यों पर मंथन

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**-वारिसलीगंज नगर परिषद के सामान्य बोर्ड की बैठक में विभिन्न वार्डों में नगर के मुड़लाचक -थाना चौक से लेकर गोशाला मोड़ तक सड़क किनारे की परती जमीन पर दुकान निर्माण का प्रस्ताव सदस्यों ने दिया। जबकि बरसात के मद्देनजर नगर में जाम नालियों का निकास, ड्रेनेज सिस्टम को सुदृढ करने, नप के विस्तारित क्षेत्र में एक माह के भीतर लाइट लगा कर रोशनी की मुकम्मल व्यवस्था करने, नगर में ब्लीचिंग का छिड़काव एवं मच्छरो से निजात को ले फॉगिंग को नियमित करवाने, शाम के बाद दुकाने बन्द होने तक निर्वाध बिजली आपूर्ति करने का प्रस्ताव सदस्यो के द्वारा दिया गया। जिसका पत्र संबंधित विभागों को भेजकर शीघ्र अनुमति प्राप्त करने का निर्णय लिया गया। बुधवार को नगर सरकार भवन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्षा रेखा देवी ने किया। जबकि संचालन नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी समीर कुमार चौधरी के द्वारा की गई। विधायक के द्वारा वारिसलीगंज बाजार में वाहन पड़ाव नहीं रहने की चर्चा पर कार्यपालक ने कहा कि मुड़लाचक त्रिमुहानी के पास की जमीन पर फिलहाल कोर्ट से स्टे है, जबकि गोशाला गेट के पास की सरकारी जमीन को ले एनओसी की मांग की गई है। मुख्य पार्षद एवं उपमुख्य पार्षद के मद से बाजार में क्षतिग्रस्त ढलाई एवं शेरपुर मोड़ स्थित श्मशान घाट में शेड निर्माण का कार्य करने पर सहमति बनी। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक अनिता बैठक में उपस्थित रही। विधायक के पहुंचने में देर के वजह से सामान्य बोर्ड की बैठक दो घंटे बिलंब से शुरू किया गया। मौके पर नगर परिषद के उपाध्यक्ष अरुण प्रसाद, नगर विकास अधिकारी सीमा कुमारी, कनीय अभियंता अरुण प्रसाद, नगर स्वच्छता पदाधिकारी सुबोध कुमार, लेखा सहायक आलोक कुमार सन्नी सहित वार्ड सदस्य अविनाश शंकर शर्मा, विभा कुमारी,पंकज कुमार, रंजना देवी, बलराज कुमार, रंजीत कुमार चंद्रवंशी, सुनैना कुमारी, राजेंद्र विश्वकर्मा समेत अन्य पार्षद उपस्थित रहे।

# रजौली पत्रकार संगठन में लोकतंत्र की मिसाल,कुमार मनीष देव को फिर मिला पत्रकारों का भरोसा, मनीष बने प्रखंड अध्यक्ष,तो संतोष बने उपाध्यक्ष

लोकतंत्र की आवाज



**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** पत्रकारिता के क्षेत्र में निष्पक्षता और एकजुटता की मिसाल पेश करते हुए रजौली पत्रकार संगठन के चुनाव में एक बार फिर कुमार मनीष देव को अध्यक्ष पद पर चुना गया है। पत्रकारों ने भारी मतों से अपना भरोसा जताते हुए उन्हें संगठन की कमान सौंपी है। बुधवार को रजौली के एनएच-20 किनारे स्थित स्वस्तिक रेस्टोरेंट में हुए संगठन के वार्षिक चुनाव में पत्रकारों की भारी उपस्थिति रही। चुनाव शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुआ। मतदान के बाद मतगणना में कुमार मनीष देव को स्पष्ट बढ़त मिलते ही पत्रकारों ने तालियों से उनका स्वागत किया। वहीं संतोष कुमार सिंह उपाध्यक्ष पद के लिए चुने गए। संगठन के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को पत्रकार साथियों ने मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की।

**पत्रकारों की एकता ही हमारी ताकत है :** अध्यक्ष चुने जाने के बाद कुमार मनीष देव ने कहा कि यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि रजौली के सभी पत्रकारों की एकता और भरोसे की जीत है। उन्होंने कहा, ₹आज के दौर में पत्रकारों के सामने कई चुनौतियां हैं। हमारी जिम्मेदारी है कि हम निष्पक्ष होकर समाज की आवाज बनें और प्रशासन व आमजन के बीच सेतु का काम करें। पत्रकारों के हित और सुरक्षा के लिए संगठन हमेशा आगे रहेगा।₹ उन्होंने भरोसा दिलाया कि अपने कार्यकाल में संगठन को और मजबूत किया जाएगा। पत्रकारों की समस्याओं को जिला और राज्य स्तर तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही प्रखंड में होने वाली गलत गतिविधियों को उजागर कर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की भूमिका को मजबूती से निभाया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया में वरिष्ठ पत्रकारों और निर्वाचन पदाधिकारियों की अहम भूमिका रही। नए कार्यकारिणी के गठन के बाद संगठन में नई ऊर्जा देखी जा रही है। पत्रकारों ने कहा कि कुमार मनीष देव के नेतृत्व में संगठन ने पिछले कार्यकाल में भी पत्रकारों के मान-सम्मान और मुद्दों को लेकर सराहनीय काम किया है। इसी कारण एक बार फिर पत्रकारों ने उन पर भरोसा जताया है। रजौली पत्रकार संगठन के इस चुनाव को प्रखंड में लोकतंत्र की मिसाल के रूप में देखा जा रहा है। इस मौके पर अशोक कुमार राय,दिनेश कुमार,पवन कुमार,राजेश कुमार,रवि कुमार सिंह,राहुल कुमार,विकास सोलंकी,गौरव कुमार,मनोज कुमार,संतोष कुमार एवं ऋषभ कुमार आदि मौजूद रहे।

# बगह : झोलाछाप महिला डॉक्टर की कथित लापरवाही से नवजात की मौत, प्रसूता की हालत गंभीर

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा/रामनगर।** रामनगर थाना क्षेत्र के नारायणपुर वार्ड संख्या-8 स्थित एक निजी क्लीनिक में कथित झोलाछाप महिला डॉक्टर की लापरवाही से एक नवजात की मौत हो गई, जबकि प्रसूता की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद क्लीनिक संचालिका के फरार होने की बात सामने आई है। सूचना मिलने पर डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोवर्धन थाना क्षेत्र के पथरी गांव निवासी धनु चौधरी की पत्नी मिन्की देवी को प्रसव पीड़ा होने पर दलालों के बहकावे में नारायणपुर निवासी महिला चिकित्सक दीपिका देवी उर्फ 'देवी जी' के निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। आरोप है कि प्रसव के कुछ घंटे बाद नवजात की मौत हो गई, जबकि प्रसूता की हालत बिगड़ने पर उसे गंभीर अवस्था में इलाज के लिए अन्यत्र ले जाया गया। घटना के बाद परिजनों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ महीने पहले भी इसी क्लीनिक में प्रसव के दौरान एक नवजात की मौत हुई थी, लेकिन तब भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस घटना के बाद क्लीनिक संचालिका अस्पताल छोड़कर फरार हो गई। सूचना पर पहुंची डायल-112 पुलिस ने परिजनों से पूरे मामले की जानकारी ली और उन्हें लिखित शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई कराने की सलाह दी। रामनगर थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि मामले में अभी तक कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलते ही जांच कर दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई तथा स्वास्थ्य विभाग से ऐसे अवैध क्लीनिकों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# पत्रकार महताब अंसारी की कलम से: मोबाइल नहीं, संस्कार बनेंगे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की पहचान

लोकतंत्र की आवाज

आज का समय आधुनिक तकनीक का युग है। मोबाइल फोन ने शिक्षा, सूचना और संवाद के नए रास्ते खोले हैं, लेकिन इसका बढ़ता और अनियंत्रित उपयोग समाज के सामने नई चुनौतियां भी खड़ी कर रहा है। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि इसका प्रभाव हमारे बच्चों और युवाओं के व्यवहार पर साफ दिखाई देने लगा है। एक समय था जब बच्चे अपने माता-पिता और बुजुर्गों के साथ बैठकर जीवन के संस्कार सीखते थे। आज वही बच्चे घंटों मोबाइल की स्क्रीन पर व्यस्त रहते हैं। परिवार के साथ बातचीत कम होती जा रही है और कई बच्चे माता-पिता की सलाह को भी अनदेखा करने लगे हैं। यह स्थिति केवल एक परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है। पिछले कुछ वर्षों में नाबालिग लड़के-लड़कियों के घर छोड़ने, गलत संगति में पड़ने और परिवार से दूरी बढ़ने जैसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। हर घटना के पीछे केवल मोबाइल जिम्मेदार नहीं होता, लेकिन अनियंत्रित मोबाइल उपयोग और सोशल मीडिया का दुरुपयोग कई मामलों में एक महत्वपूर्ण कारण बनकर उभरा है। इसलिए समय रहते परिवार और समाज दोनों को सजग होने की आवश्यकता है।



अभिभावकों की भी जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को केवल मोबाइल देकर अपनी जिम्मेदारी पूरी न समझें। उनके साथ समय बिताएं, उनकी समस्याएं सुनें, उनके मित्र बनें और उन्हें अच्छे-बुरे की पहचान कराएं। वहीं बच्चों को भी यह समझना होगा कि माता-पिता से बड़ा शुभचिंतक इस दुनिया में कोई नहीं होता। उनका सम्मान करना, उनकी बातों को सुनना और परिवार के संस्कारों को अपनाना ही सच्ची सफलता की पहली सीढ़ी है। विद्यालयों, सामाजिक संगठनों और स्थानीय समुदायों को भी समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाकर बच्चों और अभिभावकों को डिजिटल संतुलन, नैतिक शिक्षा और पारिवारिक मूल्यों के प्रति प्रेरित करना चाहिए। यदि हम आज अपने बच्चों को संस्कार, अनुशासन और जिम्मेदारी की सीख देंगे, तो कल वही बच्चे परिवार, समाज और देश का नाम रोशन करेंगे। तकनीक का उपयोग आवश्यक है, लेकिन उससे भी अधिक आवश्यक है इंसानियत, संस्कार और पारिवारिक रिश्तों की मजबूती।

# महामण्डल विधान का हुआ भव्य समापन

लोकतंत्र की आवाज



**आरा।** भगवान महावीर मार्ग ( जेल रोड ) स्थित श्री दिगंबर जैन चंद्रप्रभु में श्री मुनिसंघ सेवा समिति, आरा के तत्वावधान में आचार्य श्री सुलभ सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में आयोजित श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान का समापन भव्य समापन हुआ। प्रातःकाल जिनेन्द्र प्रभु की भक्तिपूर्वक अभिषेक, पूजन, शांतिधारा किया गया। तत्पश्चात गुरूपूर्णिमा के पावन शुभ अवसर पर चंद्रप्रभु मंदिर में साक्षात विराजमान आचार्य श्री सुलभ सागर जी महाराज का उत्कृष्ट द्रवों से पाद प्रक्षालन, गुरुभक्ति, महाआरती, शास्त्र भेंट गुरुभक्तों के द्वारा किया गया। विधान के समापन पर सम्मान समारोह,विश्वशांति महायज्ञ का आयोजन हुआ। मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया कि विधान के समाप्ति पर भगवान जिनेन्द्र प्रभु की भव्य पालकी शोभायात्रा निकाली गयी। जिसमें जैन ध्वज एवं मंगल कलश लेकर गाजे-बाजे के साथ पालकी शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में भक्तगण शामिल थे। शोभायात्रा जेल रोड, शिवगंज,हॉस्पिटल रोड,बड़ी मठिया,महादेवा रोड,धर्मन चौक, गोपाली चौक होते हुये पुनः चंद्रप्रभु मंदिर पहुंचीं वहां भगवान का अभिषेक, पूजन के पश्चात मूल वेदी में विराजमान किया गया। विधान के समापन पर सभी भक्तों के लिए साधर्मी वात्सल्य की व्यवस्था मंदिर प्रांगण में था जिसे भक्तों ने प्रसाद स्वरूप ग्रहण किए। संध्या कालीन कार्यक्रम में आरती, गुरुभक्ति,भजन, प्रश्नमंच,सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन हुआ। आयोजन को सफल बनाने में चातुर्मास समिति के पदाधिकारीगण, सदस्यगण एवं सैकड़ों की संख्या में गुरूभक्त की भूमिका अहम रही।

## संक्षिप्त खबरें ।

### श्रावण मास के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधाओं को लेकर बैठक आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

सासाराम। 29 जुलाई, 2026 को रोहतास जिला अंतर्गत तिलौथू प्रखंड स्थित वन विभाग के अतिथि गृह में जिला पदाधिकारी, रोहतास की अध्यक्षता में श्रावण मास के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक, रोहतास, वन प्रमंडल पदाधिकारी, रोहतास वन प्रमंडल, सासाराम, उप विकास आयुक्त, रोहतास, अनुमंडल पदाधिकारी, बिहारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, रोहतास सहित अन्य जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लाइफ जैकेट की उपलब्धता, गोताखोरों की प्रतिनियुक्ति, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल की समुचित व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, सड़कों की मरम्मत एवं संधारण, पार्किंग, बैरिकेडिंग तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित, व्यवस्थित एवं सुगम वातावरण उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### सूर्यपूरा में विच्छेदित कनेक्शन से बिजली जलाने पर विभाग की बड़ी कार्रवाई, पांच पर केस व जुर्माना

लोकतंत्र की आवाज

सूर्यपूरा (रोहतास)। बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से विद्युत विभाग द्वारा निरंतर विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विद्युत आपूर्ति प्रशाखा सूर्यपुरा के कनीय विद्युत अभियंता के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में सघन छापेमारी की गई। जांच के दौरान पाया गया कि सूर्यपुरा प्रखंड के कुछ उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन बकाया बिजली बिल के कारण पूर्व में विच्छेदित कर दिया गया था। इसके बावजूद संबंधित उपभोक्ता बिना बकाया राशि एवं पुनः विद्युत संयोजन (री-कनेक्शन) शुल्क जमा किए अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे थे। इस मामले में सूर्यपुरा टोला निवासी प्रकाश कुमार पिता-मदन शर्मा पर 42783, नंदजी शर्मा पिता-बैजनाथ शर्मा पर 24748, रुदल कुमार सिंह पिता-कैलाश सिंह पर 83113, शिओबहार निवासी बम्भोला राम पिता-लल्लू राम पर 63474 तथा हुक्काडीह निवासी धर्मेंद्र कुमार सिंह पिता-किशोरी सिंह पर 103395 का आर्थिक दंड लगाया गया। कनीय विद्युत अभियंता सूर्यपुरा आनंद कुमार ने बताया कि जांच दल ने मौके पर अवैध कनेक्शन हटाते हुए संबंधित उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युत अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी अथवा विच्छेदित कनेक्शन को अवैध रूप से चालू कर बिजली का उपयोग करना दंडनीय अपराध है और ऐसे मामलों में विभाग की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे केवल वैध विद्युत कनेक्शन का ही उपयोग करें, समय पर बिजली बिल का भुगतान करें तथा नियमों का पालन कर निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने में सहयोग दें।

### युवा जदयू प्रदेश महासचिव ने डीएम से प्रखंड की जनसमस्याओं व अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की

लोकतंत्र की आवाज

नासरीगंज। युवा जदयू के प्रदेश महासचिव अंशु उपाध्याय ने डीएम से मिलकर प्रखंड की जनसमस्याओं व अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराने की मांग किया। युवा जदयू प्रदेश महासचिव अंशु उपाध्याय ने बताया कि नासरीगंज प्रखंड में क्षेत्र में खुलेआम शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री हो रही हैं जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। इस पर जल्द से जल्द कार्रवाई किया जाए ताकि युवाओं का भविष्य खराब न हो। नासरीगंज प्रखंड में सरकारी डिग्री कॉलेज की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है, ताकि स्थानीय विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर न जाना पड़े। प्रखंड कार्यालय के कार्यों में अनावश्यक देरी,पारदर्शिता की कमी तथा कुछ मामलों में बिचौलियों (दलालों) के सक्रिय होने की शिकायतें जनता द्वारा की जाती रही हैं। यदि इन शिकायतों में सत्यता हो, तो संबंधित मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए, ताकि आम नागरिकों को बिना किसी परेशानी के सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। इन सभी समस्याओं व अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई किया जाए। इससे जनता का प्रशासन पर विश्वास और अधिक मजबूत होगा तथा सुशासन को बढ़ावा मिलेगा।

### 2017 के मामले का फरार वारंटी सात साल बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा

लोकतंत्र की आवाज

काराकाट। काराकाट थाना पुलिस ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए वर्ष 2017 के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के मानिक परासी गांव में छापेमारी कर आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तार वारंटी की पहचान मानिक परासी गांव निवासी परमेश्वर तिवारी के पुत्र ललन तिवारी के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि ललन तिवारी के विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी था और वह लंबे समय से गिरफ्तारी से बच रहा था। विश्वसनीय सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसके संभावित ठिकाने पर छापेमारी की, जहां से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही नियमित गश्ती व्यवस्था को भी और सुदृढ़ किया गया है, ताकि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि न्यायालय से वारंट जारी होने के बाद फरार चल रहे आरोपितों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### चेनारी पशु अस्पताल में लापरवाही: समय से 1 घंटे पहले लगा ताला, बीमार पशु दर-दर भटके

लोकतंत्र की आवाज

चेनारी। रोहतास जिला के चेनारी प्रखंड मुख्यालय स्थित मवेशी अस्पताल अब भगवान भरोसे चल रहा है प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को अस्पताल समय से 1 घंटे पहले यानी 4:00 बजे ही बंद पाया गया। ताला लटका देख दूर-दराज से इलाज के लिए आए पशुपालक मवेशियों को लेकर मायूस होकर वापस लौट गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अस्पताल का निर्धारित समय शाम 5:00 बजे तक है। लेकिन 4:00 बजे पहुंचे लोगों ने देखा कि अस्पताल में ताला लटका हुआ है और कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। इससे नाराज पशुपालकों ने इसकी शिकायत की। इस संबंध में जब चेनारी मवेशी विभाग के पशु चिकित्सा पदाधिकारी से बात की गई तो उन्होंने अपनी गलती स्वीकार की। उन्होंने कहा कि स्टाफ की कमी और निजी कारणों से समय से पहले अस्पताल बंद कर दिया गया था। भविष्य में ऐसी गलती नहीं होगी। स्थानीय पशुपालकों का आरोप है कि अस्पताल में अक्सर समय पर डॉक्टर और दवा नहीं मिलती। टीकाकरण और इलाज के लिए उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ता है। कई बार तो बिना इलाज के ही वापस लौटना पड़ता है। इस लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। उन्होंने जिला प्रशासन और पशुपालन विभाग के वरीय अधिकारियों से मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। सरकार पशुओं के इलाज के लिए लाखों खर्च कर रही है, लेकिन यहां समय पर ताला नहीं खुलता। बीमार मवेशियों को लेकर हम कहां जाएं?

### विधायक एवं एसडीएम ने भ्रमण कर नहर से उत्पन्न जल जमाव की समस्या का स्थलीय निरीक्षण किया गया

लोकतंत्र की आवाज

दिनारा (रोहतास)। दिनारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक सिंह एवं बिक्रमगंज अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा दिनारा प्रखंड अंतर्गत ग्राम करमैनी का संयुक्त रूप से भ्रमण कर नहर के पानी से उत्पन्न जल जमाव की समस्या का स्थलीय निरीक्षण किया गया। ज्ञातव्य है कि ग्राम करमैनी में लंबे समय से नहर के पानी के कारण खेतों में जल जमाव की स्थिति बनी रहती है, जिससे किसानों की फसलें प्रभावित एवं बर्बाद होती रही हैं। साथ ही, कृषि कार्यों के निष्पादन में भी किसानों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों एवं किसानों द्वारा इस समस्या के स्थायी समाधान हेतु प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से लगातार अनुरोध किया जाता रहा है। निरीक्षण के दौरान विधायक एवं अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों के साथ समस्या की विस्तृत समीक्षा की तथा जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस क्रम में जल निकासी के संभावित मार्गों का अवलोकन किया गया एवं संबंधित विभागों को शीघ्र कार्ययोजना तैयार कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि किसानों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जल जमाव की समस्या के स्थायी निराकरण हेतु सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि किसानों को राहत मिल सके एवं कृषि कार्य सुचारु रूप से संपादित हो सके। विधायक आलोक सिंह ने भी कहा कि क्षेत्र के किसानों के हितों की रक्षा एवं उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

# संत पॉल स्कूल सासाराम के उमा ऑडिटोरियम में "गुरु पूर्णिमा शिक्षक सम्मान समारोह-2026" का किया गया आयोजन



लोकतंत्र की आवाज

सासाराम। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन, जिला रोहतास के तत्वावधान में संत पॉल स्कूल, सासाराम के उमा ऑडिटोरियम में "गुरु पूर्णिमा शिक्षक सम्मान समारोह–2026" का आयोजन किया गया। इस समारोह में जिले के सभी 19 प्रखंडों से आए लगभग 400 शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यालय संचालकों को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए स्मृति-चिह्न, प्रशस्ति-पत्र एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी, रोहतास दीपक कुमार मिश्र, अनुमंडल पदाधिकारी, सासाराम डॉ. नेहा कुमारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सासाराम वन विप्लव कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन कुमार राय, पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमाइल अहमद, राष्ट्रीय संयुक्त सचिव डॉ. एस.पी. वर्मा तथा पासवा के जिलाध्यक्ष रोहित वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।


कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि "शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं।" उन्होंने कहा कि बदलते समय में शिक्षकों की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। विद्यार्थियों में अनुशासन, नैतिक मूल्यों, चरित्र निर्माण तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का समावेश ही विकसित भारत की नींव है। उन्होंने पासवा द्वारा आयोजित इस समारोह की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सम्मान समारोह शिक्षकों का मनोबल बढ़ाते हैं तथा उन्हें और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देते हैं।

अनुमंडल पदाधिकारी ने अपने संबोधन में शिक्षकों को समाज का वास्तविक मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि एक शिक्षक की प्रेरणा से पीढ़ियों का भविष्य संवारा जा सकता है। पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमाइल अहमद ने कहा कि शिक्षक समाज की सबसे बड़ी शक्ति हैं और उनका सम्मान करना हमारी सांस्कृतिक परंपरा का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि पासवा सदैव निजी विद्यालयों एवं शिक्षकों के हितों की रक्षा तथा उनके सम्मान के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

समारोह के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जिले के सभी 19 प्रखंडों से आए निजी विद्यालयों के संचालकों एवं प्राचार्यों को प्रतीक-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना करते हुए उन्हें गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा के लिए निरंतर कार्य करते रहने को कहा।

## ताराचण्डी धाम स्थित महर्षि अंजनेश आश्रम में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

लोकतंत्र की आवाज



सासाराम। ताराचण्डी धाम स्थित महर्षि अंजनेश आश्रम में बुधवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर हजारों की संख्या में संत, श्रद्धालु, शिष्य एवं भक्त उपस्थित होकर गुरु परंपरा के प्रति अपनी अटूट आस्था व्यक्त की।

आश्रम के मीडिया प्रभारी रजनीश कुमार वर्मा ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर जगतगुरु कौलाचार्य ब्रह्मलीन महर्षि अंजनेशानंद सरस्वती जी महाराज की समाधि स्थल पर स्थापित प्रतिमा का वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। विदित हो कि महर्षि अंजनेशानंद सरस्वती जी महाराज 14 मई 2025 को ब्रह्मलीन हुए थे तथा 15 मई 2025 को आश्रम परिसर में उनकी समाधि स्थापित की गई थी। इसके उपरांत महर्षि विश्वामित्र मुनि गुरुपीठ की व्यास गद्दी पर विराजमान स्वामी रणजीतेशानंद जी महाराज का शिष्यों एवं भक्तों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन-अर्चन किया गया। श्रद्धालुओं ने गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा प्रसाद ग्रहण किया।

अपने आशीर्वचन में स्वामी रणजीतेशानंद जी महाराज ने गौ, गीता एवं गंगा के संरक्षण तथा उनके आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति की आत्मा इन सनातन मूल्यों में निहित है। उन्होंने मातृशक्ति की महत्ता पर विशेष बल देते हुए युवाओं से संस्कारयुक्त, अनुशासित एवं आध्यात्मिक जीवन अपनाने तथा राष्ट्रहित में सकारात्मक योगदान देने का आह्वान किया। गुरु पूर्णिमा महोत्सव में रोहतास के जिलाधिकारी दीपक मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी (सासाराम) डॉ. नेहा कुमारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विप्लव कुमार, सासाराम नगर थाना प्रभारी शिवेंद्र कुमार सहित जिला प्रशासन के अनेक पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने गुरु पूजन में सहभागिता कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा आश्रम की आध्यात्मिक परंपरा की सराहना की।

इस अवसर पर रामायण पांडेय (ऐलोन), उमेश सिंह, लक्ष्मी सिंह, शेखर कुमार, संजय केशरी, महंत गोपाल दास जी, सतनारायण सिंह, सुरेश दास जी, कन्हैया ओझा, सुशील कुमार श्रीवास्तव, कन्हैया प्रसाद, अमरेंद्र नारायण सिन्हा, गोविंद गिरी, मुद्रिका सिंह, अरुण कांस्यकार, गोपाल पाण्डेय, दिनेश मिश्रा, प्रयागराज से अनिल श्रीवास्तव, सुधीर कुमार, अरुण नेता, विनोद कुमार, बिक्की कुमार, श्रवण देव (पुष्कवीर मठ), राम कृपाल (मछली बंदर मठ), आनंद देव (चौषठी मठ, काशी), रामानंद सरस्वती (कामरू मठ, काशी), दिनेश प्रसाद वर्मा, अश्वनी श्रीवास्तव, संजय लाल, राकेश रंजन प्रताप, अमित कुमार, कार्तिक आनंद, हंस राज सिंह, मदनानंद जी, धनंजयानंद जी, सुरेश विश्वकर्मा, सरदार महेंद्र सिंह, दीपक कुमार सोनी, जय शंकर मुखिया, घनश्याम कुमार, स्वामी सीताराम जी, किशोर कुमार, पंकज सिंह, मृत्युञ्जय कुमार, दीपक कुमार, कुणाल कुमार, उत्पल कुमार, दीपक श्रीवास्तव, कन्हैया प्रसाद वर्मा, सुनील कुमार, पंकज कुमार, आलोक कुमार, सुधांशु कुमार, मनोज कुमार (बक्सर) तथा चंदन सोनी सहित हजारों संत, भक्त एवं शिष्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सामूहिक आरती, गुरु वंदना एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। संपूर्ण आश्रम परिसर भक्ति, श्रद्धा एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा।

## कैथी रजवाहा से पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया

लोकतंत्र की आवाज

नासरीगंज। कच्छवा थाना क्षेत्र के मंगराव स्थित राइस मिल के समीप कैथी रजवाहा से 14 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान नासरीगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत के वार्ड 04 निवासी संतोष कुमार का 14 वर्षीय पुत्र बालाजी के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार सबसे पहले ग्रामीणों की नजर रजवाहा में तैरते शव पर पड़ी और लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद थानाध्यक्ष मनीष कुमार पूरे दल-बल के साथ कच्छवा थाने की पुलिस अवसर पर पहुंचे। पुलिस के समक्ष शव को रजवाहा से बाहर निकाला गया। पुलिस प्रशासन द्वारा युवक के हाथ पर लिखे उसका और उसके पिता का नाम पढ़ते ही नासरीगंज थाना को सुचित किया गया। रोते बिलखते परिजन अवसर पर पहुंच गये। इसी क्रम में मुखिया वकील यादव, सरपंच मोतीलाल साह, बिस सूत्री अध्यक्ष डॉ० अमरेंद्र कुमार, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष संजय कुमार उर्फ लालबाबू प्रसाद व लूकेश्वर कुमार प्रिय समेत कई जनप्रतिनिधि और समाजसेवी भी अपने दायित्व निभाते हुए अवसर पर पहुंच गये। कच्छवा थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि कैथी रजवाहा से 14 वर्षीय युवक बालाजी कुमार का शव मिला। जिसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया हैं। मृतक नासरीगंज का रहने वाला हैं। पोस्टमार्टम के उपरांत शव को परिजन को सौप दिया गया।

## नारायण वर्ल्ड स्कूल, जमुहार द्वारा आयोजित क्लस्टर-3 गेम्स के तहत बास्केटबॉल का बहुप्रतीक्षित महाकुंभ संपन्न

लोकतंत्र की आवाज



■ अंडर 19 लड़कियों की श्रेणी में आर एम एस स्कूल रांची ने विद्या भारती चिन्मय स्कूल को हराकर खिताब जीता

सासाराम। नारायण वर्ल्ड स्कूल, जमुहार द्वारा आयोजित और गोपाल नारायण सिंह यूनिवर्सिटी द्वारा प्रायोजित सीबीएसई क्लस्टर-3 गेम्स के तहत बास्केटबॉल का बहुप्रतीक्षित महाकुंभ, यूनिवर्सिटी के शानदार एरिना में पूरे जोश और राज्य-स्तरीय उत्साह के साथ संपन्न हुआ। यह टूर्नामेंट प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और खेल भावना का एक शानदार उत्सव साबित हुआ, जिसने पूरे क्षेत्र पर गहरी छाप छोड़ी।

फाइनल मुकाबले बेहद रोमांचक और जोश से भरे रहे। अंडर-19 लड़कों की श्रेणी में, के पी एस स्कूल ने डी पी एस रांची को हराकर जीत हासिल की, जबकि धनबाद पब्लिक स्कूल ने दूसरा रनर-अप स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 लड़कियों की श्रेणी में आर एम एस स्कूल रांची ने विद्या भारती चिन्मय स्कूल को हराकर खिताब जीता और के पी एस स्कूल तथा थे वी एम श्यामली दूसरे रनर-अप रहे।

अंडर-17 लड़कों की श्रेणी में, जी जी पी एस ने श्री अयप्पा पब्लिक स्कूल को हराया, जबकि नारायण वर्ल्ड स्कूल, जमुहार और महाबोधि ट्री स्कूल, गया ने दूसरा रनर-अप स्थान हासिल किया। अंडर-17 लड़कियों की श्रेणी में, बोकारो पब्लिक स्कूल ने गोविंदा इंटरनेशनल स्कूल को हराया, और शिक्षा निकेतन तथा ट्रिनिटी ग्लोबल स्कूल दूसरे रनर-अप रहे।

अंडर-14 लड़कों की श्रेणी में, जी डी मदर्स एकेडमी ने सेंट पॉल स्कूल के खिलाफ जीत हासिल की, जबकि नारायण वर्ल्ड स्कूल, जमुहार और डॉ. डी. वाई. पाटिल स्कूल, पटना ने दूसरा रनर-अप स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 लड़कियों की श्रेणी में श्री अयप्पा पब्लिक स्कूल ने लोयोला हाई स्कूल, पटना को हराकर खिताब जीता, और काव्यप्ता ग्लोबल स्कूल तथा कराली स्कूल दूसरे रनर-अप रहे। स्कूल प्रबंधन ने सी बी एस सी, गोपाल नारायण सिंह यूनिवर्सिटी, सभी स्टाफ सदस्यों, प्रतिभागियों और समर्थकों का इस कार्यक्रम को भव्य रूप से सफल बनाने में उनके बहुमूल्य सहयोग और योगदान के लिए दिल से आभार व्यक्त किया।

## गुप्ताधाम में शराब के नशे में एक व्यक्ति का हो- हंगामा, वन कर्मी से किया धक्का मुक्की

लोकतंत्र की आवाज



दिनेश तिवारी

चेनारी। बिहार राज्य के रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम से 65 किलोमीटर दूर चेनारी थाना क्षेत्र अंतर्गत कैमूर पहाड़ियों के मनमोहक वादियों में स्थित प्रसिद्ध गुप्ताधाम का नाम सर्व विदित है ये बात हम नहीं पूर्व जिलाधिकारी धर्मेंद्र सिंह नहीं कही थी। गुप्ताधाम में एक माह तक चलने वाले श्रावणी मेले में लाखों श्रद्धालु पवित्र शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के लिए आते है।

इस मेले की तैयारियों को लेकर बहुत पहले से जिला प्रशासन एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तैयारी कर चुकी है। लेकिन आज गुरू पूर्णिमा के दिन गुप्ताधाम में एक शराबी द्वारा शराब सेवन कर खुद हो हल्ला हंगामा एवं तांडव किया गया। यहां तक कि शराबी द्वारा वन विभाग के कर्मी से धक्का मुक्की भी किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना बुधवार के दिन समय लगभग 2:00 बजे की है इससे गुप्ताधाम परिसर में कुछ समय के लिए आफरा तफरी का महौल बन गया। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब पूरे राज्य में शराब बंदी कानून लागू है और पुलिस प्रशासन का दावा है कि इस कानून का पालन कड़ाई से किया जा रहा है तो राज्य के सबसे प्रसिद्ध एवं पवित्र गुप्ताधाम परिसर में शराब पीकर कैसे पहुंच सकता है अगर कोई नशे के हालत में पाया जाता है तो इसे साफ जगजाहिर होता है कि गुप्ताधाम में शराब खुलेआम बिक रहा है और शराबियों को सुलभता से शराब उपलब्ध हो रहा है तो इस स्थिति में चेनारी थाना, उगहनी ओपी, वन, विभाग एवं स्थानीय प्रशासन की तैयारी कैसी है सुरक्षा का बंदोबस्त कैसा है। मेले में कहीं शराबियों के चलते विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था में खलल उत्पन्न न हो जाए। इस लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन को अवैध शराब बिक्री, भंडारण, परिवहन, शराब सेवन, शराब कारोबारी एवं शराब माफियाओं के विरुद्ध बड़े पैमाने पर विशेष सर्च अभियान शुरू करने की जरूरत है।

## बिक्रमगंज : तेंदूनी चौक से थाना चौक तक विशेष अतिक्रमण हटाओ का चलाया गया अभियान

लोकतंत्र की आवाज



बिक्रमगंज। अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज की अध्यक्षता में नगर परिषद्, बिक्रमगंज अंतर्गत तेंदूनी चौक से थाना चौक तक विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। यह अभियान क्षेत्र में अस्थायी अतिक्रमण के कारण उत्पन्न हो रही यातायात बाधा, आमजन की आवाजाही में हो रही कठिनाइयों तथा विधि-व्यवस्था के सुचारू संचालन को दृष्टिगत रखते हुए संचालित किया गया। अभियान के दौरान सड़क के दोनों किनारों, नालों एवं सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अस्थायी अतिक्रमण को नियमानुसार हटाया गया। साथ ही संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण नहीं करने हेतु सख्त निर्देश दिए गए।

अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त रखना प्रशासन एवं नागरिकों की साझा जिम्मेदारी है। नगर परिषद् क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुगम बनाने तथा आम नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित करने हेतु इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। अभियान के सफल संचालन हेतु नगर परिषद्, बिक्रमगंज द्वारा पर्याप्त संख्या में मानवबल, सफाई कर्मी, जेसीबी/ट्रैक्टर आदि की व्यवस्था की गई थी तथा स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा विधि-व्यवस्था संधारण में आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया। प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे स्वेच्छा से सार्वजनिक स्थलों एवं सड़कों पर अतिक्रमण न करें तथा नगर को स्वच्छ, व्यवस्थित एवं सुगम बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर कार्यपालक दंडाधिकारी, बिक्रमगंज, नगर कार्यपालक पदाधिकारी व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जमीनी विवाद में बघैला पुलिस की बड़ी कारवाई, चार लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई कर एसडीएम ने कोर्ट भेजा

लोकतंत्र की अवाज

राजपुर (रोहतास)। रोहतास जिला के बघैला थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया है। बघैला थाना पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए चार लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कारवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार बघैला थाना कांड संख्या 56/26 (दिनांक 28/7/26) के तहत पचपोखरी गाँव में चल रहे एक जमीनी विवाद के मामले में यह कारवाई कि गई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कानून-व्यवस्था और शांति बनाये रखने के लिए BNSS कि धारा 126/170 के तहत निरोधात्मक कदम उठाया है। 1.कुमार जितेन्द्र, उम्र- 39 वर्ष, पिता- सत्येंद्र प्रसाद गुप्ता, 2. लक्ष्मण साह, उम्र- 59 वर्ष, पिता- स्व० हीरा साह, 3.भगवत प्रसाद साव उम्र लगभग 59 वर्ष पिता स्व० रामजग साह, 4.रामनारायण साह, उम्र- 59 वर्ष, पिता- स्व० राम प्रसाद साह है ये सभी आरोपी ग्राम पचपोखरी, थाना बघैला, जिला रोहतास के रहने वाले हैं। पुलिस ने सभी चारों व्यक्तियों को निरोधात्मक कारवाई के तहत अनुमंडल दंडाधिकारी (SDM) सासाराम के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भेज दिया है। बघैला थानाध्यक्ष करण कुमार ने बताया कि क्षेत्र में किसी भी तरह के जमीनी विवाद से शांति भंग नहीं होने दी जाएगी और ऐसे मामलों में आगे भी कड़ी कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। थानाध्यक्ष ने यह भी बताया कि क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाये रखना पुलिस कि पहली प्राथमिकता है। पचपोखरी गाँव में इस जमीनी विवाद के कारण शांति भंग होने की आशंका थी इसलिए यह कदम उठाया गया है।

### नटवार एवं बाजार समिति इंडस्ट्रियल फीडर की विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

लोकतंत्र की आवाज

बिक्रमगंज। विद्युत आपूर्ति प्रशाखा दिनारा अंतर्गत 30 जुलाई (गुरुवार) को नटवार पावर सब-स्टेशन में बैजल कंपनी द्वारा नया पैनल स्थापित किए जाने के कारण प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक नटवार फीडर एवं बाजार समिति इंडस्ट्रियल फीडर से विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। कनीय विद्युत अभियंता दिनारा विकास कुमार ने बताया कि विद्युत व्यवस्था को अधिक सुरक्षित, विश्वसनीय एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नटवार पीएसएस में नया पैनल स्थापित किया जा रहा है। इस कार्य के दौरान सुरक्षा कारणों से दोनों फीडरों की विद्युत आपूर्ति निर्धारित अवधि तक बंद रहेगी। कार्य पूर्ण होने के पश्चात विद्युत आपूर्ति पुनः सामान्य कर दी जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि निर्धारित अवधि के दौरान संभावित असुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक तैयारी कर लें।

## डीएम दीपक कुमार मिश्र द्वारा ध्वजारोहण के साथ ही मां ताराचंडी धाम में एक माह तक आयोजित होने वाले श्रावणी मेले का शुभारंभ

लोकतंत्र की आवाज

सासाराम। सासाराम स्थित मां ताराचंडी धाम में 28 अगस्त (एक माह) तक आयोजित होने वाले श्रावणी मेले का शुभारंभ बुधवार को जिला पदाधिकारी, रोहतास दीपक कुमार मिश्र द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। उद्घाटन समारोह में कमिटी के अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सासाराम, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, ताराचंडी कमिटी के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने मंदिर परिसर एवं मेले की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था का जायजा लिया।



■ उद्घाटन समारोह में एसडीएम, एसडीपीओ, डीपीआरओ, विशेष कार्य पदाधिकारी ताराचंडी कमिटी के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु रहे उपस्थित

जिला पदाधिकारी ने कहा कि श्रावणी मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मंदिर परिसर एवं आसपास पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही, किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए मेडिकल टीम एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि श्रद्धालुओं को त्वरित सहायता मिल सके। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए विशेष ट्रैफिक व्यवस्था भी लागू की गई है। यातायात को व्यवस्थित रखने के लिए प्रमुख मार्गों पर पुलिसकर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी, जिससे मेले के दौरान किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं से प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

# संक्षिप्त खबरें ।

## जरमुने पश्चिमी पंचायत माहौरी ऊपर टोला का ट्रांसफार्मर पूर्वमुखिया संतोष रजक के पहल पर लगाया गया



लोकतन्त्र की आवाज
बगोदर गिरीडीह (झारखंड)। बगोदर प्रखंड के जरमुने पश्चिमी पंचायत का माहुरी ग्राम उपरटोला का ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण उस टोले मे पिछले कई दिनों से अंधेरे में रहने को ग्रामीण विवश थे, जिसकी खबर निवर्तमान मुखिया संतोष रजक को दिया गया।उन्होंने त्वरित पहल करते हुए गिरीडीह बिजली विभाग के अधिकारी से सोमवार को पहुंचकर विभाग के अधिकारी से मुलाकात कर नया ट्रांसफार्मर देने का आग्रह किया था। जिस पर बिजली विभाग से 100 KVA का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया जिसे बुधवार को व्यवस्थित करते हुए लगाया गया पूर्वमुखिया ने कहा कि ट्रांसफार्मर उपलब्ध हो जाने से ग्रामीणों को राहत मिलेगी और इस बरसात की उस समस्या में अनेकों प्रकार के जीव जंतु घर आंगन में प्रवेश करते हैं जिससे राहत भी मिलेगी। ट्रांसफार्मर आने से ग्रामीण काफी खुश हैं एवं पूर्वमुखिया संतोष रजक को धन्यवाद और आभार प्रकट किए ।

## पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग के द्वारा कटकमदाग थाना का औचक निरीक्षण किया गया



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)। हजारीबाग पुलिस अधीक्षक के द्वारा कटकमदाग थाना का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के क्रम में निम्नलिखित पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे । ज्ञान रंजन, पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय हजारीबाग। पुलिस निरीक्षक, सपन कुमार महथा, पुलिस अधीक्षक पेलावल अंचल। पु0अ0नि0 सरोज सिंह चौधरी थाना प्रभारी, कटकमदाग। कटकमदाग के अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी। निरीक्षण के क्रम मे पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के द्वारा उपरोक्त पुलिस पदाधिकारी कर्मियों को थाना निरीक्षण के क्रम में आवश्यक निर्देश दिया गया है जिसमे थाना का विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।थाना में सभी पंजों का अवलोकन किया गया, लंबित कांड, वारंट, कुर्की चरित्र सत्यापन पासपोर्ट का समीक्षा कर निष्पादन करने हेतु सभी संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त थाना क्षेत्र में जितने भी अभियुक्त फिरार हैं उनकी गिरफ्तारी करने का निर्देश दिया गया है। साथ हीं अवैध मादक पदार्थ से संबंधित काण्डो में अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु जितने भी कांड लंबित है उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने सभी संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया गया है। नशा के विरुद्ध लोगों के बीच व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। क्षेत्र में विधि व्यवस्था को शांतिपूर्ण बनाए रखने हेतु आमजनो तथा जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर संबंध बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया है। कटकमदाग थाना क्षेत्र में जितने भी भू माफिया है उन्हें चिन्हित कर उनके रूप जितने भी कांड लंबित है उन कांडों को समीक्षा कर उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। कटकमदाग थाना अंतर्गत अवस्थित कोल साइडिंग एरिया, ट्रांसपोर्टिंग तथा अन्य क्षेत्रों में निरंतर गस्ती जारी रखने का निर्देश दिया गया है।

## धनबाद में ED की दस्तक, बाघमारा सहित कई ठिकानों पर छापेमारी से कोयला कारोबार में हड़कंप



लोकतंत्र की आवाज़
धनबाद कतरास
ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता। प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने धनबाद और बाघमारा क्षेत्र में कथित कोयला कारोबार से जुड़े कई ठिकानों पर मंगलवार सुबह छापेमारी की। कार्रवाई के बाद पूरे क्षेत्र में कोयला व्यवसाय से जुड़े लोगों के बीच हड़कंप की स्थिति देखी गई। जानकारी के अनुसार, ED की टीम ने कपूरिया स्थित गोयल भट्ठा, धनबाद नगर निगम के डिप्टी मेयर अरुण चौहान के भाई हरेंद्र चौहान के आवास तथा तेतुलिया निवासी कोयला व्यवसायी रोहित यादव के घर सहित कई स्थानों पर जांच और तलाशी अभियान चलाया। सूत्रों के अनुसार, ED की टीम संबंधित दस्तावेजों और अन्य साक्ष्यों की जांच में जुटी है। हालांकि, छापेमारी के कारणों और बरामदगी को लेकर अभी तक ED की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। कार्रवाई की सूचना मिलते ही पूरे कोयला व्यवसाय से जुड़े क्षेत्र में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। ED की जांच जारी है और आधिकारिक जानकारी का इंतजार किया जा रहा है।

## आरटीआई एक्टिविस्ट अधिवक्ता परवेज आलम को जान का खतरा



लोकतंत्र की आवाज
झारखंड। मधुपुर–गोड्डा क्षेत्र में फैली भ्रष्टाचार, साइबर अपराध और गुंडागर्दी के खिलाफ लगातार आवाज बुलंद करने वाले आरटीआई एक्टिविस्ट एवं अधिवक्ता मोहम्मद परवेज आलम को अब अपनी जान का खतरा सताने लगा है और उन्होंने किसी अप्रिय घटना होने पर इसका जिम्मेदार राज्य सरकार के एक मंत्री और उनके लोगों को जिम्मेदार बताया है। स्थानीय ग्राउंड रिपोर्टिंग के सूत्रों के अनुसार परवेज आलम ने आरटीआई के माध्यम से कई भ्रष्टाचारियों और असामाजिक तत्वों के काले कारनामों को उजागर किया है। इसी कारण वे कुछ प्रभावशाली राजनेताओं और माफियाओं के निशाने पर आ गए हैं। उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं। 29 जुलाई 2026 को जब एक पत्रकारों की टीम ग्राउंड रिपोर्टिंग के लिए क्षेत्र में पहुंची तो स्थानीय लोगों में भय देखने को मिला। लोगों का कहना है कि परवेज आलम एक निडर और ईमानदार व्यक्ति हैं जो हमेशा सच और न्याय के साथ खड़े रहते हैं। सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने राज्य सरकार से मांग की है कि ₹शून्य–सहिष्णुता₹ और सुशासन की नीति के तहत अधिवक्ता मोहम्मद परवेज आलम एवं उनके परिवार को तत्काल सुरक्षा प्रदान की जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो किसी भी अप्रिय घटना की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। मामले ने अब राजनीतिक और सामाजिक गलियारों में भी चर्चा का विषय बन गया है।

# हजारीबाग के भेलवाटांड़ जंगल स्थित तालाब में दर्दनाक हादसा, डीएवी स्कूल के नौवीं के छात्र की डूबने से मौत

लोकतंत्र की आवाज





सांसद मनीष जायसवाल ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत छात्र की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की

**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जगदीशपुर स्थित भेलवाटांड़ जंगल (भोलुआ पोखर, सिंघानी) में बुधवार को एक दर्दनाक हादसे में डीएवी पब्लिक स्कूल, हजारीबाग के नौवीं कक्षा के छात्र हिमांशु राज (15 वर्ष) की तालाब में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे परिवार, विद्यालय तथा क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं, इस मामले को लेकर परिजनों ने निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

मृतक हिमांशु राज, धर्मेंद्र कुमार का पुत्र था। धर्मेंद्र कुमार झारखंड पुलिस में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत हैं और वर्तमान में कोडरमा में पदस्थापित हैं। परिवार हजारीबाग के नूतन नगर में रहता है, जबकि उनका मूल निवास कटकमदाग प्रखंड के ग्राम पसई में है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हिमांशु बुधवार सुबह घर से स्कूल वैन पकड़कर डीएवी पब्लिक स्कूल जाने के लिए निकला था।इसी बीच परिजनों को सूचना मिली कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भोलुआ पोखर, सिंघानी में उसका शव मिला है।

बताया जा रहा है कि वह अपने कुछ मित्रों के साथ वहां गया था। आशंका है कि तालाब में नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना के बाद उसके साथ गए कुछ मित्र वहां से चले गए। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों एवं मुक्ति सेवा संस्थान के नीरज कुमार के सहयोग से छात्र के शव को तालाब से बाहर निकाला गया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया एवं पंचनामा पूरा करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही कोडरमा में पदस्थापित पिता धर्मेंद्र कुमार तत्काल हजारीबाग पहुंचे। बेटे का शव देखते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलने पर सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी तत्काल अस्पताल पहुंचे और पोस्टमार्टम सहित अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं में परिजनों को सहयोग किया। साथ ही कटकमदाग के अंचल अधिकारी (सीओ) को भी मामले की जानकारी दी गई। रंजन चौधरी ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि यह स्पष्ट होना चाहिए कि छात्र किन परिस्थितियों में वहां पहुंचा और हादसा कैसे हुआ। उन्होंने अभिभावकों एवं बच्चों से भी अपील की कि सुनसान एवं गहरे जलाशयों में जाने से बचें तथा सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

सांसद मनीष जायसवाल ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत छात्र की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की। उन्होंने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और यदि किसी प्रकार की लापरवाही सामने आती है तो दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर बच्चों की सुरक्षा और खतरनाक जलाशयों के प्रति सतर्कता की आवश्यकता को रेखांकित किया है। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से ऐसे स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है।

## सऊदी अरब से सतेंद्र महतो का शव के गांव पहुंचते ही मचा कोहराम, चीख और चीत्कार से पूरा क्षेत्र हुआ गमगीन

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** बोकारो जिले के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के अंतर्गत के कतवारी के रहने वाले प्रवासी मजदूर का शव एक महीने बाद सऊदी अरब से गांव पहुंचा है।बुधवार सुबह को शव जैसे ही कतवारी गांव पहुंचा ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

शव के अंतिम दर्शन करने के लिए लोग जुटे हुए थे। इधर शव पहुंचते हीं परिजनों के चित्कार से माहौल गमगीन हो गया।पत्नी और बच्चों का रो- रोकर बुरा हाल हो गया और जो भी यह दृश्य देख रहा था अपने आंसू नहीं रोक पा रहा था।बता दें कि कतवारी के प्रवासी मजदूर सत्येंद्र महतो सऊदी अरब में रहकर एक कंपनी में करते थे। एक महीने पूर्व 25 जून को उनकी वहीं पर सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।सत्येंद्र महतो 26 नवंबर 2024 को घर से सऊदी अरब के लिए निकाला था।हमद सालेह अल-काफ कॉन्ट्रैक्टिंग एस्टैब्लिशमेंट कंपनी में ट्रक ड्राइवर के रूप में कार्य था। वह अपने पीछे पुत्री प्रीति कुमारी(21),पुत्र अरविंद कुमार और पुत्र मंगेश कुमार(13)को छोड़ गया।इधर प्रवासी मजदूरों के हितार्थ काम करने वाले सिकन्दर अली भी मौके पर पहुंचे।उन्होंने कहा कि यह पहली घटना नहीं है।इसके पूर्व भी विदेशों से की महीने बाद शव आने का रिकॉर्ड है।

## धनबाद सिजुआ में 2 अगस्त 2026 को शहीद शक्तिनाथ महतो की पुण्य जयंती पर होगा भव्य श्रद्धांजलि समारोह, भाजपा नेताओं ने प्रेसवार्ता कर दी जानकारी

लोकतंत्र की आवाज़



**धनबाद कतरास**
**ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता।** तेतुलमुड़ी बस्ती स्थित शहीद शक्तिनाथ महतो विद्यालय परिसर में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रमंडलीय प्रभारी सुरेश महतो ने प्रेसवार्ता आयोजित कर शहीद शक्तिनाथ महतो की 2 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाली पुण्य जयंती समारोह की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहीद शक्तिनाथ महतो की पुण्य जयंती पूरे श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाई जाएगी।

प्रेसवार्ता में भाजपा महानगर धनबाद के अध्यक्ष श्रवण राय, जिला अध्यक्ष महेश पासवान, मंडल अध्यक्ष असीम कुमार, पूर्व जिला उपाध्यक्ष (ग्रामीण) रमेश महतो, पूर्व पार्षद धर्मेंद्र महतो उर्फ डिस्को तथा जिला कार्यसमिति (ग्रामीण) सदस्य प्रदीप वर्मा सहित कई भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आयोजकों ने बताया कि 2 अगस्त को आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में धनबाद सांसद *ढुल्लू महतो, गिरिडीह सांसद **चंद्र प्रकाश चौधरी, बाघमारा विधायक **शत्रुघ्न महतो, झरिया विधायक **रागिनी सिंह, धनबाद विधायक **राज सिन्हा* सहित कई प्रमुख जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों के शामिल होने की संभावना है।

प्रेसवार्ता के दौरान वक्ताओं ने शहीद शक्तिनाथ महतो के जीवन और उनके सामाजिक योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका जन्म 2 अगस्त 1948 को धनबाद के तेतुलमुड़ी गांव में हुआ था।उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा जोगता प्राथमिक विद्यालय तथा गांधी स्मारक विद्यालय से प्राप्त की। इसके बाद धनबाद आईटीआई से फिटर ट्रेड का प्रशिक्षण लेकर बीसीसीएल के मुनीडीह प्रोजेक्ट में कार्यरत रहे। बताया गया कि शहीद शक्तिनाथ महतो केवल एक कर्मठ कर्मचारी ही नहीं, बल्कि समाज सुधारक और झारखंड आंदोलन के सक्रिय योद्धा भी थे।झारखंड आंदोलन के पुरोधा *विनोद बिहारी महतो* के सान्निध्य में शिक्षा के प्रसार, बाल विवाह, दहेज प्रथा और नशामुक्ति जैसे सामाजिक मुद्दों पर व्यापक जनजागरण अभियान चलाया। उनके सामाजिक कार्यों और जनसरोकारों के कारण वे क्षेत्र में विशेष पहचान रखते थे।

वक्ताओं ने कहा कि 28 नवंबर 1977 को सिजुआ में अपराधियों द्वारा उनकी हत्या कर दी गई थी। उनके बलिदान और समाज के प्रति समर्पण को स्मरण करते हुए प्रत्येक वर्ष उनकी पुण्य जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई जाती है। इस वर्ष भी आयोजन को भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप देने की तैयारी की जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

## गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में भव्य आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ गिरिडीह झारखंड (2026.07.30)।** आषाढ़ महीने की पूर्णिमा के दिन महर्षि वेदव्यास जी का जन्म हुआ था इसलिए गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा में गुरु पूर्णिमा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री आनंद कमल जी एवं हजारीबाग विभाग के विभाग प्रमुख श्री ब्रजेश कुमार सिंह जी ने दीप प्रज्वलित कर तथा महर्षि वेदव्यास के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया।

विभाग प्रमुख श्री ब्रजेश कुमार सिंह जी ने कहा कि गुरु समाज की विसंगतियों को दूर कर हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। शिक्षक और छात्र दोनों एक-दूसरे के गुरु हैं। हर वह व्यक्ति जो हमें सही रास्ता दिखाए वही गुरु हैं। प्रधानाचार्य श्री आनंद कमल जी ने संदेश दिया कि गुरु ही जीवन के निर्माता हैं। एक सच्चा गुरु शिष्य के चरित्र निर्माण, ज्ञान और संस्कारों की नींव रखता है। गुरु-शिष्य परंपरा को जीवित रखना हम सभी का दायित्व है। भैया-बहनों ने काव्य पाठ, भाषण, भजन एवं नृत्य प्रस्तुत किए। वंदना प्रमुख श्री मनीष आचार्य जी एवं घोष प्रमुख श्री विपिन आचार्य जी ने दिशा-निर्देशन किया।

आचार्य श्री शुभेंदु चंदन जी एवं आचार्या सुश्री पृथा दीदी ने गुरु महिमा पर विचार व्यक्त किए। डॉ. ब्रजेश बर्णवाल जी ने गुरु की नितांत आवश्यकता विषय पर काव्य पाठ प्रस्तुत किए। आचार्य श्री शेखर जी ने भी गुरु महिमा पर काव्य पाठ किया। मंच संचालन अजित मिश्र जी ने किया। कुशल संचालन के दौरान इन्होंने एक से एक हाइकू प्रस्तुत कर सभी भैया -बहनों व आचार्य दीदी जी को मुग्ध किया। भैया-बहनों ने आचार्य-दीदी जी की भूमिका निभाते हुए कक्षाध्यापन का कार्य भी किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन एवं शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## हाथी के हमले से उपेन्द्र यादव की मृत्यु के बाद वन विभाग ने आश्रित को दी सहायता राशि

लोकतंत्र की आवाज



बगोदर गिरिडीह (झारखंड)। बिरनी प्रखंड के जरीडीह पंचायत अंतर्गत जरीडीह गांव में तीन दिन पूर्व हाथियों के हमले में उपेंद्र यादव की दर्दनाक मृत्यु हो गई थी। बुधवार को वन विभाग के अधिकारियों द्वारा उनकी विधवा पत्नी को ₹1 लाख की नगद अनुग्रह राशि प्रदान की गई। अधिकारियों ने बताया कि शेष ₹4 लाख की राशि एक-दो दिनों के भीतर उनके बैंक खाते में भेज दी जाएगी। साथ साथ 5 लाख रुपये बैंक अकाउंट में डिपाजिट जमा कीया जाएगा

बिरनी प्रमुख रामु बैठा ने बताया कि सरकारी प्रावधानों के अनुसार हाथी हमले से प्रभावित परिवार को मिलने वाले अन्य सभी निर्धारित लाभ भी नियमानुसार उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासन से इस संबंध में लगातार समन्वय स्थापित किए जा रही है, ताकि पीड़ित परिवार को किसी प्रकार की परेशानी न हो। अधिकारियों ने यह भी जानकारी दी कि दिवंगत की विधवा पत्नी को तीन वर्षों तक प्रतिमाह ₹2,000 की विधवा पेंशन प्रदान की जाएगी।

इस अवसर पर बिरनी प्रमुख रामु बैठा , सांसद प्रतिनिधि, जरीडीह पंचायत के स्थानीय मुखिया, वन विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।इस दौरान बिरनी प्रमुख रामु बैठा ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से पीड़ित परिवार को अंबेडकर आवास योजना का लाभ शीघ्र स्वीकृत करने का आग्रह किया। इस पर बीडीओ ने आश्वासन दिया कि आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर परिवार को जल्द से जल्द आवास योजना का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। बिरनी प्रमुख रामु बैठा ने कहा कि पीड़ित परिवार को सरकार की सभी निर्धारित सहायता एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर दिलाने के लिए वे लगातार प्रशासन के संपर्क में हैं।

## बीएसएनएल दूरसंचार सलाहकार समिति में पांच सदस्यों का नामांकन स्वीकृत

लोकतंत्र की आवाज

सांसद मनीष जायसवाल की अनुशंसा पर हुई स्वीकृति



**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा अनुशंसित नामों में से पांच व्यक्तियों को बीएसएनएल दूरसंचार सलाहकार समिति (टेलीकॉम एडवाइजरी कमिटी-टीएसी) का सदस्य नामित करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

इस संबंध में मंत्रालय की ओर से 27 जुलाई 2026 को आधिकारिक पत्र जारी किया गया। मंत्रालय के पत्र के अनुसार सांसद मनीष जायसवाल ने अपने लोकसभा क्षेत्र से योग्य व्यक्तियों के नाम समिति के लिए भेजे थे। विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप उनकी अनुशंसा पर पांच सदस्यों का चयन कर उन्हें टीएसी सदस्य के रूप में नामित किया गया है। नामित सदस्यों में रामगढ़ जिले के भुरकुंडा मंडल निवासी योगेश कुमार दांगी, घाटो मंडल के निवासी रणधीर कुमार सिंह और हजारीबाग जिले के चौपारण मंडल निवासी राजेंद्र कुमार चंद्रवंशी (सिंह), पदमा मंडल निवासी सुरेंद्र प्रसाद करौंच और केरेडारी मंडल निवासी महेंद्र कुमार सिंह शामिल हैं। सांसद मनीष जायसवाल ने सभी नव-नामित सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि वे दूरसंचार सेवाओं से जुड़े जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से समिति के समक्ष रखेंगे तथा बीएसएनएल की सेवाओं को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## गुरु पूर्णिमा के मौके पर श्री कबीर ज्ञान मंदिर में बही भक्ति की बयार

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ गिरिडीह झारखंड (2026.07.30)।** गिरिडीह श्री कबीर ज्ञान मंदिर में परम वंदनीय सद्गुरु मां के चरणों में शिष्यों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया क्योंकि यह तो सभी को पता है कि गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु गुरु देव महेश्वरः गुरु साक्षात पर ब्रह्म तस्मै श्री गुरुवे नमः

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री कबीर ज्ञान मंदिर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर अपने सदगुरु परम आराध्य "मां ज्ञान" का पूजन- वंदन किया। गुरु पूजन महोत्सव में पूरे झारखंड राज्य के अतिरिक्त बिहार, छत्तीसगढ़, बंगाल व अन्य स्थानों से भी श्रद्धालुओं का श्री कबीर ज्ञान मंदिर में आना हुआ है ।

इस अवसर पर सद्गुरु के प्रति भक्ति निवेदित करते हुए नन्हे मुन्ने, छोटे-छोटे बच्चियों के द्वारा गुरुभक्ति पर भावनृत्य की प्रस्तुति की गई। तत्पश्चात गुरु भक्ति पर नाट्य मंचन की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने अपना श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए अपने आराध्य के प्रति भक्ति निवेदित किया और अपना भाव व्यक्त किया। गुरु के विभिन्न पहलुओं पर, अलग-अलग विषय पर शिष्यों के द्वारा प्रतिउत्पन्नमति का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने अपने उद्गार व्यक्त किया। गुरु महिमा पर आयोजित भजन संध्या ने लोगों का मन मोह लिया।

सतगुरू माँ ज्ञान ने उपस्थित जनसमुदाय को संदेश देते हुए गुरु शिष्य के महत्व और गुरु की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान शिव आदिगुरु हैं, उन्होंने गुरु की महिमा गान करते हुए माता पार्वती को जो संदेश दिया है वह गुरु गीता में है ।सद्गुरु मां ने आगे कहा कि आज जो पाया गया है वह गुरुदेव का कृपा प्रसाद है ।जब कोई सच्चे हृदय से गुरु भक्ति करता है , तो ईश्वर उसकी मनोकामना पूरी करते हैं, प्रकृति भी उस शिष्य का रक्षा कवच बन जाती है। सच्चे गुरु भक्त का अनिष्ट हो ही नहीं सकता। आदि गुरु भगवान शिव की गुरु की महिमा गाते में गुरु गीता में रहते हैं की गुरु का स्थान पारब्रह्म परमेश्वर से भी ऊपर कहा है। उन्होंने स्वयं कहा कि शिव के रुष्ट हो जाने पर गुरु सहायक होते हैं, किंतु यदि गुरु रुष्ट हो जाए तो उसकी रक्षा शिव भी नहीं कर सकते।

शिष्यों को चाहिए की मन क्रम वचन से अपने सद्गुरु के आज्ञा का पालन करें और लोभ , मोह, अहंकार से ऊपर उठकर सद्गुरु वचनों पर का अनुसरण करें। गीता में गुरु की महता को पग पग पर देखा जा सकता है, बिना गुरु की डोर थामें महारथी अर्जुन का गांडीव भी डगमगा गया, किंतु जब गोवर्धनधारी श्रीकृष्ण गुरु की भूमिका में आते हैं तब अर्जुन के अज्ञान का परदा फाड़कर, मोह से ऊपर उटाकर सत्य की राह दिखाते हैं, तब सज्ज होकर अर्जुन अपने कर्तव्य को पूरा करता है, और सत्य की विजय होती है। व्यक्ति के जीवन में पहले गुरु उनकी मां होती है, लेकिन जन्म देने वाले गुरु का ऋण तो चुकाया जा सकता है, लेकिन जीवन देने वाले गुरु का ऋण नहीं चुकाया जा सकता। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर हम सभी अपने सद्गुरु के प्रति कृतज्ञ हो, जिनके कृपा प्रसाद से हम लौकिक और पारलौकिक जीवन में प्रसन्नता की आभा से आलोकित होते हैं।

# भभुआ-कैमूर : सखी वार्ता से महिलाओं में बढ़ा आत्मविश्वास, दी गई सरकारी योजनाओं की जानकारी




लोकतंत्र की आवाज

**भभुआ/कैमूर।** महिला विकास निगम कैमूर के तत्वावधान में 29 जुलाई 2026 को आंगनबाड़ी केंद्र सिलौटा, भभुआ में सखी वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सरकारी योजनाओं और महिला अधिकारों के प्रति जागरूक करना था।

सखी वार्ता से बढ़ता है आत्मविश्वास

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला परियोजना प्रबंधक प्रियंका कुमारी ने कहा कि सखी वार्ता के आयोजन से महिलाओं में जनजागृति और आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने कहा कि शिक्षित और सशक्त बेटियां ही सशक्त समाज और राष्ट्र की नींव हैं। उन्होंने वन स्टॉप सेंटर की जानकारी देते हुए बताया कि हिंसा से प्रभावित महिलाओं को जाति, धर्म, वैवाहिक स्थिति देखे बिना एक ही छत के नीचे चिकित्सा, कानूनी और मनो-सामाजिक परामर्श के साथ अधिकतम 5 दिन का अस्थायी आवास दिया जाता है।हिंसा ग्रस्त महिला को सामाजिक पुनर्वास कोष योजना के तहत 10 से 15 हजार रुपये की सहायता भी दी जाती है।

**हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी :** जिला समन्वयक जय शंकर राम ने महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। महिला हेल्पलाइन 181, साइबर हेल्पलाइन 1930, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस हेल्पलाइन 112 और घरेलू हिंसा हेल्पलाइन 1091 पर महिलाएं अपनी समस्या दर्ज करा सकती हैं। उन्होंने सभी महिलाओं से दहेज प्रथा, बाल विवाह और नशा मुक्ति जैसी कुरीतियों से दूर रहने की अपील की।

**इन योजनाओं की दी गई जानकारी:** प्रियंका कुमारी ने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना, मुख्यमंत्री एससी/एसटी योजना, सिविल सेवा प्रोत्साहन राशि योजना, सामाजिक पुनर्वास योजना, बाल विवाह मुक्त भारत अभियान और पॉक्सो एक्ट 2013 के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने मिशन शक्ति अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बालिकाओं को समान अधिकार और शिक्षा को प्राथमिकता देने का संकल्प दिलाया।

**कार्यक्रम की अध्यक्षता :** कार्यक्रम की अध्यक्षता विनीता गुप्ता, केंद्र प्रशासक वन स्टॉप सेंटर भभुआ ने की। संचालन कविता कुमारी, केंद्र प्रशासक वन स्टॉप सेंटर रामगढ़ ने किया। कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाएं पस्थिति रही।

## संक्षिप्त खबरें ।

### शराब पीने के आरोप में सात लोग गिरफ्तार



**दुर्गावती ।** थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शराब पीने के आरोप में सात लोगों को गिरफ्तार किया। सभी आरोपितों का चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों में खजुरा निवासी दीपक कुमार पिता– रामप्रकाश राम, छाता निवासी डब्लू राम पिता– शंकर राम, छाता निवासी सतेंद्र शाह पिता– विरेन्द्र शाह, कृष्णकांत कुशवाहा पिता– विक्रम कुशवाहा, परसौनी निवासी शेषनाथ कुमार पिता– श्याम बिहारी, पिपरिया, थाना मोहनियां निवासी पिंटू पांडे पिता– कमला पांडेय तथा अटरिया निवासी अजय बिंद पिता– विजय बिंद शामिल हैं। सभी के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए उन्हें माननीय न्यायालय भेज दिया गया।

### खेत में करंट लगने से यूपी के किसान की मौत, भेवार की महिला का भी हुआ पोस्टमार्टम



**भभुआ/कैमूर।** दुर्गावती थाना क्षेत्र के ग्राम खजुरा में खेती के दौरान बिजली करंट लगने से उत्तर प्रदेश के चंदौली निवासी लालचंद की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना में ग्राम भेवार, थाना चंद निवासी पूजा देवी का भी सदर अस्पताल भभुआ में पोस्टमार्टम किया गया। जानकारी के अनुसार मृतक लालचंद पिता छवि राम, ग्राम चारी, थाना कंदवा, जिला चंदौली, यूपी के निवासी थे। वे खजुरा गांव में खेती का काम कर रहे थे इसी दौरान करंट की चपेट में आ गए। ग्राम पंचायत खजुरा के मुखिया संजय मल्होत्रा ने तत्काल दुर्गावती थाने में सूचना दी और रात 11:00 बजे शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भिजवाया। इसी दौरान ग्राम भेवार, पोस्ट+थाना चंद निवासी पूजा देवी पति कमलेश राम का शव भी पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचा। बसपा जिला अध्यक्ष अयोध्या राम एवं बामसेफ जिला कार्यकारिणी सदस्य कैमूर सरोज कुमार ने बताया कि दोनों शवों के पोस्टमार्टम के लिए उन्होंने जिलाधिकारी कैमूर से फोन पर वार्ता की। डीएम ने तुरंत अनुमति दी। जिसके बाद रात 12:30 बजे दोनों का पोस्टमार्टम कर डॉक्टरों ने शव परिजनों को एंबुलेंस से सुरक्षित सौंप दिया। अयोध्या राम ने समय पर मदद के लिए जिलाधिकारी, सदर अस्पताल के डॉक्टरों एवं कर्मियों का आभार व्यक्त किया है।

### चैनपुर में भारी वाहन के आवागमन से कार्यालयों पदाधिकारियों बढी परेशानी



**चैनपुर (कैमूर) ।** चैनपुर प्रखण्ड कार्यालय के पीछे अवस्थित कार्यालयों का इन दिनों परेशानी बढ़ गई है। जहां कि व्यापार मंडल का गोदाम अवस्थित है। उसके पास कृषि विभाग, पीएनबी प्रशिक्षण संस्थान और बुनियादी केन्द्र का कार्यालय है। उसी के बीच एक छोटा सा रोड बनाया गया है। उसी रोड से कर्मचारियों और पदाधिकारियों का आने जाने का रास्ता है। लेकिन रोड पर ट्रकों द्वारा ओवरलोडिंग लेकर जाने से रोड का हाल और भी बदतर हो गया है। जिसको लेकर कृषि विभाग, पीएनबी प्रशिक्षण संस्थान और बुनियादी केन्द्र के संयुक्त आवेदन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चैनपुर को सौंपा है। जिस पर कृषि विभाग के कर्मचारी रजनिस कुमार ने बताया कि इस संबंध में एक आवेदन सौंप कर करवाई का मांग किया गया है। जिसमें उन्होंने बताया कि इन विभाग कार्यालय के पास व्यापार मंडल का गोदाम बनाया गया है। रोड जर्जर है। इसी में व्यापार मंडल के ट्रक भारी वाहन के साथ क्षमता से ज्यादा होने के कारण आवागमन होती है। जिससे रोड की स्थिति और भी बदतर बन गया है। जिसके चलते तीनों विभागों के पदाधिकारियों और कर्मचारियों का आने जाने में भारी परेशानी उठाना पड़ता है। और इसमें क ई बार गिर कर चोट भी लग गई है। उन्होंने मांग किया कि इसका जांच पड़ताल कर शीघ्र ही करवाई किया जाएं।

# खेत पटवन कर रहे बुजुर्ग को मारी गोली



लोकतंत्र की आवाज

**मोहनिया।** थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। बीते तीन दिनों के भीतर अलग-अलग स्थानों पर गोलीबारी की दो घटनाओं ने इलाके में सनसनी फैला दी है। ताजा मामला मोहनिया थाना क्षेत्र के नावागांव का है, जहाँ एक 70 वर्षीय बुजुर्ग को अपराधियों ने निशाना बनाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नावागांव निवासी स्वर्गीय बालगोविंद सिंह के 70 वर्षीय पुत्र रामदुलार सिंह अपने खेत की रखवाली करने और पानी चलाने के बाद दालान पर सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने उन पर गोली चला दी, जो उनकी बांह में जा लगी। घटना के तुरंत बाद परिजन और स्थानीय लोग उन्हें इलाज के लिए नजदीकी सरकारी अस्पताल ले गए। घायल के पुत्र मुन्ना सिंह ने बताया कि उनकी किसी से कोई पुरानी दुश्मनी या विवाद नहीं था, फिर भी सोते समय पिता पर यह जानलेवा हमला किया गया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची और परिजनों के बयान दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। अस्पताल के चिकित्सक डॉ. के.पी. सिंह ने बताया कि मरीज की बांह पर चोट के निशान हैं और हड्डी में फ्रैक्चर हुआ है। एक्स-रे और अन्य जांच के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट होगी। फिलहाल मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इस संबंध में मोहनिया थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बुधवार की सुबह फोन पर बताया कि पीड़ित ने अभी आवेदन नहीं दिया है, आरोपी के खिलाफ छापामारी की जा रही है।

गौरतलब है कि पिछले 72 घंटों में गोलीबारी की यह दूसरी वारदात है, जिससे ग्रामीणों में गहरा आक्रोश और भय का माहौल है। लगातार बढ़ रहे अपराध को लेकर स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने और दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

# 18.78 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज

**दुर्गावती।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मरहिया मोड़ के पास एक काले रंग की अपाचे मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन संख्या बीआर 45टी 2839) पर सवार दो अभियुक्तों को 18.78 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान रवि सिंह उर्फ अनुज सिंह (20 वर्ष), पिता बबलू सिंह एवं इरफान अंसारी उर्फ इरफान नाई (20 वर्ष), पिता निजामुद्दीन नाई, दोनों निवासी ग्राम बगाड़ी, थाना रामगढ़, जिला कैमूर के निवासी हैं। पुलिस पूछताछ करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# पटेल कॉलेज में 31 जुलाई को मनाई जाएगी प्रेमचंद जयंती, संगोष्ठी का विषय- प्रेमचंद और वर्तमान परिवेश

लोकतंत्र की आवाज



**विनोद कुमार राम**

**भभुआ/कैमूर।** सरदार वल्लभाई पटेल महाविद्यालय के हिंदी-उर्दू विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 31 जुलाई 2026 को सुबह 11 बजे प्रेमचंद जयंती मनाई जाएगी।

**प्राचार्य ने किया आमंत्रण :** प्राचार्य डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा ने कहा कि प्रेमचंद जैसे प्रसिद्ध साहित्यकार की जयंती मनाने के लिए हिंदी-उर्दू विभाग के सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि प्रेमचंद ने साहित्य के माध्यम से भारतीय जीवन की वास्तविक स्थिति को दर्शाया है। उनका साहित्य मनुष्यता के जयघोष का साहित्य है।प्राचार्य ने नगर के सभी साहित्य प्रेमियों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया।

**समतामूलक समाज का स्वप्न:** हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. रबींद्र कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष विभाग द्वारा यह जयंती मनाई जाती है।इस वर्ष संगोष्ठी का विषय ₹प्रेमचंद और वर्तमान परिवेश₹ रखा गया है। उन्होंने कहा कि प्रेमचंद ने जिस समतामूलक समाज की स्थापना का स्वप्न देखा था, उसे साकार करना हर व्यक्ति का लक्ष्य होना चाहिए।

**मुख्य वक्ता होंगे चंद्रजीत सिंह :** डॉ. वंशीधर उपाध्याय ने बताया कि इस बार मुख्य वक्ता के रूप में प्रखर सामाजिक चिंतक श्री चंद्रजीत सिंह को आमंत्रित किया गया है। चंद्रजीत जी मोहनियां में लगातार 20 वर्षों से प्रेमचंद जयंती आयोजित करते रहे हैं।

**उर्दू विभाग ने कहा- साहित्य विश्व की धरोहर :** उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ. सैय्यद अशहद करीम ने कहा कि प्रेमचंद के साहित्य में जीवनानुभूतियों का संघन और जीवंत वर्णन है। उन्हें किसी जाति, धर्म और भाषा के दायरे में नहीं रखा जा सकता। उनका साहित्य समूचे विश्व और मानवता के लिए धरोहर है।डॉ. प्रियंका मिश्रा ने कहा कि प्रेमचंद को हम जितनी बार पढ़ते हैं हर बार नई दृष्टि मिलती है।

**30 जुलाई को निबंध प्रतियोगिता :** जयंती की पूर्व संध्या पर 30 जुलाई को सुबह 11 बजे महाविद्यालय में प्रेमचंद विषयक निबंध प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसका संयोजन डॉ. प्रियंका मिश्रा करेंगी। प्रतियोगिता में प्रथम तीन प्रतिभागियों को 31 जुलाई को पुरस्कृत किया जाएगा।

# रामगढ़ रेफरल अस्पताल परिसर में : चालू केबल पर अटका है उखड़ा पेड़; अस्पताल प्रबंधक बोले- 22 को वन विभाग में पत्र रिसीव होने के बाद भी कार्रवाई शून्य

लोकतंत्र की आवाज



**रामगढ़ (कैमूर)।** रामगढ़ स्थित रेफरल अस्पताल परिसर में आई तेज आंधी और बारिश के कारण उखड़ा एक पेड़ सीधे ट्रांसफार्मर से आ रही मुख्य सप्लाई के मोटे केबल वायर पर जा अटका है। भारी-भरकम पेड़ के दबाव से एक बिजली का पोल पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर झुक गया है। और दूसरे पोल के सटे बिजली के केवल पर लटक गया ।सबसे गंभीर बात यह है कि केबल में बिजली की आपूर्ति लगातार चालू है, जिससे अस्पताल आने वाले सैकड़ों मरीजों और तीमारदारों की जान पर हर वक्त बड़ा खतरा मंडरा रहा है। अस्पताल प्रबंधक शशिकांत कुमार ने आज बताया कि भीषण आंधी-पानी में यह पेड़ जड़ से उखड़ गया था। यह पेड़ अस्पताल परिसर के मुख्य आवागमन वाले रास्ते के पास चालू बिजली लाइन पर अटका हुआ है। अस्पताल में रोजाना दर्जनों मरीज इलाज और दवाइयों के लिए पहुंचते हैं। यदि समय रहते पेड़ नहीं हटाया गया, तो पोल गिरने या केबल टूटने से बड़ा हादसा हो सकता है। 21 को पत्र निर्गत, 22 जुलाई को वन विभाग में पत्र रिसीव होने की बात कही अस्पताल प्रशासन द्वारा मामले की त्वरित जानकारी जिला वन पदाधिकारी, कैमूर (भभुआ) को दी गई। अस्पताल से 21 जुलाई 2026 को पत्रांक 351 के तहत आपातकालीन पत्र जारी किया गया था। अस्पताल प्रबंधक शशिकांत कुमार ने कहा कि 22 जुलाई को वन विभाग कार्यालय में यह पत्र प्राप्त (रिसीव) करा दिया गया है। पत्र में स्पष्ट अनुरोध किया गया था कि स्थल का भौतिक निरीक्षण कर नियमानुसार पेड़ को तुरंत हटाया जाए, ताकि अस्पताल का कामकाज सुचारू रूप से चल सके और किसी भी संभावित दुर्घटना को रोका जा सके। हालांकि, अस्पताल प्रबंधक के अनुसार पत्र रिसीव होने के बावजूद वन विभाग की ओर से अब तक स्थल निरीक्षण या पेड़ हटाने का कोई कदम नहीं उठाया गया है, जिससे अस्पताल प्रशासन और स्थानीय लोगों में गहरी चिंता बनी हुई है।

# करीब 31 लाख रुपये की 155.75 ग्राम हेरोइन के साथ सप्लायर गिरफ्तार,बाइक व मोबाइल भी जब्त

लोकतंत्र की आवाज




**मोहनिया ।** पुलिस को नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है वाहन जांच के दौरान एक अपाचे बाइक से करीब 155.75ग्राम हेरोइन के साथ सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया। मोहनिया एसडीपीओ गोपाल कृष्णा ने बुधवार सुबह 11:30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि मोहनिया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 155.75 ग्राम हेरोइन के साथ एक सप्लायर को गिरफ्तार किया है। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 31 लाख रुपये बताई जा रही है। एसडीपीओ ने बताया कि 28 जुलाई 2026 की रात करीब 10:30 बजे गुप्त सूचना के आधार पर मोहनिया थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पटना मोड़ से उगहनिडीह जाने वाली सड़क पर हनुमान मंदिर के पास वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान एक संदिग्ध टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल सवार युवक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से 155.75 ग्राम हेरोइन बरामद हुई, जिसके बाद उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान वीरेंद्र कुमार उर्फ वीरू, पिता स्व. सूर्यनाथ सिंह, निवासी बरेज, थाना मोहनियां, जिला कैमूर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक वीवो मोबाइल फोन तथा टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल (यूपी सीपी 0798) भी जब्त की है। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि हेरोइन की खेप कहां से लाई गई थी और इसे किन लोगों तक पहुंचाया जाना था।

# भभुआ : बसपा के वफादार सिपाही शंभू राम के निधन पर प्रदेश अध्यक्ष और मुख्य प्रभारी ने जताया शोक

लोकतंत्र की आवाज



**भभुआ/कैमूर।** बहुजन समाज पार्टी के पुराने वफादार कार्यकर्ता श्री शंभू राम का 29 जुलाई 2026 को चंदौली जिला अस्पताल में निधन हो गया। पथरी के ऑपरेशन के बाद तबीयत बिगड़ने से उनका निधन हुआ। वे भभुआ वार्ड नंबर 14, अंबेडकर नगर के निवासी थे।

**प्रदेश नेतृत्व ने व्यक्त की संवेदना :** उनके निधन की खबर से कैमूर से लेकर प्रदेश भर के बसपा कार्यकर्ताओं में शोक की लहर है। बसपा प्रदेश अध्यक्ष शंकर महतो ने शोक संदेश जारी कर कहा कि शंभू राम जी के निधन का समाचार सुनकर मैं काफी मर्माहत हूं। उन्होंने कहा कि कुदरत से प्रार्थना करता हूं कि शोकाकुल परिवार जनों को इस वीभत्स दुख की घड़ी में दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। तथागत भगवान बुद्ध की असीम अनुकंपा उनके पूरे परिवार पर बनी रहे। वहीं बसपा प्रदेश मुख्य सेक्टर प्रभारी सह सासाराम लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी संतोष कुमार ने भी शंभू राम के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि शंभू राम पार्टी के समर्पित और वफादार सिपाही थे। मिशन-मूवमेंट को आगे बढ़ाने में उनका योगदान अविस्मरणीय रहेगा। प्रदेश नेतृत्व ने विनम्र श्रद्धांजलि एवं कोटि-कोटि सादर नमन अर्पित किया है।

**जीवन रहा मिशन को समर्पित :** शंभू राम ने अपना पूरा जीवन बाबासाहेब, मान्यवर कांशीराम और बहन मायावती जी के मिशन-मूवमेंट को समर्पित कर दिया था। 1994 में ₹जाति तोड़ो समाज जोड़ो₹ साइकिल रैली में भभुआ से बंगाल तक शामिल होकर उन्होंने आंदोलन को गति दी थी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा, महिला की मौत, एक घायल

लोकतंत्र की आवाज



**मोहनिया।** थाना क्षेत्र के दसौती गांव के समीप बुधवार की संध्या 5:30ढट बजे एक अज्ञात वाहन की टक्कर से ई-रिक्शा पलट गया। हादसे में एक अज्ञात महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य महिला घायल हो गई। घायल का इलाज अनुमंडल अस्पताल मोहनिया में चल रहा है। घायल महिला की पहचान दुर्गावती थाना क्षेत्र के मसौढ़ा गांव निवासी गुड्डू मियां की पत्नी जुबेदा बीवी के रूप में हुई है। जुबेदा बीवी ने बताया कि वह अन्य लोगों के साथ पानापुर स्थित शहीद बाबा की मजार से ई-रिक्शा पर सवार होकर मोहनिया लौट रही थीं। इसी दौरान दसौती गांव के पास रामगढ़ की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पीछे से ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ई-रिक्शा सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को अनुमंडल अस्पताल मोहनिया पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने लगभग 40 वर्षीय एक अज्ञात महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं जुबेदा बीवी का इलाज जारी है। घटना की सूचना पर मोहनिया थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान कराने तथा आवश्यक कागजी प्रक्रिया में जुट गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, भभुआ भेज दिया है। दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### गुरु पूर्णिमा महोत्सव आयोजित



लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड अंतर्गत महर्षि मेंहीं हृदय-पीठ में गुरु पूर्णिमा महोत्सव दो पालियों में संपन्न हुआ। इस शुभअवसर पर पीठ में महर्षि वेदव्यास जी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। महर्षि मेंहीं हृदय-पीठ के संस्थापक और आचार्य डा. परमानंद साहब ने कहा कि महर्षि वेदव्यास जी महाराज शैशावस्था कृष्ण द्वैपायन के नाम से जाने जाते थे। वेद को चार भागों में बांटने के कारण उनका नाम वेदव्यास पड़ा। वे सत्यवती और पाराशर ऋषि के पुत्र थे। आज के दिन भारतवर्ष के प्राय: सभी आश्रमों में इस उत्सव को मनाने की परंपरा है। आपने अनेक दृष्टांतों के द्वारा गुरु की महत्ता को रेखांकित करते हुए बताया कि गुरु और शिष्य का संबंध अलौकिक और जन्म-जन्मांतर का है। एक सच्चे गुरु कभी भी अपने शिष्य को कुमार्ग में नहीं जाने देते हैं। उनका ज्ञान मोक्षदायक होता है। वे त्रय ताप से पीड़ित मानव को सुमार्ग पर लाकर मोक्ष के भागी बनाते हैं। इसलिए गुरु का दर्जा ईश्वर से ऊपर माना गया है। मंच पर उपस्थित दिनेश बाबा, शंभु बाबा, शिव बाबा, उपेन्द्र बाबा, अनिल जी, प्रयाग जी, शिवनारायण जी आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे। मंच-संचालन परशुराम यादव जी ने किया। लक्ष्मण जी ने अपने सुमधुर भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। गणेशी जी नाल पर संगत कर रहे थे। गुरु-कीर्तन और आरती के बाद सत्संग का समापन कर दिया गया। सत्संग में सम्मिलित सैकड़ों भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। आरती के बाद सत्संग का समापन कर दिया गया। इस शुभअवसर पर पीरपैंती बाजार की श्रीमती अंजनी देवी के द्वारा अपनी माताजी के नाम पर साधुओं के बीच वस्त्र-दान और द्रव्य-दान किया गया।

### तालाब में डूबने से छात्रा की मौत, शोक की लहर



लोकतंत्र की आवाज

साहिबगंज/तीनपहाड़ । साहिबगंज जिले के राजमहल अनुमंडल अंतर्गत तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के नीमगाछी गांव में बुधवार को तालाब में डूबने से 12 वर्षीय छात्रा की मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार नीमगाछी निवासी सुभाष चंद दास की पुत्री तनु कुमारी सुबह अपने दादा को नाश्ता देने के बाद सहेलियों के साथ गांव के तालाब में स्नान करने गई थी। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूब गई। बच्चों के शोर मचाने पर ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और काफी प्रयास के बाद उसे तालाब से बाहर निकाला। इसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही तीनपहाड़ थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने बताया कि तनु गांव के विद्यालय में कक्षा छह की छात्रा थी। वह दो भाई-बहनों में सबसे छोटी थी और अपने सरल स्वभाव व अच्छे व्यवहार के कारण सभी की प्रिय थी। उसकी असामयिक मौत से परिवार के साथ-साथ पूरे गांव में गहरा शोक व्याप्त है।

### जले ट्रांसफॉर्मर को बदलने की मांग, लोग रहे परेशान

लोकतंत्र की आवाज
धर्मेंद्र कुमार शर्मा

पकरीबरावां। पकरीबरावां प्रखण्ड के डुमरावां बिचली मुसहरी में 100 केवीए का ट्रांसफार्मर जला पड़ा है। ट्रांसफार्मर के जलने से पेयजल के लिए परेशानी हो रही है। ग्रामीण मंटू सिंह ने बताया कि कनीय अभियंता से बात की गई है। इधर, कनीय अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि प्रखण्ड के भलुआ, डुमरावां, कपसण्डी सहित अन्य कई जगह जले ट्रांसफार्मर का रिपोर्ट भेज दिया गया है। दो- तीन दिनों के अंदर सभी जले ट्रांसफार्मर को बदल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुढ़ेता, मड़वा आदि गांवों में जले ट्रांसफार्मर को बदल दिया गया है।

### कई गांवों में चलंत चिकित्सा शिविर किया आयोजित



लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड के श्रीमतपुर हुजूर नगर के काली प्रसाद, कामत टोला, गोपाल चक चौक, मौल टोला में अदानी फाउंडेशन द्वारा नि:शुल्क जाँच शिविर और दवा वितरण की गई। इस पुनीत कार्यक्रम का उद्घाटन समाज सेवी पिंटू मंडल ने किया। ग्रामीणों सहित समाज सेवी पिंटू कुमार ने स्वयं भी स्वास्थ्य जांच कराकर नि:शुल्क दवाई प्राप्त की। ज्ञात हो कि- अदानी फाउंडेशन के यशवीर द्वारा प्रत्येक मंगलवार को इन तीनों गांवों में नियमित रूप से मेडिकल जांच के साथ दवा भी उपलब्ध कराई जाती है। गांव-मोहल्ले में इस सुविधा को लेकर काफी खुशी की चर्चा है। ग्रामीणों ने जॉच और नि :शुल्क दवा प्राप्त कर खुशी जाहिर की।

# चेहल्लुम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक जिलाधिकारी मुंगेर, एवं पुलिस अधीक्षक मुंगेर ने दिए आवश्यक निर्देश

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ अनोज कुमार सिंह**
**मुंगेर।** त्योहारों का शहर है और यहां की गंगा जमुनी तहजीब ही है जो इस जिले के प्रत्येक पर्व त्योहार शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न होते हैं। पहलाम समिति हो या विसर्जन समिति, सभी सदस्य एक दूसरे के साथ भाईचारे के साथ मिलकर पूरे पर्व त्योहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में जिला एवं पुलिस प्रशासन को अहम योगदान देते हैं। यह अत्यंत ही सराहनीय पहल एवं प्रयास है। उक्त बातें जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर ने आज 29 जुलाई 2026 दिन बुधवार संग्रहालय सभागार में चेहल्लुम 2026 पर्व को लेकर आयोजित शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक में पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद, नगर आयुक्त पार्थ गुप्ता, सदर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार अभिषेक, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अभिषेक आनंद सहित शांति समिति एवं पहलाम समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं शांति समिति सदस्यों से कहा कि चुंकि अब पर्व त्योहार का मौसम प्रारंभ होने वाला है, तो



जिला एवं पुलिस प्रशासन के साथ-साथ शांति एवं पहलाम समिति सदस्यों का भी एक दूसरे का सहयोग अपेक्षित है। सभी पर्वों को पूर्व की तरह ही शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में पूरे भाईचारे एवं गंगा जमुनी तहजीब के साथ ही संपन्न कराना जिला एवं पुलिस प्रशासन का मुख्य उद्देश्य होगा। चेहल्लुम पर्व की शुरुआत 2 अगस्त की रात से ही प्रारंभ हो जाएगी जो 05 अगस्त को पहलाम के साथ संपन्न होगी, इसे सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना हमारा लक्ष्य होगा। इसके लिए सभी संवेदनशील एवं अति संवेदनशील स्थलों का चयन कर वहां पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति रहेगी। साथ ही कौड़ा मैदान स्थित गढ़ैया मार्केट से ताजिया जुलूस एकत्रित होकर निर्धारित रूट के अनुसार पूरे शहर का भ्रमण करेगी। इसके लिए जिलाधिकारी ने सभी जुलूस के साथ संबंधित क्षेत्र के थानाध्यक्ष, दण्डाधिकारी एवं पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति का निदेश दिया। जुलूस में कोई असामाजिक तत्व कोई गलत हरकत न करे इसके लिए वीडियोग्राफी के साथ साथ ड्रोन कैमरे से भी जुलूस की निगरानी की जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व के सभी पर्व त्योहारों में शांति एवं पहलाम समिति के सदस्य स्वयं से जुलूस के साथ भ्रमण कर जिला एवं पुलिस प्रशासन को अपना पूर्ण सहयोग देते रहे हैं। इस बार भी वे अपना सहयोग इसी प्रकार देंगे और किसी भी प्रकार की कोई भी भ्रामक सूचना अथवा समाचार की जानकारी मिले तो उसे तत्काल जिलाधिकारी अथवा पुलिस अधीक्षक से साझा करेंगे। इस ओर त्वरित कार्रवाई की जाएगी, ताकि सोशल मीडिया पर अथवा शहर में कोई भ्रम की स्थिति पैदा न हो। सड़क, साफ सफाई आदि की जो भी समस्याएं आप सबों के द्वारा बताया गया है, उसे नियमानुसार सुव्यवस्थित किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मुंगेर की यह एक अनूठी परम्परा है कि यहां सिविल सोसाइटी के लोग जिला एवं पुलिस प्रशासन को अपना पूर्ण समर्थन देते हैं। खुद को समर्पित करते हुए भावनात्मक रूप से जोड़ कर हिन्दु -मुस्लिम धर्म के सभी पर्वों को आपसी भाईचारे के साथ मनाते हैं। इसी प्रकार इस बार भी सभी पर्वों को मिल जुलकर शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाएगा। सभी चैक चैराहों एवं महापुरूषों की प्रतिमा को बेरिकेड कर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति भी की जाएगी, ताकि कोई असामाजिक तत्व कोई गलत हरकत कर माहौल को बिगाड़ने की कोशिश न करें। सभी सिविल सोसाइटी के लोग जिला एवं पुलिस प्रशासन के साथ सहयोग करेंगे, स्वयं से किसी प्रकार का कोई ऐसा कदम नहीं उठाएंगे, जिससे किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न हो। पर्व को शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह कटिबद्ध है।

# धनबाद गुरु पूर्णिमा पर कोयला नगर श्री साईं मंदिर से धूमधाम से निकली पालकी यात्रा, हजारों श्रद्धालु हुए शामिल



लोकतंत्र की आवाज़

**चीफ रिपोर्टर पप्पु गुप्ता**
**धनबाद।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर कोयला नगर स्थित श्री साईं मंदिर में बुधवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का भव्य समापन हुआ। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और साईं बाबा के दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे दिन मंदिर परिसर भक्ति गीतों, जयघोष और धार्मिक माहौल से गुंजायमान रहा। विशेष अवसर पर साईं बाबा को विधि-विधान के साथ छप्पन भोग अर्पित किया गया। इसके बाद आयोजित महाभंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम को साईं बाबा की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई, जिसमें महिला, पुरुष, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने पूरे मार्ग में ह्लसाईं रामह्व के जयकारों के साथ पालकी यात्रा का स्वागत किया और भक्तिमय माहौल में शामिल होकर अपनी आस्था प्रकट की। मंदिर के पुजारी तूफानी बाबा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। वहीं, यजमान उदय प्रताप सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी रेनू सिंह ने विधिवत पूजा-अर्चना कर सभी श्रद्धालुओं के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की। तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन के समापन अवसर पर धनबाद विधायक राज सिन्हा, झरिया विधायक रागिनी सिंह, समाजसेवी कुंभनाथ सिंह, कांग्रेस नेता गुड्डू सिंह, मनजीत सिंह भगनू, सुदष्टि कुमार, संगीत कुमार, चंदन कुमार, मनीष सिंह, मुरारी, अभिषेक वश्विकर्मा, श्वेताभ सिंह, अजय पांडे, रामकिशोर, बिंदेश्वरी प्रसाद, जयकांत झा, अविनाश कुमार, मिनी मश्रिा, वक्किी बादशाह, गजेंद्र चौबे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 22 उत्सव मनाया हर्षोल्लास के साथ

लोक तंत्र की आवाज

**देवबंद ।** सहारनपुर का 22वा उत्सव 29/7/2026को बहुत ही हर्षौल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रमानुसार वैदिक यज्ञ हुआ जिसके ब्रह्मा डॉ अमित शास्त्री एवं यजमान दीपक आर्य जी स पत्नी रहे। स्वामी शांतनु महाराज जी का सानध्यि प्राप्त हुआ। तत्पश्चात मंच का कार्यक्रम किया गया, जिसकी अध्यक्षता मानपाल आर्य प्रधान प्रतिनिधि सभा जी ने की, एवं मंच संचालन मास्टर जनेश्वर प्रसाद ने किया।मंच की शोभा जिला प्रधान महिपाल आर्य, ऋषि देव आर्य, स्वामी शांतनु जी एवं कई सन्यासी गणों ने बढ़ाई। सर्व प्रथम सुरेंद्र आर्य ने गुरु महिमा का सुंदर भजन सुना कर सभी को भाव विभोर कर दिया कुरुक्षेत्र से पधारे डॉ अमित शास्त्री जी ने गुरु शब्द की सुंदर व्याख्या कर गुरु की महिमा पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहां सेवा संसार में सबसे कठिन है और गुरु बिन ज्ञान भी नहीं है। ननौता से आए पंडित ऋषि देव आर्य ने गुरु एवं शष्यि परंपरा पर सुंदर



प्रस्तुति दी।जिंद हरियाणा से पधारे पंडित अभिषेक आर्य ने आचार्य देवो भव बताकर गुरु की महिमा के कई भजन सुना कर सभी को भाव विभोर कर दिया। अंत में स्वामी शांतनु महाराज ने आशीर्वाद स्वरूप अपने श्री मुख से गुरु की महिमा का सुंदर चत्रिण किया। इस अवसर पर देवबंद के पशहरी ग्रामीण आंचल से पधारे अनेक भक्त जन एवं दीपक राज सिंघल, डॉ सुरेंद्र आर्य, अजब सिंह आर्य, जनक वीर आर्य, राज कुमार आर्य, रामेश्वर आर्य राजकुमार जाटव पूर्व सभासद डा.अरविंद जौहरी, डा.संजय कुमार यशपाल सिहआदेश, सुनील, नवीन, प्रदीप, सतेंद्र त्यागी, सतीश भगत जी, सोनू, विशाल आदि पुरुष एवं महिलाएं उपस्थित रहे।

# भक्ति और श्रद्धा के साथ मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव, साईंनाथ दरबार बना आस्था का केंद्र

लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर नवगछिया।** अनुमंडल के सुप्रसद्धि एवं एकमात्र श्री शर्डी साईंनाथ दरबार, साईंनगर सहौरा में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भक्ति एवं श्रद्धा से ओत-प्रोत वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। श्री सद्गुरु साईंनाथ सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने गुरु चरण पादुका पूजन, सत्संग, भजन-कीर्तन एवं महाआरती में भाग लेकर आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया। प्रवचनकर्ता लड्डू बाबा ने अपने प्रवचन में कहा कि मानव जीवन में गुरु का विशेष महत्व है। गुरु के मार्गदर्शन से अज्ञान रूपी अंधकार दूर होता है और ईश्वर की प्राप्ति के साथ मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि सच्ची गुरु भक्ति ही



जीवन को सार्थक बनाती है। समिति के कार्यकारी अध्यक्ष शुभम यादव ने कहा कि गुरु वही हैं, जिनकी वाणी सुनते ही हृदय शीतल हो जाए, जिनके दर्शन और सान्निध्य से भगवान के प्रति प्रेम बढ़े तथा अपने दोषों का एहसास होकर स्वयं को सुधारने की प्रेरणा मिले। ऐसे सद्गुरु की शरण में रहकर मानव कल्याण का संकल्प लेना ही सच्ची गुरु भक्ति है। समिति के कोषाध्यक्ष सुरेश प्रसाद ने कहा कि साईं बाबा का अमर संदेश "सबका मालिक एक" आज भी पूरी मानवता को प्रेम, श्रद्धा, सबुरी और सेवा का मार्ग दिखाता है। उन्होंने कहा कि गुरु का दर्शन ही ईश्वर का दर्शन है। संध्या बेला में श्रद्धालुओं ने साईं बाबा की भव्य महाआरती में भाग लिया और महाप्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इधर, नवगछिया स्थित ठाकुरबाड़ी में साईं परिवार की ओर से मोहन पोद्दार के नेतृत्व में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु साईंनाथ का विशेष पूजन-अर्चन किया गया। इसके उपरांत आयोजित भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण कर गुरु पूर्णिमा का पुण्य लाभ प्राप्त किया।

# नीट की परीक्षा में सफलता हासिल करने पर कुमारी तरंग का किया भव्य स्वागत

लोक तंत्र की आवाज

**देवबंद ।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेशपरीक्षा (नीट) में शानदार सफलता हासिल करने वाली कुमारी तरंग धीमान का देवबंद आगमन पर उत्तर प्रदेश जन कल्याण मंच के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत कर सम्मानित किया। इस अवसर पर नरेश धीमान के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोगों ने उन्हें उज्ज्वल भवष्यि की शुभकामनाएं देते हुए उनकी इस उपलब्धि को पूरे परिवार और क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया। जानकारी के अनुसार कुमारी तरंग धीमान, डॉ. कुशल पाल धीमान की पुत्री एवं सहारनपुर के मोहल्ला मोरगंज की निवासी हैं। नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के बाद उनके परिवार, रश्तिेदारों और




शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। देवबंद पहुंचने पर उत्तर प्रदेश जन कल्याण मंच के कार्यकर्ताओं ने उन्हें पटका, अंगवस्त्र एवं श्री तिरुपुर मैन वाला सुंदरी देवी का चत्रि भेंट कर सम्मानित किया तथा उनकी उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश जन कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी ओमपाल सिंह ने कहा कि कुमारी तरंग धीमान ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर नीट जैसी प्रतष्ठिति परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने माता-पिता, परिवार और पूरे समाज का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतिभाशाली बेटियां समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत होती हैं और उनकी उपलब्धियां अन्य वद्यिार्थियों को भी कठिन परश्रिम कर अपने लक्ष्य हासिल करने की प्रेरणा देती हैं। चौधरी ओमपाल सिंह ने भगवान से कुमारी तरंग के उज्ज्वल भवष्यि, उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि उन्हें वश्विास है कि तरंग आगे चलकर चिकत्सिा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देकर समाज और देश का नाम रोशन करेंगी। इस अवसर पर अंग्रेज पवार नरेश धीमान जयपाल धीमान बंधेराम धीमान डॉक्टर केपी सिंह शिव कुमार कश्यप सुनील धीमान सहित उत्तर प्रदेश जन कल्याण मंच के अनेक पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं वणमान्य नागरिक उपस्थित रहे सभी ने कुमारी तरंग धीमान का उत्साह वर्धन करते हुए उनके उज्जवल भवष्यि की कामना की।

# लखनपुरा में रेप के बाद की गई थी छात्रा की हत्या

लोकतंत्र की आवाज

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**
**पकरीबरावा।** पकरीबरावां थाना क्षेत्र के लखनपुरा गांव में आठ वर्षीय छात्रा के अपहरण के बाद हत्या मामले का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर खुलासा कर दिया है। पकरीबरावां एसडीपीओ सुजय वद्यिार्थी के नेतृत्व में गठित एसआईटी ने लखनपुरा गांव के ही वितन मांझी के पुत्र रघुनंदन मांझी उर्फ तेतयी मांझी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी है। उन्होंने बताया गया कि 27 जुलाई को छात्रा के परिजनों ने पकरीबरावां थाना में अपनी बच्ची के अपहरण को लेकर आवेदन दिया था। इसके आधार पर थाना कांड संख्या 336/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई।



28 जुलाई की सुबह करीब सात बजे धेवधा कॉलेज के पीछे खेत में बच्ची का शव मिलने की सूचना मिली। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव की पहचान कराई। एफएसएल टीम ने घटनास्थल की जांच कर साक्ष्य जुटाए। एसपी नवादा ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेजा गया। पुलिस ने बताया कि सटीक सूचना और ह्यूमन इंटेलिजेंस के आधार पर लखनपुरा गांव के ही वितन मांझी के पुत्र 22 वर्षीय रघुनंदन मांझी उर्फ तेतयी मांझी को गिरफ्तार किया गया।

# औरंगाबाद - गोह में सन्नी हत्याकांड का आरोपी पत्नी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

**प्रखंड संवाददाता श्रवण कुमार**
**गोह (औरंगाबाद)।** गोह थाना क्षेत्र के तुलसी बिगहा गांव में बीते 4 जुलाई की रात हुए 21 वर्षीय सन्नी कुमार की संदग्धि मौत के मामले में पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। मामले में किसी बाहरी अपराधी का हाथ नहीं, बल्कि मृतक की नवविवाहिता पत्नी पल्लवी कुमारी ही पति की हत्यारिन निकली। पुलिस ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। 5 जुलाई की सुबह मनोज महतो के पुत्र सन्नी की मौत की खबर से इलाके में हड़कंप मच गया था। आरोपी पत्नी पल्लवी ने परिजनों और पुलिस से सच्चाई छिपाने के लिए दावा किया था कि सन्नी की मौत बेड से नीचे गिरने के कारण हुई है। उसने



खुद ही पुलिस में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज कराई। हालांकि, मृतक के गले पर पड़े गहरे निशानों ने पुलिस के मन में संदेह पैदा कर दिया, जिसके बाद गहन जांच शुरू की गई। पुलिस की कड़ाई से पूछताछ के दौरान पल्लवी टूट गई और उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि उसका इरादा पति की हत्या करने का नहीं था। घटना वाली रात कॉलेज में एडमिशन की बात को लेकर दोनों के



बीच तीखी बहस हुई थी। इसी दौरान गुस्से में उसने पति के गले में बंधे ताबीज वाले धागे को पकड़कर जोर से खींच दिया। झटके के साथ जब उसने धागा छोड़ा, तो सन्नी असंतुलित होकर दीवार से टकराकर बेहोश हो गया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक सन्नी की शादी इसी वर्ष 24 फरवरी को हसपुरा थाना क्षेत्र के कंचननगर निवासी पल्लवी के साथ हुई थी।

# राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में गिरिडीह जिला का शानदार प्रदर्शन

लोकतंत्र की आवाज


**ब्यूरो चीफ गिरिडीह**
**गिरिडीह।** राज्य स्तरीय उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गिरिडीह जिले का नाम पूरे राज्य में गौरवान्वित करने वाले विजेता खिलाड़ियों, प्रशक्षिकों एवं शक्षिकों को आज उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में सम्मानित किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को प्रशस्ति देकर उनके उज्ज्वल भवष्यि की कामना की गई तथा खेलों के माध्यम से अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं आत्मवश्विास विकसित करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने कहा कि* किसी भी जिले की पहचान केवल विकास कार्यों से ही नहीं, बल्कि वहां के युवाओं और बच्चों की प्रतिभा से भी होती है। गिरिडीह के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह



सद्धि किया है कि जिले में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि बच्चों को उचित मार्गदर्शन, बेहतर प्रशक्षिण और सकारात्मक वातावरण मिले तो वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी जिले और राज्य का नाम रोशन कर सकते हैं। उपायुक्त ने खिलाड़ियों, प्रशक्षिकों, वद्यिालय प्रबंधन एवं अभिभावकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि जिला प्रशासन खेल प्रतिभाओं के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा खिलाड़ियों को आवश्यक सहयोग एवं प्रोत्साहन उपलब्ध कराया जाता रहेगा। उल्लेखनीय है कि झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची द्वारा 23 जुलाई से 25 जुलाई 2026 तक रांची में आयोजित 2ल्लि छ्र**’ी उँस्त्र२ ढ्ढ्ढ*ु” ळ्ढ्ढ४१ल्लंेल्ल* 2026-27 में राज्य के सभी 24 जिलों की अंडर-12 बालक एवं बालिका टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में संत जॉन ब्रिटो मध्य वद्यिालय, महेशमुंडा, गांडेय की बालक टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में नस्फिीडा मध्य वद्यिालय, बगोदर को 1-0 से पराजित कर राज्य चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। वहीं नस्फिीडा मध्य वद्यिालय, बगोदर की बालिका टीम ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का स्थान हासिल किया और जिले का मान बढ़ाया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग के श्री संजय हेंब्रम को प्लेयर ऑफ द मैच तथा श्री नीतीश मरांडी को प्लेयर ऑफ द टूर्नामिंट चुना गया। वहीं बालिका वर्ग में अनु कुमारी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उप विकास आयुक्त, श्रीमती स्मृता कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि* खेल बच्चों के व्यक्तत्वि नर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम है। खेल अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और कठिन परस्थिर्तियों में बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि गिरिडीह के बच्चों ने अपनी मेहनत, लगन और खेल भावना के बल पर पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। यह उपलब्धि अन्य वद्यिार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों एवं प्रशक्षिकों को सम्मानित करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई। उपस्थित अधिकारियों ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा भवष्यि में और बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, श्रीमती स्मृता कुमारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, श्रीमती अंजना भारती, जिला नजारत उप समाहर्ता, श्री आशुतोष ठाकुर, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित शिक्षा विभाग के अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### अवैध बजरी परिवहन रोकने गई पुलिस टीम पर जानलेवा हमला, ट्रैक्टर-ट्रॉली और बोलेरो से कुचलने का प्रयास दो नामजद सहित आधा दर्जन करीब अज्ञात माफिया गिरोह के खिलाफ मामला दर्ज




लोकतंत्र की आवाज
शिवराज बारवाल मीना
टोंक/उनियारा। टोंक जिले के उनियारा थाना पुलिस ने रविवार देर रात्रि को अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली और बोलेरो सवार आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना मिलने पर पुलिस गुमानपुरा टोल प्लाजा से ककोड़ होते हुए झालरा रोड क्षेत्र में नाकाबंदी की गई, जहां मुखबिर की सूचना अनुसार आधा दर्जन करीब अवैध बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉलीयों को रोकने का प्रयास किया गया। एफआईआर के अनुसार, आरोपी पुलिस टीम को देखकर बजरी को सड़क पर बिखेरकर अपने वाहन सहित भाग निकले। पीछा करने पर बोलेरो वाहन से पुलिस का रास्ता रोकने तथा ट्रैक्टर-ट्रॉली से पुलिस वाहन को टक्कर मारने और पुलिसकर्मियों को कुचलने का प्रयास किया गया। उनियारा थानाधिकारी ओम कंवर पुलिस निरीक्षक सहित मौजूद जाप्ते का आरोप है कि आरोपी पुलिस कार्रवाई में लगातार बाधा डालते हुए फरार होने की कोशिश करते रहे। पुलिस ने मुख्य आरोपी अशोक मीणा एवं प्रवीण उर्फ आयशर जाट सहित आधा दर्जन अन्य के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराएं 109(1), 112(2), 132, 281, 303(2), 62, 61(2) तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 4 एवं 21 के तहत मामला दर्ज किया है। एफआईआर के अनुसार घटना 26 जुलाई की देर रात्रि की है, जबकि मामला 26 जुलाई 2026 को रात 11:56 बजे उनियारा थाने में दर्ज किया गया। मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक हेमराज चौधरी को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई जारी है तथा अवैध बजरी परिवहन में शामिल अन्य व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

### उनियारा में राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक सम्पन्न-सेवानिवृत्त एवं स्थानांतरित अधिकारियों का किया सम्मान



लोकतंत्र की आवाज
शिवराज बारवाल मीना
टोंक/उनियारा । राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ, शाखा उनियारा की बैठक सोमवार को चामुण्डा माता मंदिर परिसर उनियारा में आयोजित हुई। बैठक में शिक्षा विभाग से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया तथा सेवानिवृत्त एवं स्थानांतरित अधिकारियों का सम्मान किया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष हंसराज मीणा, पूर्व तहसील मंत्री धनपाल मीणा तथा पीटीआई उम्मेद सिंह के सकुशल सेवानिवृत्त होने पर उनका अभिनंदन एवं सम्मान किया गया। साथ ही पूर्व सीबीईओ हरिराम मीणा के अन्यत्र स्थानांतरण पर उन्हें सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं। बैठक के दौरान तृतीय श्रेणी अध्यापकों के तबादले, तृतीय श्रेणी अध्यापकों की डीपीसी सहित विभिन्न शैक्षिक एवं संगठनात्मक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित शिक्षकों ने शिक्षकों से जुड़े लंबित मामलों के शीघ्र समाधान की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष परशुराम जाट, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विक्रम सिंह, पूर्व सीबीईओ रामप्रसाद मीणा, तहसील अध्यक्ष विक्रम सिंह मीणा, तहसील मंत्री सांवरमल बैरवा, पूर्व तहसील मंत्री हंसराज बैरवा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।बैठक का समापन संगठन की एकजुटता और शिक्षा हित में निरंतर कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ।

### गुरु पूर्णिमा पर विद्यापतिधाम में उमड़ा शिवभक्तों का जनसैलाब, श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना



लोकतंत्र की आवाज
विद्यापतिनगर/समस्तीपुर। विद्यापतिधाम में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को शिव भक्त व भगवान शिव की मिलन स्थली विद्यापतिधाम उगना महादेव मंदिर शिवभक्ति से सराबोर रहा। अहले सुबह से ही बाबा भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। समस्तीपुर समेत आसपास के कई जिलों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने गंगाजल,दूध,बेलपत्र,धतूरा व अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर भगवान शिव का विधि-विधान से अभिषेक किया और परिवार की सुख-समृद्धि,उत्तम स्वास्थ्य तथा मंगलमय जीवन की कामना की। इस दौरान दिनभर मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष से गूंजता रहा। बताते हैं कि गुरु पूर्णिमा के कारण सामान्य दिनों की अपेक्षा श्रद्धालुओं की संख्या काफी अधिक रही। उधर शिव आराधना के साथ श्रद्धालुओं ने अपने गुरुजनों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद भी प्राप्त किया। न्यास समिति के कोषाध्यक्ष रत्न शंकर भारद्वाज ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए मंदिर परिसर में सुरक्षा, बैरिकेडिंग, पेयजल एवं कतारबद्ध दर्शन की समुचित व्यवस्था की गई थी। मंदिर न्यास समिति के सदस्य नवीन कुमार गिरि, हरिओम गिरि, प्रवीण गिरि व दीनदयाल गिरि पूरे दिन व्यवस्थाओं की निगरानी में जुटे रहे,जिससे दर्शन व्यवस्था सुचारु बनी रही।

### जीवन में गुरु का स्थान सर्वोपरि



लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। शेरमारी बाजार स्थित पीएम पब्लिक स्कूल के प्रांगण में गुरु पूर्णिमा का अवसर पर गुरु पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर बिहार झारखंड के अनेक शिष्यों ने गुरु परंपरा का निर्वहन करते हुए गुरु पूजन की। डॉ मनोज शास्त्री ने कहा कि जीवन को सफल बनाने के लिए एक अच्छे गुरु की जरूरत होती है। गुरु के बिना ज्ञान संभव नहीं है।अत: अपने जीवन में एक गुरु का चयन जरूर करें। गुरु का स्थान सर्वोपरि होता है।

# उरई नगर पालिका मे जांच को लेकर EO और IAS रिंकू सिंह राही के बीच हुई तीखी नोकझोंक

लोकतंत्र की आवाज

**उरई जालौन।** उरई नगर पालिका परिषद में बुधवार को जांच प्रक्रिया को लेकर विवाद हो गया। जांच समिति से हटाए जा चुके आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह राही नगर पालिका कार्यालय पहुंचे। अनियमितताओं से जुड़े अभिलेखों का निरीक्षण शुरू कर दिया। जिस पर अधिशासी अधिकारी ने आपत्ति जताई, जिसके बाद नगर पालिका कार्यालय पहुंचे। अनियमितताओं से जुड़े अभिलेखों का निरीक्षण शुरू कर दिया। जिस पर अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील ने आपत्ति जताई, जिसके बाद दोनों अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक और बहस हुई।

आरोप है कि रिंकू सिंह राही अपने साथ कुछ निजी लोगों को भी लेकर पहुंचे, जिन्होंने जांच संबंधी अभिलेख देखे और उनकी वीडियो भी बनाया। इस पर नगर पालिका प्रशासन ने आपत्ति जताई। आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह राही ने ईओ से कहा आदेश दिखाइए। आखिर किस आदेश में लिखा है कि मुझे अभिलेख नहीं दिखाए जाएंगे। आप वह आदेश दिखा दीजिए, मैं तुरंत चला जाऊंगा।

**पूरा मामला क्या है :** दरअसल, नगर पालिका परिषद उरई में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर सभासदों ने डीएम राजेश कुमार पांडेय को ज्ञापन सौंपा था। इसके बाद डीएम के निर्देश पर 18 जून 2026 को अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) प्रेमचंद की अध्यक्षता में 3 सदस्यीय जांच समिति गठित की गई थी। समिति में तत्कालीन उपजिलाधिकारी / आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह राही को पदेन सदस्य तथा लोक निर्माण विभाग (प्रांतीय खंड) के अधिशासी अभियंता अमित सक्सेना को सदस्य बनाया गया था बाद में आईएएस रिंकू सिंह राही का स्थानांतरण उपजिलाधिकारी उरई के पद पर हो गया।इसके बाद जिलाधिकारी की स्वीकृति से जांच समिति का पुनर्गठन किया गया। अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) प्रेमचंद ने 17 जुलाई 2026 को आदेश जारी कर रिंकू सिंह राही के स्थान पर जालौन के वर्तमान उपजिलाधिकारी राकेश कुमार सोनी को समिति का पदेन सदस्य नामित कर दिया। इसके साथ ही जांच समिति में रिंकू सिंह राही की भूमिका समाप्त हो गई।



**आदेश के अनुसार रिंकू सिंह अब जांच समिति के सदस्य नहीं:** आरोप है कि समिति से हटाए जाने के बावजूद बुधवार को आईएएस रिंकू सिंह राही कुछ निजी व्यक्तियों के साथ नगर पालिका परिषद पहुंच गए और जांच से संबंधित अभिलेख देखने तथा उपलब्ध कराने की मांग करने लगे।इस पर अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील ने संशोधित प्रशासनिक आदेश का हवाला देते हुए कहा कि रिंकू सिंह राही अब जांच समिति के सदस्य नहीं हैं, इसलिए उन्हें जांच संबंधी अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए जा सकते। इसी बात को लेकर दोनों अधिकारियों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। अधिशासी अधिकारी का कहना था कि कार्यालय बंद होने का समय होने के कारण तत्काल सभी अभिलेख उपलब्ध कराना संभव नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि भीड़भाड़ के बीच यदि कोई सरकारी दस्तावेज गुम हो जाता है तो उसकी जिम्मेदारी तय करना मुश्किल होगा।

वहीं, बातचीत के दौरान आईएएस रिंकू सिंह राही ने अधिशासी अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें अपने पक्ष में करने और अनुचित तरीके से प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है* दूसरी ओर, मौके पर मौजूद लोगों ने पूरे घटनाक्रम की वीडियो रिकॉर्डिंग की। काफी देर तक चले विवाद के बाद स्थिति सामान्य हुई और रिंकू सिंह राही वहां से लौट गए। फिलहाल इस पूरे घटनाक्रम पर जिला प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

> ■ **रिंकू सिंह राही बोले- किस आदेश में लिखा है फाइल नहीं दिखाई जाएंगी, दिखा दीजिए; मैं तुरंत चला जाऊंगा**

**दोनों अधिकारियों को बीच हुई बातचीत:**

आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह राही ने कहा आदेश दिखाइए। आखिर किस आदेश में लिखा है कि मुझे अभिलेख नहीं दिखाए जाएंगे? कहां लिखा है कि मुझे अभिलेख नहीं देखने दिए जाएंगे। आप वह आदेश दिखा दीजिए, मैं तुरंत चला जाऊंगा। कृपया मुझे अभिलेख दिखा दीजिए।

ईओ राम अचल कुरील सर, आप इतने बड़े अधिकारी हैं। मैं आपसे किसी प्रकार की बहस नहीं करना चाहता। आपको जो भी लेना हो, ले लीजिए।

आईएएस अधिकारी- आप लिखकर दे दीजिए कि मुझे अभिलेख नहीं दिखाए जाएंगे। यदि कहीं भी ऐसा आदेश लिखा हुआ है कि मुझे अभिलेख नहीं देखने हैं, तो मैं बिना किसी आपत्ति के यहां से चला जाऊंगा। आज ही मैंने इस संबंध में पत्र भी लिखा है।

ईओ- नहीं सर, आप बहुत बड़े अधिकारी हैं। मैं आपसे बहस नहीं करना चाहता

IAS अधिकारी आप सहयोग नहीं कर रहे,

इसलिए मुझे इसकी रिपोर्ट लिखनी पड़ेगी। आप मुझे सेटिंग करने के लिए आए थे, लेकिन मुझे किसी तरह की सेटिंग पसंद नहीं है। आप चाहते थे कि मैं आपके साथ एडजस्ट करूं, लेकिन मुझे ऐसी चीजें स्वीकार नहीं हैं।

ईओ- नहीं साहब, हमने आपके लिए रिकॉर्ड उपलब्ध कराया था। आप यहीं बैठकर जांच कर सकते हैं। सभी अभिलेख यहीं देखकर जांच की जा सकती है। हम 22 से 26 तारीख तक के इतने सारे अभिलेख बाहर कैसे ले जाएँ? अगर फाइलें गायब हो गईं, तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा?"

आईएएस अधिकारी- आप लिखकर दे दीजिए कि मुझे

अभिलेख नहीं दिखाए जाएंगे। यदि कहीं भी ऐसा आदेश लिखा हुआ है कि मुझे अभिलेख नहीं देखने हैं, तो मैं बिना किसी आपत्ति के यहां से चला जाऊंगा। आज ही मैंने इस संबंध में पत्र भी लिखा है।

ईओ- नहीं सर, आप बहुत बड़े अधिकारी हैं। मैं आपसे बहस नहीं करना चाहता।

आईएएस अधिकारी- आप सहयोग नहीं कर रहे हैं।

इसलिए मुझे इसकी रिपोर्ट लिखनी पड़ेगी। आप मुझे सेटिंग करने के लिए आए थे, लेकिन मुझे किसी तरह की सेटिंग पसंद नहीं है। आप चाहते थे कि मैं आपके साथ एडजस्ट करूं, लेकिन मुझे ऐसी चीजें स्वीकार नहीं हैं।

ईओ- नहीं साहब, हमने आपके लिए रिकॉर्ड उपलब्ध कराया था। आप यहीं बैठकर जांच कर सकते हैं। सभी अभिलेख यहीं देखकर जांच की जा सकती है। हम 22 से 26 तारीख तक के इतने सारे अभिलेख बाहर कैसे ले जाएँ? अगर फाइलें गायब हो गईं, तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा?"

आईएएस अधिकारी- इसीलिए तो मैं यहां खुद आ गया हूं।

ईओ- सर, आप बैठ जाइए। आप स्वयं भी किसी से पूछ सकते हैं।

आईएएस अधिकारी- मैं डीएम साहब को पत्र जारी कर

चुका हूं। मैं यहां से नहीं जाऊंगा, यह मैं स्पष्ट कर रहा हूं।

इस दौरान मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने दोनों अधिकारियों से कहा, सर, दो मिनट बैठकर बात कर लीजिए... बैठ जाइए... बैठ जाइए।"

अधिशासी अधिकारी ने रिंकू सिंह राही से उच्चाधिकारियों के आदेश का पालन करने और संशोधित जांच समिति के निर्णय का सम्मान करने का अनुरोध किया। हालांकि दोनों पक्ष अपने-अपने तर्कों पर अड़े रहे। बाद में मौके पर मौजूद लोगों द्वारा पूरे घटनाक्रम की वीडियो रिकॉर्डिंग किए जाने के बाद स्थिति सामान्य हुई और रिंकू सिंह राही वहां से चले गए।

**जांच समिति में पहले ही हो चुका है बदलाव:** गौरतलब है कि 17 जुलाई 2026 को अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) प्रेमचंद द्वारा जारी आदेश के माध्यम से नगर पालिका परिषद उरई में अनियमितताओं की जांच के लिए गठित समिति का पुनर्गठन किया गया था। यह आदेश जिलाधिकारी जालौन की स्वीकृति के बाद जारी हुआ था।

कार्यालय डीएम के अभिलेखों के अनुसार, 18 जून 2026 को गठित 3 सदस्यीय जांच समिति में रिंकू सिंह राही सदस्य थे। उनके पद परिवर्तन के बाद उनकी जगह राही सदस्य थे। उनके पद परिवर्तन के बाद उनकी जगह वर्तमान उपजिलाधिकारी राकेश कुमार सोनी को समिति का पदेन सदस्य नामित किया गया। समिति के अन्य सदस्य पूर्ववत कार्यरत हैं।

नगर पालिका परिषद उरई में अनियमितताओं की जांच पहले से ही जिले में चर्चा का विषय बनी हुई है। ऐसे में जांच समिति से हटाए जाने के बाद भी रिंकू सिंह राही का नगर पालिका पहुंचना और वहां अधिशासी अधिकारी के साथ हुई बहस ने मामले को नई चर्चा दे दी है। हालांकि इस पूरे घटनाक्रम पर जिला प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

### भदोही जिले का नाम फिर होगा संत रविदास नगर

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को वाराणसी में गुरु पूर्णिमा पर संत गुरु रविदास को नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने बड़ी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने वाराणसी में बड़ा ऐलान किया और कहा कि भदोही का नाम फिर संत रविदास नगर होगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने संत रविदास नगर का नाम बदलकर भदोही कर दिया था। अब उसकी पुरानी पहचान फिर बहाल होगी। इसका नाम संत रविदास नगर होगा और इसी से कालीन नगरी की पहचान होगी।

## राज्य में संचालित स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूलों में नियुक्ति प्रक्रिया 6 माह में भी पूरी नहीं

लोकतंत्र की आवाज

**शिवराज बारवाल मीना**
**जयपुर/टोंक।** माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, बीकानेर द्वारा राज्य में संचालित स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालयों में विभिन्न पदों पर पदस्थापन के लिए जनवरी 2026 में शुरू की गई भर्ती प्रक्रिया छह माह बीत जाने के बाद भी पूरी नहीं हो सकी है। ऑनलाइन साक्षात्कार आयोजित हुए एक माह से अधिक समय गुजरने के बावजूद अब तक परिणाम एवं पदस्थापन आदेश जारी नहीं किए गए हैं, जिससे अभ्यर्थी शिक्षकों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।राजस्थान सिविल सेवा (अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में कार्मिकों की नियुक्ति के लिए विशेष चयन एवं सेवा की विशेष शर्तें) नियम, 2023 के तहत विभाग ने सत्र 2026-27 के लिए 8 जनवरी से 4 जून तक शाला दर्पण पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए थे।इसके बाद राज्यभर में माध्यमिक एवं प्रारंभिक शिक्षा विभाग के कार्मिकों के ऑनलाइन साक्षात्कार 22 से 25 जून तक आयोजित किए गए।

**राज्य में 134 मॉडल स्कूल संचालित:** राजस्थान में स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल योजना वर्ष 2014-15 में शुरू हुई थी। वर्तमान में राज्य के 134 मॉडल स्कूलों में कक्षा 6 से 12 तक लगभग 45,168 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। वहीं सत्र 2024-25 से कक्षा 1 से 5 तक की कक्षाएं भी शुरू की गई हैं, जिससे लगभग 26 हजार नए विद्यार्थियों को लाभ मिलने का प्रावधान किया गया है।

**दो बार आवेदन-फिर भी परिणाम का इंतजार:** पहले चरण में 14 से 23 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन लिए गए, जबकि दूसरे चरण में 5 से 8 जून तक अभ्यर्थियों से अधिकतम पांच विद्यालयों का विकल्प भरवाया गया।इसके बावजूद अब तक पदस्थापन सूची जारी नहीं की गई है।

साक्षात्कार का कार्यक्रम: * 22-23 जून: प्रधानाचार्य, प्राध्यापक एवं प्राध्यापक शारीरिक शिक्षा। * 22-25 जून: वरिष्ठ अध्यापक, पुस्तकालयाध्यक्ष, वरिष्ठ सहायक, अध्यापक लेवल-प्रथम, प्रयोगशाला सहायक, कंप्यूटर लैब इंचार्ज एवं कनिष्ठ सहायक।

**शिक्षक संघ की चेतावनी:** शिक्षक संघ रेसटा के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने कहा कि विद्यार्थियों के हितों को देखते हुए शिक्षा विभाग को शीघ्र परिणाम और पदस्थापन आदेश जारी करने चाहिए।यदि जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो शिक्षक संघ आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगा, जिसकी जिम्मेदारी शिक्षा विभाग की होगी।

## निवाई उप जिला अस्पताल में ASV इंजेक्शन नहीं-रेफर का मतलब कई बार मौत से जंग!

लोकतंत्र की आवाज

**शिवराज बारवाल मीना**
**टोंक/निवाई।** बारिश के मौसम में ग्रामीण क्षेत्रों में सर्पदंश (सांप काटने) की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे समय में निवाई उप जिला अस्पताल में सर्पदंश के उपचार के लिए आवश्यक एंटी स्नेक वेनम (ASV) इंजेक्शन की उपलब्धता नहीं होना गंभीर चिंता का विषय है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि उप जिला अस्पताल होने के बावजूद यदि सर्पदंश पीड़ित को प्राथमिक उपचार तक उपलब्ध नहीं हो पाता और उसे तुरंत जयपुर या टोंक रेफर कर दिया जाता है, तो उपचार में होने वाली देरी मरीज की जान पर भारी पड़ सकती है। कई मामलों में समय पर एंटी स्नेक वेनम नहीं मिलने से स्थिति गंभीर हो जाती है। बारिश के मौसम में गांवों,





खेतों और ढाणियों में सांप निकलने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, जिससे प्रतिदिन सर्पदंश के मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। इसके बावजूद अस्पताल में ASV इंजेक्शन जैसी जीवनरक्षक दवा की उपलब्धता नहीं होना स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े करता है।

क्षेत्रवासियों ने राज्य सरकार, स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि निवाई उप जिला अस्पताल में तत्काल पर्याप्त मात्रा में एंटी स्नेक वेनम (ASV) इंजेक्शन, प्रशिक्षित चिकित्सक तथा आवश्यक उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि सर्पदंश पीड़ितों को समय पर इलाज मिल सके और अनावश्यक रेफर की स्थिति से बचा जा सके। अब सवाल यह है कि आखिर निवाई के जनप्रतिनिधि और स्वास्थ्य विभाग इस गंभीर समस्या पर कब जागेंगे? आखिर कब तक सर्पदंश पीड़ितों को समय पर उपचार के अभाव में रेफर होने की मजबूरी झेलनी पड़ेगी?

## मकराना प्राइवेट स्कूल में साढ़े तीन साल की मासूम बच्ची के साथ दरिंदागी का मामला

लोकतंत्र की आवाज

**मकराना।** प्राइवेट स्कूल में साढ़े तीन साल की मासूम बच्ची के साथ दरिंदागी का मामला घटना की खबर फैलते ही लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और स्कूल के बाहर भारी हंगामा शुरू हो गया। लोगों ने सड़कें जाम कर दीं। उधर, जिला कलेक्टर ने कमेटी गठित की है, जो 3 दिन में अपनी जांच रिपोर्ट सौंपेगी। परिवार वालों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

बड़ी संख्या में स्थानीय लोग स्कूल के बाहर इकट्ठे हुए। भीड़ आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगी। रात 12 बजे तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर भीड़ ने मुख्य मंगलाना रोड सड़क पर धरना दिया। रातभर प्रदर्शनकारी स्कूल के सामने डटे रहे। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पूर्व विधायक श्रीराम भींचर और भाजपा



नेता प्रकाश भाकर प्रधान सुमित भीचर समेत कई जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों के साथ धरने पर बैठे रहे और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग उठाई। और स्कूल के सामने धरने पर बैठ गए। पुलिस ने मांगा 2 दिन का समय, तब खुला रास्ता मौके पर पहुंचे डीएसपी विक्की नागपाल और थानाधिकारी पंकज कुमार ने प्रदर्शनकारियों से बात की। पुलिस प्रशासन द्वारा आरोपी को पकड़ने के लिए 3 दिन का समय मांगने और सख्त कार्रवाई का आश्वासन देने के बाद दोपहर 1:00 बजे धरना समाप्त कराया गया।तीन दिन बंद रहेगा स्कूल डीएसपी विक्की नागपाल ने बताया- जिला कलेक्टर अवधेश मीणा ने एक कमेटी गठित की है। कमेटी तीन दिन में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। तब तक स्कूल बंद रहेगा। डीएसपी के अनुसार, परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। मासूम का मेडिकल करवाया गया है फिलहाल बच्ची आरोपी की पहचान नहीं कर पाई है।

## हाईकोर्ट ने जेवीवीएनएल के सहायक अभियंता का दूसरा तबादला आदेश किया निरस्त

लोकतंत्र की आवाज

**शिवराज बारवाल मीना**
**जयपुर/टोंक।** राजस्थान हाईकोर्ट ने जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जयपुर डिस्कॉम) के सहायक अभियंता (आरडीएसएस) विक्रम सिंह लोदी के एक ही दिन में दो बार किए गए तबादले के मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए निगम द्वारा जारी दूसरा तबादला आदेश निरस्त कर दिया है। न्यायालय ने निर्देश दिए हैं कि याचिकाकर्ता को टोंक में उनके वर्तमान पद पर ही कार्यरत रखा जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति गणेशराम मीणा की एकलपीठ ने अधिवक्ता लक्ष्मीकांत शर्मा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के बाद पारित किया।

> ■ **एक ही दिन में दो बार हुए तबादले पर हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी- टोंक में वर्तमान पद पर बनाए रखने के निर्देश**

**क्या है मामला ?:** याचिका के अनुसार, विद्युत विभाग की तबादला सूची में 10 जुलाई को सहायक अभियंता विक्रम सिंह लोदी का तबादला देवली से टोंक किया था, जिसके बाद उन्होंने 11 जुलाई को टोंक में कार्यभार ग्रहण कर लिया।इसी बीच विद्युत निगम ने उसी दिनांक का एक अन्य आदेश जारी कर उनका तबादला झालावाड़ जिले के पीड़ावा कर दिया, जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। विद्युत निगम की ओर से कोर्ट में कहा गया कि याचिकाकर्ता वर्ष 2010 से टोंक जिले में विभिन्न पदों पर कार्यरत रहे हैं और प्रशासनिक आवश्यकता के चलते उनका स्थानांतरण किया गया। वहीं याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि दूसरा तबादला आदेश दुर्भावनापूर्ण तरीके से जारी किया गया तथा उनके स्थान पर किसी अन्य अधिकारी की नियुक्ति भी नहीं की गई, जिससे दोहरे आदेश की मंशा पर प्रश्न खड़े होते हैं। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने जेवीवीएनएल का दूसरा तबादला आदेश निरस्त करते हुए एईएन विक्रम सिंह लोदी को टोंक में उनके वर्तमान पद पर बनाए रखने के निर्देश दिए। जानकारी अनुसार बताया गया है कि सहायक अभियंता विक्रम सिंह लोदी, निवाई-पीपलू से पूर्व कांग्रेस विधायक कमल बैरवा के पुत्र हैं।

## प्रताप नगर थाना प्रकरण: हाईकोर्ट ने 29 जुलाई को पुन: एसीपी सांगानेर को केस डायरी व सीसीटीवी फुटेज सहित तलब किया

लोकतंत्र की आवाज

**शिवराज बारवाल मीना**
**जयपुर/टोंक।** जयपुर के सांगानेर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्वाचन क्षेत्र में प्रताप नगर थाना इलाके से जुड़े चर्चित प्रकरण में राजस्थान उच्च न्यायालय में 28 जुलाई, मंगलवार को सुनवाई के दौरान माननीय न्यायाधिपति अनिल कुमार उपमन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए राजकीय अधिवक्ता को निर्देश दिए कि 29 जुलाई को दोपहर 2:00 बजे तक प्रकरण की केस डायरी, घटनास्थल एवं प्रताप नगर थाने के सीसीटीवी फुटेज के साथ जांच अधिकारी एवं एसीपी सांगानेर




न्यायालय में उपस्थित हों। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता भीम सिंह मीणा की ओर से राजस्थान उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सहित कार्यकारिणी एवं बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

**क्या है मामला ?:** याचिकाकर्ता अधिवक्ता भीम सिंह मीणा का आरोप है कि प्रताप नगर थाना क्षेत्र में पुलिसकर्मियों ने उन्हें अवैध रूप से हिरासत में लेकर जबरन पुलिस वाहन में बैठाया और प्रताप नगर थाने ले गए। इसी संबंध में उन्होंने संबंधित पुलिसकर्मियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई थी। इन आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर उन्होंने राजस्थान उच्च न्यायालय में धारा 528 बीएनएसएस (BNSS) के तहत प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया है। याचिका में मांग की गई है कि कथित घटना स्थल से लेकर प्रताप नगर थाने तक के मार्ग तथा थाने के सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखकर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए जाएं, ताकि घटनाक्रम की वास्तविकता का परीक्षण किया जा सके। साथ ही मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने का भी आग्रह किया गया है। इससे पहले न्यायालय ने मामले में दैनिक रोजनामचा और केस डायरी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। अब 29 जुलाई को होने वाली सुनवाई में न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत रिकॉर्ड और पुलिस पक्ष के आधार पर मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया की दिशा स्पष्ट होने की संभावना है।

> ■ **29 जुलाई दोपहर 2 बजे तक न्यायालय में पेश होने के निर्देश-अधिवक्ता भीम सिंह मीणा की ओर से हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सहित अधिवक्ताओं की मौजूदगी**

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।